वर्ष-31, अंक- 271, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
18 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### रांची में अफीम तस्करी में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के तुपदुना ओपी पुलिस ने अफीम तस्करी में शामिल दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना पर तुपुदाना ओपी क्षेत्र के वास्तु विहार, कैंपस (हरदाग) में दो व्यक्ति अफीम लेकर बेचने के फिराक मे खड़े है। सूचना के आधार पर हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए कैलाश मुंडा और सुगना मुंडा को तुपुदाना इलाके से गिरफ्तार किया। दोनों खूंटी जिले के रहने वाले हैं। उनके पास से 1.7 किलोग्राम अफीम और एक केटीएम बाइक बरामद किया गया है।

### पारा के लिए 100 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 14 पद रिजर्व रखें : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सहायक आचार्य नियुक्ति में नॉर्मलाइजेशन को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जेएसएससी को पारा शिक्षकों के लिए 100 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 14 पद रिजर्व रखने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने जेएसएससी को यह निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई तक आयोग से स्पष्ट दिशा निर्देश लेकर आए। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




## शहरी स्वच्छता में झारखंड के शहरों का दबदबा जारी

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25: देशभर में जमशेदपुर को तीसरा स्थान

● बुंडू को प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में मिला सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य ने लगातार विकास की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी क्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में 3-10 लाख तक की आबादी वाले स्वच्छ शहरों में झारखंड के जमशेदपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ और बुंडू को झारखंड के प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में चुना गया है।

गुरूवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मौजूदगी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 का परिणाम घोषित किया गया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति के अलावा


नगर विकास विभाग के सचिव को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य विभाग के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने झारखंड सरकार, राज्य के नगर विकास विभाग और प्रदेश के नागरिकों खासकर जमशेदपुर और बुंडू के नागरिकों को इस सम्मान के लिए बधाई दी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के कुछ अन्य श्रेणी में भी झारखंड के कई शहरों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। स्वच्छता के क्षेत्र में जमशेदपुर को पांच सितारा शहरों की सूची में शामिल किया गया है जबकि झारखंड के देवघर,जुगसलाई और चाकुलिया को वन स्टार रैंकिंग प्राप्त हुआ है। वाटर प्लस शहरों की सूची में जमशेदपुर को जगह मिली है। बुंडू,चिरकुंडा,राजमहल,साहेबगंज और देवघर को ओडिएफ प्लस श्रेणी में रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2016 में झारखंड की स्थिति बहुत प्रशंसनीय नहीं थी, लेकिन लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण 2017, 2018,2019, 2020, 2021, 2022, 2023 में राज्य की जनता और शहरी निकायों तथा राज्य सरकार के कुशल मार्गदर्शन में राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त किए हैं। वर्तमान समय में माननीय मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन तथा सफाईकर्मियों के प्रति संवेदनशीलता का ही नतीजा है कि आज राज्य के दो शहरों को स्वच्छता के क्षेत्र में ये सम्मान प्राप्त हुआ है। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन और नागरिकों के सहयोग को श्रेय देते हुए विभाग से अगले सर्वेक्षण में और बेहतर प्रदर्शन का

# सरकार आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी और हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। सोरेन गुरुवार को गिरिडीह परिसदन में बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने न अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतर्क और सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस


परिसदन में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं कल्पना सोरेन

दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकतार्ओं के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की स्थिति की समीक्षा की गई।

## पटना के पारस हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर का मर्डर

**पटना।** पारस अस्पताल में भर्ती गैंगस्टर चंदन मिश्रा की अपराधियों ने अस्पताल के अंदर घुसकर हत्या कर दी। गुरुवार को शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में अस्पताल के आईसीयू में घुसकर गोली मारी गई। 5 की संख्या में आए अपराधियों ने हॉस्पिटल के बाहर गाड़ी खड़ी की, अस्पताल में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने चंदन को शूट करने का वीडियो भी बनाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। मृतक का नाम चंदन मिश्रा है। चंदन, बेऊर जेल से पैरोल पर इलाज के लिए पारस अस्पताल आया था।

### जमीन घोटाला मामले में प्रियरंजन व विपिन को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी प्रियरंजन सहाय और विपिन सिंह की जमानत अर्जी पर झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद जस्टिस आर मुखोपाध्याय की कोर्ट ने दोनों को जमानत प्रदान कर दी। पूर्व में पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने प्रियरंजन सहाय और विपिन सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

### सर्पदंश से दो मासूम बच्चों की मौत

**धुरकी।** धुरकी प्रखंड के गनीयारी कला उर्फ पाटपानी कोरहटी टोला में नरेश भुईयां का 8 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार की मौत सर्पदंश से हो गयी। वहीं ग्राम टाटीदीरी निवाशी बिनु कुमारी उम्र 12 वर्ष की मृत्यु सर्पदंश से हो गयी। सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव और झामुमो युवा नेता धीरेंद्र कुमार यादव ने गनियारी कला उर्फ फाटपानी पहुंचे। परिवारवालों से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया। परिवार को झामुमो नेताओं ने समझा बुझाकर दोनों का पोस्टमार्टम के लिए पुलिस अपने कब्जे में लेकर गढ़वा भेजा दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, झामुमो युवा नेता धीरेंद्र कुमार यादव, मुखिया शंभू प्रसाद गुप्ता, रामजिवन यादव, कामेश्वर सिंह, भूखन राम, रामदास भुईयां, रामसरन सिंह, प्रदीप कोरवा, रामचंद्र राम,सुनिता देवी, बेचनी देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का बयान, कहा-

## झारखंड में सीएसआर फंड का नियंत्रण राज्य सरकार के पास हो

● हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर झारखंड में भी सीएसआर फंड के नियंत्रण का अधिकार राज्य सरकार का हो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के उपयोग को लेकर गंभीर चिंता जताई है। इस संबंध में उन्होंने मुख्य सचिव अलका तिवारी को गुरुवार को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर झारखंड में भी सीएसआर फंड के नियंत्रण का अधिकार राज्य सरकार का होना



चाहिए। पत्र में मंत्री ने उल्लेख किया कि हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री की अनुमति के बिना सीएसआर फंड की एक पैसा भी खर्च नहीं किया जाता है। इससे पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार की व्यवस्था झारखंड में भी लागू की जानी चाहिए ताकि फंड का वास्तविक उपयोग धरातल पर हो सके। वित्त मंत्री ने सीएसआर फंड के कथित दुरुपयोग पर भी सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बैंक और कॉर्पोरेट संस्थाएं सीएसआर मद से महंगे उपकरणों सीलिंग फैन, एसी, एलईडी स्क्रीन पुलिस लाइन और समाहरणालयों में लगवा रहे हैं, जो सीएसआर के मूल उद्देश्य से भटकाव है। उन्होंने कहा कि फंड का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, पोषण, गरीबी उन्मूलन और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना है, लेकिन कई बार यह सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाता है। मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कई संस्थाएं कागजों में ही सीएसआर खर्च दिखाकर इसका दुरुपयोग कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार यदि इस पर शेष पेज 11 पर...

### कोडरमा घाटी में सड़क हादसे में तीन की मौत

**कोडरमा।** जिले के रांची-पटना मुख्य मार्ग के कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल स्थित बन्दरचुआं के समीप गुरुवार की शाम हुए एक सड़क हादसा में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक घायल है। मृतकों की पहचान अकबरपुर (बिहार) निवासी 30 वर्षीय राहुल भुइयां, मेघातरी (कोडरमा) निवासी 13 वर्षीय अमित कुमार तथा काली मंडा (कोडरमा) निवासी 18 वर्षीय मोहित कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान मेघातरी, कुशहना निवासी 30 वर्षीय अमर भुइयां के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार कोडरमा प्रखण्ड के मेघातरी गांव के कालीमंडा से एक बाइक पर सवार होकर चार युवक ताराघाटी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कोडरमा की ओर से बिहार जा रही एक कंटेनर ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिस कारण दो युवकों की घटना स्थल पर मौत हो गई।

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे कल्याण मंत्री चमरा लिंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में मुलाकात कर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान लिंडा के साथ उनकी बेटी उपासना मरांडी भी मौजूद थीं। मंत्री चमरा लिंडा ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर दिशोम गुरु के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने मां सरना से प्रार्थना की कि झारखंड के इस महान रत्न को जल्द पूर्ण स्वस्थता प्राप्त हो और वह पूर्व की भांति हम सभी का मार्गदर्शन करते रहें।

## डाकघर से 9 करोड़ के गबन में सीबीआई ने सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर स्थित केके पॉलिटेक्निक उप डाकघर में 9 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले में सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को धनबाद स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले की जांच में यह बात सामने आई कि तत्कालीन सब पोस्टमास्टर सुमित कुमार सौरभ पूरे घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता है। प्रारंभिक जांच के आधार पर सीबीआई ने सुमित सौरभ सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी।

**पहचान छिपा कर 20 साल गुजारने के बाद सीबीआई ने पकड़ा :** छानबीन में यह पाया गया कि डाकघर कर्मियों ने खाताधारकों की रकम में हेराफेरी कर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया। जांच में फर्जी वित्तीय लेनदेन, कागजातों में हेरफेर और बैलेंस शीट में गड़बड़ी सामने आई। सीबीआई की गहन पूछताछ में अन्य कर्मचारियों की भी संलिप्तता उजागर हुई, जिसके आधार पर कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच जारी है।

## डीआईजी नौशाद आलम ने रंका अनुमंडलीय पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

● दस्तावेजों की समीक्षा में मिली खामियां, अगली बार तक सुधार नहीं होने पर सर्विस रिकॉर्ड में दी जाएगी प्रतिकूल टिप्पणी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने गुरुवार को रंका स्थित अनुमंडलीय पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।



कार्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह भी मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने पुलिस कार्यालय से संबंधित सभी अभिलेखों, केस डायरी और अन्य प्रशासनिक दस्तावेजों की गहन जांच की। कई कागजात व्यवस्थित और अद्यतन मिले, लेकिन कुछ दस्तावेजों में अद्यतन की कमी पाई गई।

शेष पेज 11 पर...

**इंडिया**

## एल वन से सस्ते के बजाय विश्वस्तरीय पुल बने और निर्माता से गारंटी ली जाए


**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

एल वन यानी सबसे कम में सरकारी काम का फ़ॉर्मूला अब घटिया निर्माण या आपूर्ति का पर्याय बन गया है जिससे सरकारी खजाने की बचत नहीं होती और एक ही काम बार-बार कराना पड़ता है । अक्सर लोग सवाल उठाते हैं कि अंग्रेजों के समय बने पुल या इमारत अभी तक सही सलामत हैं जबकि हमारे राज्य या देश में उदघाटन से पहले इनके धंसने के भी मामले हैं। ऐसा क्यों है इसके मूल में जाएंगे तो पता चलेगा कि आजादी के पहले सबसे सस्ते जैसी अवधारणा नहीं थी बल्कि श्रेष्ठ काम को प्राथमिकता दी जाती थी । कुछ लोगों ने सरकारी खजाने में बचत के लिए सबसे कम की अवधारणा शुरू की जो सुनने में अच्छी लगती है पर यहीं से धालमेल शुरू हुआ। कुछ धूर्त और बेईमान लोगों ने घटिया निर्माण को भी रिश्वत देकर पास कराना शुरू किया और उसके बाद यह चलन में आ गया। यदि तकनीकी मानक तय कर दिए जाएं और किसी भी निर्माता या आपूर्तिकर्ता को गारंटी की शर्तों से बांधा जाए तो इसपर रोक लग सकती है और सही अर्थों में जनता के पैसों की बचत हो सकती है क्योंकि एक ही काम बार-बार नहीं करानी पड़ेगी। गुजरात में वडोदरा के नजदीक नौ जुलाई को गंभीरा पुल का टूटने की घटना में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई यह भारत के आधारभूत ढांचे के विकास में गड़बड़ी की दुखद गाथा है । 2022 में गुजरात में मोरबी पुल का गिरना, 2016 में महाराष्ट्र का महाड पुल हादसा और 2016 में कोलकाता में विवेकानंद फ्लाईओवर का ढहना-ये सभी हादसे नौकरशाही की निष्क्रियता और आम लोगों के प्रति राजनीतिक उदासीनता के उदाहरण हैं।चार दशक पुराने गंभीरा पुल पर हादसे के बारे में स्थानीय निवासी लंबे समय से चेता रहे थे कि वाहनों के गुजरने पर गंभीरा पुल हिलता है और मोरबी हादसे के बाद भी ऐसी चेतावनी दी गई थी। नया पुल बनाने के लिए सर्वेक्षण किए गए, डिजाइन तैयार हुए, फिर भी जीर्ण-शीर्ण संरचना को खुला रखा गया और सतही मरम्मत की गई। जर्जर पुल पर यातायात की अनुमति देने का निर्णय लापरवाही को ही दर्शाता है। पुल बंद करने पर व्यापार प्रभावित होता और जनता नाराज हो सकती थी-ये ऐसे विचार हैं, जो अल्पकालिक दृष्टिकोण से संचालित प्रणाली में सुरक्षा से अधिक महत्वपूर्ण होते हैं।वर्ष 2023 में मुंबई के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे की सड़क धंसने से उसमें एक बस



समा गई और यात्रियों को चोटें आई थीं, जबकि 2024 में ऐसा ही हादसा दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में हुआ, जिससे कई दिनों तक यातायात बाधित रहा था। पुल ढहने जैसी ये घटनाएं रखरखाव की लापरवाही और चेतावनियों की अनदेखी को उजागर करती हैं।भारत में बुनियादी ढांचे का संकट प्रणालीगत है। वर्ष 2017 में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कराए गए सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित 6,500 से ज्यादा पुल 'क्षतिग्रस्त' अवस्था में थे, इनमें सौ साल से भी अधिक पुराने 20 पुलों को तत्काल बंद किया गया। पिछले साल मंत्रालय की ओर से लोकसभा में बताया गया कि 'पुलों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए दृश्य और उपकरण-आधारित आवधिक निरीक्षण, मूल्यांकन और निगरानी अनिवार्य कर दी गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विभिन्न घटकों की संरचनात्मक अखंडता समय पर मरम्मत/पुनर्वास हस्तक्षेप के माध्यम से बनाए रखी जाए।'मोरबी के झूला पुल या कोलकाता के विवेकानंद फ्लाईओवर की तरह गंभीरा पुल के बारे में भी पहले से संकट की जानकारी थी। गंभीरा पुल में होने वाला कंपन उतनी ही बड़ी चेतावनी थी, जितनी कि मुंबई की सड़कों के धंसने से पहले आईं दरारें। इसका मुख्य कारण एल वन के तहत तय कम लागत है। भारत का तेजी से होता शहरीकरण आधुनिक बुनियादी ढांचे की मांग करता है, लेकिन हल्के भार के लिए बने गंभीरा जैसे पुलों का पर्याप्त पुनर्निर्माण शायद ही कभी किया जाता है। मुंबई की सड़कें अक्सर पुरानी जल निकासी प्रणालियों के कारण धंस जाती हैं, जो उपेक्षा को दर्शाती हैं। घटिया निर्माण, बेतरतीब रखरखाव और भ्रष्टाचार इन त्रासदियों में योगदान देते हैं। मोरबी के बाद की जांच में लापरवाहीपूर्ण निगरानी को दोषी ठहराया गया, फिर भी कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं हुआ। गंभीरा हादसे की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, लेकिन आशंका है कि पहले की तरह इसकी रिपोर्ट भी दबा दी जाएगी और जिम्मेदार अधिकारी बच निकलेंगे। राज्य सरकार ने हादसे के तत्काल बाद मुआवजे का एलान कर दिया, ताकि लोगों का ध्यान प्रणालीगत सुधारों से भटक जाए और मौद्रिक मरहम-पट्टी पर चला जाए।राहत की अपेक्षा दिखावे को प्राथमिकता देने की संस्कृति सर्वव्यापी है। झारखंड में भी कई पुल धंसे दुर्घटना भी हुई पर कार्रवाई क्या हुई किसी को पता नहीं। हर काम के पहले यदि पश्चिमी देशों की तरह रिसर्च हो कि पिछले काम में क्या कमी थी या पुल धंसने की घटना दुबारा नहीं हो इसके लिए विशेषज्ञ क्या कहते हैं जैसी बातों पर ध्यान दिया जाए तो भारत विकसित देश बन सकता है।

## श्रावणी मेला में 8.70 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर किया जलार्पण : डीसी



**देवघर।** श्रावणी मेले में 10 जुलाई से अब तक कुल आठ लाख 70 हजार 53 कांवड़ियों ने बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण किया है। साथ ही शीघ्र दर्शनम् कूपन के माध्यम से 14 हजार 958 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण किया है। यह जानकारी उपायुक्त नमन प्रियेस लकडा और और एसपी अजीत पीटर डुंगडूंग ने संयुक्त रूप से गुरुवार को प्रेस वार्ता में दी। प्रेस वार्ता का आयोजन राजकीय श्रावणी मेला स्थित आरएल सर्राफ स्थित अस्थाई मीडिया सेंटर में किया गया था। उपायुक्त ने बताया कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में कुल 564 मजिस्ट्रेट और पदाधिकारियों के अलावा 9650 पुलिस बल की संख्या में प्रतिनियुक्त किये गये हैं। साथ ही चार सीआरपीएफ की कम्पनी, दो पुलिस अधीक्षक, सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त हैं। आगे मेला में 101 स्थानों पर आवासन की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। साथ ही मेला में कार्यरत कुल चिकित्सकों की संख्या 81 और पारा मेडिकल स्टाफ की संख्या 449 है। वहीं सामान्य एम्बूलेंस 24, 108 एम्बुलेंसों की संख्या 26 और जीप की संख्या पांच है। उन्हों ने बताया कि मेने के दौरान 25620 बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिलायी गयी और 20 हजार 188 मरीजों का ईलाज किया गया। उपायुक्त ने बताया कि बाबा मंदिर में 11 से 15 जुलाई कुल आय 50 लाख 54 हजार 784 रूपये हुई।

## खेल मैदान को अतिक्रमण से बचाने की गुहार



**हुसैनाबाद।** मथुरा उन्चांगल विद्यालय दंगवार से शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं ने मथुरा उचांगल विद्यालय दंगवार के खेल मैदान को अतिक्रमण से बचाने को लेकर गुरुवार को हुसैनाबाद एसडीओ के नाम सहायक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने एसडीओ के नाम लिखे गए ज्ञापन में कहा है कि वह इसी विद्यालय के खेल मैदान में शुरू से आज तक खेलते आ रहे है। 5 एकड़ से अधिक भूमि दानदाता के द्वारा दिया गया था। जिसपर विद्यालय भी मौजूद है। युवाओं ने अनुमंडल पदाधिकारी से मथुरा उचान्गल विद्यालय दंगवार के खेल मैदान की भूमि को अतिक्रमण से बचाने की गुहार लगाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर के अलावा दर्जनों युवा शामिल थे।

### सोन नदी में बढ़ सकता है जलस्तर, प्रशासन ने शुरू की बचाव की तैयारी

# देवरी-दंगवार के तटवर्ती गांवों के लिए अलर्ट जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लगातार हो रही भारी बारिश और विभिन्न जलाशयों से छोड़े जा रहे पानी के कारण सोन नदी का जलस्तर कभी भी खतरनाक स्थिति तक पहुंच सकता है। इसे देखते हुए हुसैनाबाद अनुमंडल प्रशासन ने देवरी और दंगवार ओपी क्षेत्र अंतर्गत देवरी कला और दंगवार गांव समेत सोन नदी के तटवर्ती इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। प्रशासन की सबसे बड़ी चिंता सोन नदी के बीचोंबीच स्थित डीला (टापू) पर रह रहे ग्रामीणों को लेकर है, जो मिट्टी के जमाव पर बनी टीलों पर झोपड़ियों में अस्थायी रूप से रहकर खेती-बारी और पशुपालन करते हैं। संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए इन्हें गांवों में सुरक्षित स्थानों पर लाने का प्रयास तेज कर दिया गया है।

**चार से पांच दिन में पलामू क्षेत्र में पहुंचेगा पानी**

मध्यप्रदेश के बाणसागर डैम से मंगलवार को 1,२6,086 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो लगभग चार से पांच दिन में पलामू क्षेत्र में पहुंच सकता है। इसके अलावा इंद्रपुरी बराज पर ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से 79,978 क्यूसेक पानी का प्रवाह हो रहा है, जबकि उत्तरप्रदेश के रिहंद जलाशय से 6,576 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, बाणसागर से छोड़ा गया पानी एक सप्ताह में इंद्रपुरी बराज तक पहुंचेगा, जिससे सोन नदी में जलस्तर और अधिक बढ़ने की संभावना है। हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता स्वयं तटवर्ती गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों को संभावित खतरे के प्रति जागरूक कर रहे हैं। गुप्ता ने बताया कि गांवों में माइक के माध्यम से भी लगातार प्रचार कराया जा रहा है ताकि लोग अलर्ट रहें और अनावश्यक रूप से नदी के करीब न जाएं।

**बचाव दलों को रखा गया है अलर्ट मोड पर**

पिछले वर्ष सितंबर माह में देवरी कला के डीला पर रहने वाले २० लोग अचानक बढ़े जलस्तर में फंस गए थे, जिन्हें प्रशासन ने समय रहते रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया था। इस बार ऐसी कोई आपात स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए प्रशासन ने राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट मोड में रखा है और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था अभी से की जा रही है। डीला पर रह रहे ग्रामीणों के पास इस समय भोजन और पेयजल की कोई कमी नहीं है, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बारिश की गति और जलस्तर बढ़ने की दिशा को देखते हुए उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाएगा। सोन नदी के जलस्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और ग्रामीणों को भी किसी प्रकार की लापरवाही से बचने की सलाह दी गई है।

### पतरातू-सोननगर तीसरी रेल लाइन परियोजना

# नवनिर्मित दो रेल उपखंडों पर स्पीड ट्रायल सफल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जनक कुमार गर्ग ने बुधवार को 291 किलोमीटर लंबे पतरातू-सोननगर तीसरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत धनबाद एवं डीडीयू मंडल के दो अलग-अलग रेल उपखंडों का मोटर ट्रॉली और स्पेशल ट्रेन से निरीक्षण और सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल किया गया। उन्होंने धनबाद मंडल में कुमण्डीह-बेन्दि रेलखंड के 6.737 किलोमीटर लंबे नई तीसरी रेल लाइन के निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के इस अवसर पर धनबाद मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। वहीं, डीडीयू मंडल के अंतर्गत मोहम्मदगंज-उंटारी रोड रेलखंड की लगभग 11 किलोमीटर लंबी नई तीसरी रेल लाइन का भी निरीक्षण एवं सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल किया। इसमें उनके साथ डीडीयू मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। इस दौरान उन्होंने सतबहिनी स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि सोननगर से मोहम्मदगंज तक तीसरी लाइन पहले से कार्यरत है। बताया गया कि मुख्य रेलवे सुरक्षा आयुक्त के निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल उपरांत उनके अनुमोदन के पश्चात इन नई लाइनों के चालू हो जाने से माल एवं यात्री यातायात के लिए परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। जिससे रेलवे सेवाओं में और अधिक गति व सुविधा प्राप्त होगी।

# उपाधीक्षक ने किया पीएचसी व एचएससी का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक डॉ. विनेश राम ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी में डॉ. राकेश रंजन व सभी कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने एक टीबी के मरीज से पूछ ताछ किया। पता चला की टीबी की दवा देने वाले कर्मचारी की प्रतिनयुक्ति देवघर श्रावणी मेला में हो जाने की वजह दावा नहीं मिल रही है। उन्होंने तत्काल किसी दूसरे कर्मचारी को इसका प्रभार देकर दवा का प्रतिदिन वितरण की व्यवस्था करने का निर्देश पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी को बताया कि अस्पताल आने वाले मरीजों को वह मौजूद सेवाएं दें। उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई पर भी ध्यान देने की हिदायत की। उपाधीक्षक विनेश राम ने करीमंडी स्वास्थ्य उप केंद्र का भी निरीक्षण कर एएनएम को कई निर्देश दिए। उपाधीक्षक डॉ. विनेश राम ने प्रखंड क्षेत्र में चल रहे बिना रजिस्ट्रेशन अवैध क्लिनिकों की जांच भी की। उन्हें क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन के साथ क्लीनिक का संचालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जिला के निर्देश पर टीम गठित कर जांचोपरांत अवैध क्लिनिको व नर्सिंग होम पर कार्रवाई की जायेगी। उपाधीक्षक के साथ कई अधिकारी भी शामिल थे।

### बाढ से बचाव के लिए बने तटबंध

# प्रभावितों को मिले मुआवजा : उपप्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** उप प्रखंड प्रमुख नगीना सिंह ने हर बार के बाढ से बबार्दी को रोकने के लिए कोयल नदी तटवर्ती सहार विहरा और पंसा गांवों के पास तटबंध निर्माण की जरूरत बताया है। साथ ही बाढ से प्रभावित ग्रामीणों और किसानों को उनको हुई क्षति का आकलन कराकर मुआवजा भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बीडीसी की बैठक के साथ ही संबंधित अधिकारियों के बीच इस मुद्दे पर बात रखने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि बीते साल भी 3 अगस्त और इस साल 19 जून व 16 जुलाई को भी सहार विहरा और पंसा गांव में बाढ का पानी घुस गई थी। इस दौरान बाढ से गोलू मेहता, बिगन, दशरथ, रेखा, विजय और लालू प्रसाद मेहता व अन्य कई ग्रामीण व किसान प्रभावित होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार की इस समस्या का समाधान तटबंध निर्माण से ही संभव हो सकता है।

# मुखिया के प्रयास से निकला जलजमाव का हल

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के लेस्लीगंज पंचायत की मुखिया रेखा देवी एवं समाजसेवी छोटेलाल सोनी के सहयोग से बाबुदुम्बी के लोगों के लिए विगत 2 वर्षों से परेशानी का कारण बने जलजमाव का समाधान निकाला गया। छोटेलाल सोनी ने समस्या स्थल पर पहुंचकर इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी केरकेट्टा और अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह को दी। वहीं उनसे स्थल पर आने का आग्रह किया। वहीं दोनों पदाधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर जलजमाव का मुआयना किया। तत्काल पदाधिकारीयो एवं मुखिया के निर्देश पर जेसीबी बुलाया गया और नाली खोद कर पानी नहर में निकालने की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही उन्होंने आने वाले दिनों में पक्के नाली के निर्माण का भी आश्वासन दिया। प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में दुर्गा प्रसाद तिवारी, मिथिलेश तिवारी, रूपन भुईयां, सकेंद्र पासवान, प्रदीप भुईयां, मनजीत भुईयां, पप्पू सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

### राष्ट्रीय मेधा छात्रवृति प्रतियोगी परीक्षा का आया परिणाम


# हुसैनाबाद के आठ परीक्षार्थी सफल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बुधवार को देर शाम घोषित राष्ट्रीय मेधा छात्रवृति प्रतियोगी परीक्षा के परीक्षाफल में झारखंड के हुसैनाबाद शहर स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में वर्ग आठ सम्प्रति नौंवी के छात्र दीपक सोनी प्राप्त अंक 87,जूली कुमारी 83, शिवांश कुमार कश्यप 83 और अभिमन्यु गुप्ता 94 और वहीं सुदूरवर्ती गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी के अनुज कुमार यादव 115 अंक, अविनाश कुमार 97, रितिक राज 88 व प्रिंस कुमार के विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद वरीय शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, राजेश प्रसाद सिन्हा, सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश एवं अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी,सचिव निर्मल कुमार,प्रखंड कार्यकारिणी के सदस्यों ने चयनित छात्रों को बधाई दी है और उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कोयल नदी का जलप्रवाह घटकर 91600 क्यूसेक हुआ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोयल नदी का जलप्रवाह घटकर गुरुवार को 91600 क्यूसेक हो गया है। अब भीमबराज के 24 गेट ही खोले गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया फिलहाल बाढ का भयानक मंजर टल गया है। स्थिति पर उनके साथ ही सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार और जेई निर्भय कुमार, शुभम राज व निर्भय कुमार नजर रख रहे हैं। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। मुख्य नहर का जलप्रवाह अभी भी बंद रखा गया है। बता दें कि उपरी जल ग्रहण क्षेत्र और आसपास में हो रही भारी बारिश से बुधवार को एक बार फिर आई बाढ की वजह से भीमबराज के 40 में 38 गेट खोल दिए गए थे। इससे कोयल नदी के डाउन स्ट्रीम में अबतक का सर्वाधिक जलप्रवाह 2.7 लाख क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया था। इस बार के जलप्रवाह ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। बीते साल 3 अगस्त को कोयल नदी में 1.24 लाख क्यूसेक ही जलप्रवाह दर्ज हुआ था। तब भी भीमबराज के 40 में 38 गेट खोलना पड़ा था। इसके बाद चालू वर्ष के 19 जून को 2.5 लाख क्यूसेक जलप्रवाह को लेकर भी 40 में 38 गेट खोल दिए गए थे।

# रेहला ग्रासिम सीएसआर के तहत किसानों को दिया गया प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में ग्रासिम सीएसआर के द्वारा कृषि विकास कार्यक्रम के अंतर्गत रेहला के विशुनपुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में एकदिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां संस्थान के आसपास के किसानों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। रांची बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित चियांकी डाल्टनगंज स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार के द्वारा किसानों को खरीफ फसलों के प्रबंधन, उनकी बुवाई, खरपतवार नियंत्रण, उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई एवं उनसे जुड़ी विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को खेती के साथ-साथ अन्य आमदनी बढ़ाने वाले कृषि प्रणाली जैसे उन्नत किस्म के टिशु कल्चर के द्वारा उगाए गए फलदार व इमारती पौधों की बागवानी से संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें पलामू जैसे क्षेत्र के लिए बेहद कम पानी में होने वाले उच्च गुणवत्ता वाले कुछ फलदार पौधे, जिनके फलों की बिक्री दर व मांग बाजार में काफी ज्यादा है। उसके बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। श्री प्रमोद कुमार ने पलामू के कुछ प्रगतिशील किसानों के द्वारा किए जा रहे नई तरह की बागवानी पद्धति व खेती के बारे में बताया व किसानों को उनके यहां जाकर भ्रमण करने के लिए भी आमंत्रित किया। जिससे कि वहां देख समझ कर उस कृषि प्रणाली का अनुसरण करें व अपने आमदनी को बढ़ा सकें। वहीं कार्यक्रम में किसानों के बीच खरीफ फसल के बीज भी वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 63 महिला व पुरुष किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्रासिम, रेहला के जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार, ग्रासिम सीएसआर के अनिल गिरि सहित जन सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्तागण, डॉ प्रेम प्रकाश पांडेय, मो कैफ, आफताब अंसारी, मारुति नंदन त्रिपाठी सहित आसपास के विभिन्न लोग मौजूद थे।

## भाजपा के प्रदेश नेताओं का किया जोरदार स्वागत

**हैदरनगर।** भाजपा के चर्चित नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे के निधन पर झारखंड प्रदेश के कई शीर्ष नेताओं ने मृतक के घर पहुंचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। प्रदेश भाजपा की टीम में कर्मदेव सिंह संगठन मंत्री, मनोज सिंह महामंत्री, पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, पूर्व सांसद प्रत्याशी सह अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइंया आदि शामिल थे। उन्होंने मृतक के शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में समस्त परिजनों को धैर्य रखने की जरूरत है। इसके भाजपा की टीम हैदरनगर स्थित राजपूतान टोला में भाजपा कार्यकर्ता अनिल सिंह की माता के भोज कार्यक्रम में शामिल होकर मृतका के समस्त परिजनों का हौसला बढ़ाया। यहां से हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय स्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति रविन्द्र कुमार सिंह के आवास पर इनका समूह के पहुंचते ही फूलमाला से जोरदार स्वागत किया गया।

# भारी बारिश से फिर बह गई पुलिया



**पठारी गांवों में वाहनों से आवागमन हुआ बंद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भारी बारिश की वजह से बुधवार की देर शाम कच्ची सड़क में ग्रामीणों के सहयोग से बनी पुलिया फिर बह गई। इससे मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य मार्ग से जुड़े प्रखंड मुख्यालय के उत्तर-पूरब दिशा के कई पठारी गांवों में वाहनों से आवागमन एक बार फिर से बंद हो गया। इनमें इस प्रखंड के रामनगर, राजनडीह, झरीवा, नदीपर, गोलापत्थर, माहुर,भरूही के अलावा हुसैनाबाद प्रखंड के लोहबंधा, फटहा, जीतामाटी व अन्य कई गांव शामिल बताए जाते हैं। जहां वाहनों से पहुंचने के लिए राजनडीह-महुडंड पीएमजीएसवाई सड़क की सुविधा उपलब्ध है। इससे कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ से संपर्क के दो अलग-अलग रास्ते हैं। इनमें पहला दायीं मुख्य नहर के दायें किनारे से पदारथडीह होकर काशीस्रोत रेलवे पुल के नीचे से और दूसरा रामनगर के ग्रामीणों के सहयोग से राजनडीह तक बनी कच्ची सड़क निर्माण शामिल हैं। इसी दूसरे रास्ते में राजबारा नदी पर बनी पुलिया इससे पहले की भारी बारिश में भी टूट गई थी। जिसकी मरम्मत का काम शनिवार को ही पूरा कर वाहनों से उक्त गांवों से प्रखंड व अनुमंडल कार्यालय, बाजार, हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन तक आवागमन सुगम हो गया था। इस पुलिया की जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से मोरम डलवाकर राम जन्म राम, अरविन्द राम,विजय कुमार, उपेन्द्र कुमार, अनुज कुमार अमर कुमार, विष्णुदेव पासवान, पंचु रजवार (विधायक प्रतिनिधि), दीपक कुमार, उदल सिंह, बिंगन सिंह, आकाश कुमार, उमेश कुमार और सतेन्द्र यादव सहित अन्य कई ग्रामीणों ने खुद के सहयोग से मरम्मत कराई थी।

# सीओ ने किया खाद बीज दुकान का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रखंड के खाद, बीज, दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में खाद बीज दुकानदारों को उन्होंने दुकान में खाद व बीज की कीमत संबंधी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। किसानों को सही कीमत में खाद व बीज आदि विक्रय करने को कहा। इस क्रम में सीओ ने दुकानों में उपलब्ध खाद, बीज, स्टॉक पंजी, बिक्री पंजी, मूल्य तालिका, पॉश मशीन का निरीक्षण रूपेश किसान बीज भंडार, किसान सहित कई बीज दुकानों में जांच किया। सभी दुकानों में वितरण पंजी व स्टॉक पंजी का मिलान कर दुकान में उपस्थित पॉश मशीन से इसकी जांच की गयी। उन्होंने दुकानदार को बगैर आधारकार्ड के खाद बिक्री नहीं करने को कहा। जिससे कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी खाद-बीज दुकानदार अपने दुकान की लाइसेंस की कॉपी दुकान में रखें। जिससे कोई भी पदाधिकारी निरीक्षण के क्रम में उसका अवलोकन कर सके। साथ ही चेतावनी दी कि आगे पुनः जांच के क्रम में किसी भी दुकान में नियमानुसार कोई भी कमी मिली तो संबंधित दुकानदार का लाइसेंस स्थगित व रद्द करने की अनुशंसा जिले के उच्चाधिकारियों से की जायेगी। निरीक्षण में प्रभारी कृषि पदाधिकारी अशफाक अहमद शामिल थे।

## कार से 20 पेटी देसी शराब जब्त

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हुसैनाबाद के जपला नवीनगर मुख्य रोड के दरूआ मोड़ के समीप पुलिस ने 20 पेटी देसी शराब बरामद की है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में एक वेगनआर गाड़ी (पंजीयन संख्या बीआर 02ए-18012) से 20 पेटी टनाका देसी शराब बरामद की गई है। वाहन को जब्त कर लिया गया है एवं मामले में अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पलामू पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## 5 दिनों से लापता अरमान का नहीं मिला सुराग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के केवाल गांव निवासी शमीम अहमद का 16 वर्षीय पुत्र अरमान खान गत 13 जुलाई की शाम से लापता है। स्वजनों ने सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं लग सका है। अरमान खान की माता अकलीमुन निशा ने हैदरनगर थाना प्रभारी को एक आवेदन देकर कहा है कि उनका पुत्र अरमान खान 13 जुलाई की शाम घर से बाहर निकला था। काफी देर होने पर खोजबीन किया गया। लेकिन उसका पता नहीं चल सका है।

उन्होंने अपने सभी रिश्तेदारों से भी पता कर लिया है। अरमान के स्वजनों ने बताया कि अरमान के पास मोबाइल फोन भी नहीं है। वह उजला गुलाबी शर्ट और ब्लू जींस पैंट पहने हुए है।

इस संबंध ने हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि बच्चा कहीं चला गया होगा। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है।

किसी व्यक्ति को इनके संबंध में जानकारी मिलने पर मोबाइल नंबर 9431706257 या स्वजन के नंबर 6207476398 पर जानकारी देने की अपील की है।

कार्यक्रम

### डाक मेला में डीडीएम ने दिया लक्ष्य

# 1 करोड़ प्रीमियम जमा कराने का दिया लक्ष्य




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू प्रमंडल अन्तर्गत जपला मुख्य डाकघर के द्वारा महावीर भवन में डाक जीवन बीमा व ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए आयोजित डाक मेला का आयोजन किया गया। रांची से पहुंचे डीडी एमपीएलआई अमित कुमार ने डाक मेले का उद्घाटन किया। हुसैनाबाद सबडिवीजन अन्तर्गत आने वाले विश्रामपुर सहित 90 शाखा के डाकघरों में कार्यरत सभी डाककर्मियों को आगामी 25 जुलाई तक एक करोड रुपये प्रीमियम जमा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग द्वारा पूरे देश में डाक जीवन बीमा व ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए एक अभियान चला रखा है। जिसमें 25 जुलाई को लॉगिन कर प्रीमियम जमा करना है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य निर्धारित करने वाले कर्मियों को इंसेंटिव व पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम को पलामू प्रमंडल के डाक अधीक्षक संजय कुमार संगम, नगर उंटारी के डाक निरीक्षक उत्तम कुमार हुसैनाबाद के डाक निरीक्षक रंजन कुमार ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अरविन्द कुमार ओझा एपीएम डालटनगंज, जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी अभिषेक प्रभाकर,जपला सीएफ के राजेश कुमार, हैदरनगर के विनोद चौधरी, मोहमदगंज के रत्नेश कुमार, विश्रामपुर के संतोष गुप्ता, अनिल ओझा, रवि कुमार, अमित कुमार सिंह,पपू कुमार, सुधीर कुमार सिंह,धीरेन्द्र कुमार, शशिकांत, ज्योति प्रसाद, कुलदीप कुमार, श्रवण कुमार, सुरेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र नाथ गुप्ता,डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, अरुण सिंह, सुधीर ठाकुर, संतोष ठाकुर सहित बड़ी संख्या में डाककर्मी व अभिकर्ता उपस्थित थे।

## सवारी ट्रेनों के शौचालय में पानी नहीं रहने से परेशान रहे यात्री

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल अंतगत बीडी रेलखंड पर परिचालित सभी सवारी ट्रेनों की हालात बद से बदत्तर बनी है। ऐसी बात भी नहीं इस हालात से कोई भी जनप्रतिनिधि अनभिज्ञ हैं। इस रेलखंड पर बरकाकाना से वाराणासी ईएमयू और बरकाकाना से डेहरी ऑन सोन बीडीएम, बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन तक शटल और डीजीआर चार सवारी ट्रेनों का परिचालन होता है। इन ट्रेनों में किसी भी यात्री को शौचालय जाने की जरुरत भी हो जाये तो इसमें पानी नहीं मिलने पर दूसरे बोगी के शौचालयों में पानी मिलने की आस में भागदौड़ शुरू हो जाती है।

## सतीश कुमार को जिला प्रभारी बनाए जाने पर दी बधाई

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने सतीश कुमार को पलामू जिला प्रभारी नियुक्त किया है। जिला प्रभारी बनाए जाने पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा व राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी के कार्यकर्ताओं ने नयी मुहल्ला स्थित आवास पर पहुंच कर बधाई व शुभकामनाएं दी। लोगों ने उम्मीद जतायी कि सतीश कुमार को प्रभारी बनाए जाने से मोर्चा व एकेडमी को भी मजबूती मिलेगी। मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने कहा कि मोर्चा के पदाधिकारी व एकेडमी से जुड़े खेल प्रेमियों में हर्षोल्लास है। सतीश कुमार ने कहा कि आपका स्नेह को बेकार नहीं जाने देंगे। पलामू आंदोलनकारी व आंदोलन का मॉडल बने, यही हमारा प्रयास होगा। बधाई देने वालों में दाउद केरकेट्टा, राजू कुमार प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, बाबूलाल सिंह, सत्य नारायण सिंह, राजेश्वर सिंह, हरेंद्र सिंह, चन्द्र देव सिंह, वृजनन्दन सिंह, मुन्द्रीका सिंह व खेल प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार, दीपक गुप्ता, संतन कुमार, आशुतोष पांडेय, बसंत हेमर्म, पुनिया टोपनो आदि शामिल थे।

## 95 लाख की लागत से बना म्यूजिकल फाउंटेन बर्बादी की कगार पर

# नगर निगम की लापरवाही से वर्षों से बंद, लोहे की पाइपों में लग चुका है जंग


नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के हृदयस्थल अंबेडकर पार्क में स्थापित म्यूजिकल फाउंटेन तीन वर्षों से बंद पड़ा है, और इसकी मरम्मत या संचालन को लेकर नगर निगम पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। करीब 95 लाख रुपये की लागत से जनता के मनोरंजन और पर्यटन की दृष्टि से इसे तैयार किया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों तक चालू रहने के बाद यह पूरी तरह ठप पड़ गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुरुआत में फाउंटेन की खूबसूरती देखने आने वालों की भीड़ उमड़ती थी, लेकिन कुछ ही समय में तकनीकी या प्रशासनिक लापरवाही से इसे बंद कर दिया गया। अब यह फाउंटेन जर्जर हो चुका है, और इसके बीच लगे लोहे के पाइपों में जंग लग चुकी है। गौरतलब है कि म्यूजिकल फाउंटेन की शुरुआत के समय जनप्रतिनिधियों में श्रेय लेने की होड़ मची थी, लेकिन जब से यह बंद हुआ, तब से किसी ने पलटकर इसकी सुध नहीं ली।
नगर निगम की ओर से बड़ा तालाब की खूबसूरती बढ़ाने को लेकर कई योजनाएं बनाई गईं, लेकिन तालाब में अब जलकुंभी और गंदगी का साम्राज्य है। न तो पर्याप्त जल उपलब्ध है और न ही नियमित सफाई होती है।बीते वर्ष तत्कालीन नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर फाउंटेन को दोबारा शुरू करने की योजना बनी थी और तकनीकी जांच भी कराई गई थी। इससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि रंग-बिरंगे फव्वारों की छटा एक बार फिर दिखेगी, मगर वह सपना अब तक अधूरा है। इस संबंध में पूछे जाने पर नगर निगम की सिटी मैनेजर शमिता भगत ने बताया कि म्यूजिकल फाउंटेन को दोबारा शुरू करने का प्रयास चल रहा है, लेकिन जलकुंभी और जलस्तर की समस्या के कारण देरी हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब लाखों रुपये खर्च कर कोई परियोजना तैयार की जाती है, तो उसकी देखरेख की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा?

## नहाने के क्रम में डूबे किशोर का 22 घंटे बाद मिला शव

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नई मुहल्ला स्थित निमियां अहरा में नहाने के क्रम में डूबकर लापता किशोर का शव 22 घंटे बाद बरामद किया गया। गुरुवार सुबह 9 बजे शव मिलने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। उल्लेखनीय है कि शाहपुर के लालगंज के 16 वर्षीया शाहीद उर्फ कारू खान, पिता फिरोज बुधवार सुबह 11 बजे अपने छह दोस्तों के साथ निमियां अहरा में नहाने के क्रम में डूबकर लापता हो गया था। मिट्टी में धंस जाने की संभावना जताई गई थी। स्थानीय गोताखोर और अन्य माध्यमों से शव खोजने की कोशिश की जा रही थी। नगर निगम से जेसीबी मंगाकर आहार के पानी को बहाया गया था। देर रात तक कुछ आता पता नहीं चल पाया था। गुरुवार सुबह शव आहार में दिखा। सूचना मिलने पर चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेजा। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। शव मिलने के बाद वार्ड नंबर 31 की प्रथम पार्षद प्रमिला देवी प्रभावित परिवार से मिली और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर से आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाली मुआवजा राशि दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना किसी भी परिवार के लिए काफी दुखद होता है। शाहिद की मां की मौत पहले ही हो चुकी है। पिता की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती। इस बीच शाहिद की असमय मौत होने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## डीसी ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को मादक पदार्थों के मिलावट को लेकर औचक छापेमारी करने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड)की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गयी। बैठक में डीसी ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को समय-समय पर खाद्य पदार्थों में मादक पदार्थों के मिलावट को लेकर औचक छापेमारी करने के निर्देश दिये। वहीं ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा पिछले माह में किये गये कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर डीसी ने नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने की बात कही गयी।
बैठक में डीसी ने शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि को सदर एसडीओ संग समन्वय स्थापित कर शिक्षण संस्थाओं के 100 मीटर के परिधि में तम्बाकू उत्पादों के बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की बात कही। इसी तरह जिन इलाकों में गांजा और अफीम की खेती को पुलिस द्वारा नष्ट किया गया है। वैसे सभी रैयतों का सूची प्राप्त करके उन्हें कृषि कार्य से जोड़ने की बात कही। इसके लिए पुलिस विभाग एवं कृषि विभाग को आपस में बेहतर समन्वय बनाने की बात कही। इसके साथ ही वैसे रैयतों का फॉलोअप लेने पर भी बल दिया। उन्होंने रेलवे से आये प्रतिनिधि को भी रेलवे मार्ग पर नशा के परिवहन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिये। बैठक में सिविल सर्जन को नशा मुक्ति केंद्र में काउंसलिंग एवं रिहैबिलिटेशन कार्य के जरिये नशे की लत से मुक्त कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के तरफ से चिकित्सक को प्रतिनियुक्त करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। बैठक में एएसपी राकेश सिंह,वन प्रमंडल पदाधिकारी, छत्तरपुर एसडीओ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा एवं कृषि विभाग के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## डीसी ने की कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक, कहा-

# धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्यों में तेजी लाएं

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। बैठक में बिरसा आवास, प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति साइकिल वितरण योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, कब्रिस्तान, सरना मसना घेराबंदी, आदर्श ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,छात्राओं का जीर्णोद्धार से संबंधित स्वीकृत योजनाओं की प्रगति, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान उन्होंने धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्यों तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन करें। इस मद में प्राप्त राशि का सदुपयोग हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने साइकिल वितरण कार्य को ससमय कराने पर बल दिया।
उपायुक्त ने जिले में कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में जर्जर भवन, शौचालय व पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि निर्माण कार्य अपूर्ण या तय मापदंड के अनुरूप नहीं रहने पर संबंधित विभाग ध्यान दें और यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करें। उपायुक्त ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में पेयजल व बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने,जर्जर पड़े भवनों की स्थिति की जांच करने और आवसीय विद्यालय में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं आदि पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल, विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं कल्याण विभाग के कर्मीगण मौजूद रहे।

# नगर निगम व लायंस क्लब का 20 को मेगा हेल्थ चेकअप कैंप

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम प्रशासन और लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वावधान में 20 जुलाई को मेगा हेल्द कैंप का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन स्थानीय टाउन हॉल परिसर में किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य शहर के उन वर्गों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। मेगा हेल्थ चेकअप कैंप में विशेष रूप से सफाई कर्मी, मजदूर, रिक्शा चालक और अन्य जरूरतमंद नागरिक के लिए है जो दिन-रात समाज के लिए कार्यरत रहते हैं। स्वास्थ्य शिविर में शहर के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ-साथ रांची से आमंत्रित वरिष्ठ चिकित्सकगण भी अपनी सेवाएं देंगे। विभिन्न बीमारियों की प्रारंभिक जांच जैसे ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, त्वचा रोग, हड्डी रोग, दंत चिकित्सा, शिशु रोग, स्त्री रोग, फिजियोथेरेपी, हृदय रोग व सामान्य चिकित्सा परामर्श इस शिविर में निशुल्क प्रदान किया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि यह केवल एक शिविर नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी योजना है आने वाले समय में हम झुग्गी-बस्तियों, वार्ड स्तर पर छोटे-छोटे कैंप लगाएं, जिससे अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे। इस शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से लायन लिली मिश्रा, प्रियंका आनंद साहू, वरुण जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, श्रीकांत कुमार, परिमल प्रसून, ऋषिकेश दुबे, अनूप कुमार, मनोज कुमार सोनी डॉ अमित कुमार, डॉक्टर निशांत कुमार, डॉक्टर रवीश कुमार, रंजन अग्रवाल, राघवेंद्र सिंह, फिरोजुद्दीन अंसारी, अनूप प्रियदर्शी एवं रणजीत मिश्रा सक्रिय है।

## डीजीपी से मिले युवा नेता रुद्र शुक्ला



**मेदिनीनगर।** पांकी से पूर्व विधायक प्रत्याशी रूद्र कुमार शुक्ला ने डीजीपी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान युवा नेता रुद्र शुक्ला ने पांकी विधानसभा क्षेत्र और पलामू जिला के वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था से डीजीपी को अवगत कराया। संबंधित कुछ बातों से श्रीमान को अवगत कराया। उन्होंने डीजीपी से पांकी विधानसभा के सुदूरवर्ती इलाको में अपराध पर पूर्णतः लगाम लगाने की मांग की। रुद्र शुक्ला ने कहा कि डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जल्द पलामू आने की बात कही।

# झारखंड के पलामू जिले में सबसे अधिक 204 मिलीमीटर हुई बारिश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के उत्तर पश्चिम जिलों में इन दिनों अत्यधिक भारी बारिश हो रही है। राज्य के उत्तर-पश्चिमी भागों के जिन जिलों में अत्यधिक बारिश हो रही है उनमें पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा शामिल है। मौसम विभाग से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश पलामू जिले के चैनपुर में 204 मिलीमीटर रिकार्ड की गई। वहीं इस दौरान डाल्टनगंज में 158.2 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। पलामू प्रमंडल के कई इलाकों में भी 70 मिलीमीटर से अधिक बारिश रिकार्ड की गई। इनमें 108.5 मिमी, नाव बाजार 82.7, पनकी में 93.3, नौडीहा बाजार में 72 और भवनाथपुर में 59.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं राजधानी रांची संहिता आसपास के इलाकों में बुधवार से बारिश में कमी आई है। वहीं गुरुवार को भी मौसम में सुधार है। हालांकि बीच-बीच में बादल छा रहे हैं। इधर, मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका व्यक्त की है। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री, जमशेदपुर में 33.8, डालटेनगंज में 26.4, बोकारो में 32.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### खपरैल घर गिरने से परिवार से सभी सदस्य घायल



**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत कसमार निवासी प्रदीप भुईयां का बारिश में कच्चा मकान गिर जाने से बच्चा सहित कई लोग घायल हो गए। ज्ञात हो कि पलामू जिला में बुधवार को भारी वर्षा हुई जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच अपना घर गिरते देख चुके प्रदीप भुईयां ने बताया कि बारिश में उसका घर अचानक से गिर गया। जिसमें उसके बच्चे सहित उसके पिता को भी चोट आई। इस घटना में सबसे ज्यादा चोट उसके पुत्र लकी कुमार को लगी है जिसका दायां आंख पूरी तरह से बंद हो गया है। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, कहा-

# अवैध खनन स्थलों को चिह्नित करे विभाग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में डीसी ने डीएमओ से पिछली बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन एवं खनन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली। डीएमओ सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जून महीने में खनन विभाग स्तर से अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 15 वाहनों को जब्त किया गया है, साथ ही 9 लाख 62 हजार रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया। वहीं कुल 8 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। इसी तरह वन प्रमंडल पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन से जुड़े 4 वाद दायर किया गया है। वहीं जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 18 वाहनों को जब्त कर 7 लाख 89 हजार रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया है। इसके अलावे अलग-अलग अंचलों के द्वारा की गयी कार्रवाई में 30 वाहन जब्त किये गये है। जिसमें सबसे अधिक पाटन, नवाजयपुर में 6 वाहन जब्त किये गये हैं। इसी क्रम में डीएमओ ने बताया कि विभिन्न अंचलो में अवैध बालू उठाव को रोकने को लेकर 17 स्थानों पर ट्रेंच कटिंग की कार्रवाई की गयी है। वहीं 24 चौकीदारों की नियुक्ति की गयी है। इसके अलावे पत्थर खनिज से जुड़े 55 लाइसेंस को रद्द किया गया है। वहीं पत्थर खनिज के रद्द किये गये खनन पट्टों की संख्या 9 है। बैठक में जिन अंचलों से संयुक्त कार्रवाई का प्रतिवेदन नहीं भेजा गया है। उन अंचलाधिकारियों से हर माह ससमय रिपोर्ट भेजने की बात कही गयी।
उपायुक्त ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैद्य खनन स्थलों को चिन्ह्ति कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समन्वय बनाकर अवैद्य खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन,परिवहन व भंडारण,जांच,रॉयल्टी संग्रहण, आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे वन प्रमंडल पदाधिकारी, ए एसपी, अपर समाहर्ता, छत्तरपुर एसडीएओ, हुसैनाबाद एसडीओ, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

समारोह

## जेएस कॉलेज राजनीति विज्ञान विभाग में फेयरवेल

# फेयरवेल सिर्फ विदाई नहीं, स्वागत का एक द्वार : डॉ. अजय

नवीन मेल संवाददाता



मेदिनीनगर। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विषय के स्नातक सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों को विदाई देने हेतु फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा कॉलेज परिसर के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं प्रबंधन के सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षक के द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। गीत, नृत्य, कविता पाठ, एकांकी और हास्य अभिनय ने कार्यक्रम को मनोरंजक एवं अविस्मरणीय बना दिया। सीनियर छात्रों की यादों से भरी स्पीच और जूनियरों के भावुक शब्दों ने वातावरण को भावनात्मक भी बनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए। उन्होंने कहा कि फेयरवेल सिर्फ विदाई नहीं, बल्कि नए अवसरों के स्वागत का एक द्वार होता है। आप सब हमारे महाविद्यालय के गौरव हैं और भविष्य में देश की सेवा में अपना योगदान अवश्य देंगे। फेयरवेल समारोह की अध्यक्षता डॉ वासुदेव एंव संचालन छात्रा गीतांजलि एंव शिवम ने किया। सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और अतिथियों के सामूहिक उपस्थिति के साथ यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल एक भावनात्मक विदाई था, बल्कि उनके जीवन के नए अध्याय की शुरूआत का भी संकेत था। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिसर उल्लास, स्नेह और रंगारंग कार्यक्रमों की गूंज से भर उठा। समारोह को सफल बनाने में राजनीति विज्ञान विभाग के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की भूमिका सराहनीय रही। मौके पर प्रधान सहायक राजीव मुखर्जी, प्राध्यापक डॉ प्रमोद कुमार, डॉ मशरूर, प्रो जय प्रकाश राम, कमलेश कुमार पांडेय, प्रकाश राय समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी एंव हीरा, दीपक, शिवम, अतुल आदर्श, हिमांशु, अंकित, राघवेन्द्र, गीतांजलि, दीपांशी, अन्नू, तृप्ति, माही प्रिया, अमृता, शीतल, सेजल, वर्षा, गुलनाज, रूबी, कंचन समेत सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

### फेयरवेल में अश्लील गानों पर लगे ठुमके, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

रेवती रमण

मेदिनीनगर। शिक्षा के मंदिर में जब अश्लीलता को उत्सव का रूप दे दिया जाए, तो यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यवस्था पर करारा तमाचा बन जाता है। यही दृश्य गुरुवार को जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में देखने को मिला, जहां राजनीति विज्ञान विषय के अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के फेयरवेल कार्यक्रम में भोजपुरी और हिंदी के अश्लील गानों पर छात्राएं थिरकती नजर आईं। कार्यक्रम के दौरान सोलो, ग्रुप और युगल डांस की आड़ में फेयरवेल की गरिमा को बेजा मनोरंजन में तब्दील कर दिया गया। छात्राओं द्वारा किए गए डांस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आम लोग यह सोचने को विवश हैं! चौंकाने वाली बात यह है कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने न केवल मौन साधे रखा, बल्कि आयोजन को रोकने का कोई प्रयास भी नहीं किया। शहर के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने इस घटनाक्रम को लेकर शिक्षा व्यवस्था और शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों की गिरती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि जहां विश्वविद्यालयों में छात्र बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं, वहीं इस तरह के आयोजन शिक्षा के स्तर और सोच दोनों को नीचे गिरा रहे हैं।

## जून माह की मंईयां सम्मान योजना की राशि अगले सप्ताह तक

# 348291 लाभुकों के खाते में मिलेगी राशि

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत पलामू जिले की 3,48,291 महिलाओं को जून महीने की राशि उनके खाते में जल्दी ही हस्तांतरित की जाएगी। इसे लेकर सामाजिक सुरक्षा विभाग ने जून 2025 की राशि जारी करने हेतु कोषागार को 87 करोड़ रुपए भेज दिए हैं। अगले हफ्ते तक लाभुक महिलाओं के बैंक खातों में यह राशि ट्रांसफर की जाने की संभावना है। सामाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक विक्रम आनंद ने बताया कि जिले में इस हफ्ते से जून माह की राशि ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राशि लाभुकों के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में समय पर पहुंचे। बताते चलें कि इस महीने की शुरूआत में मई योजना के लाभुकों के खाते में महीने की राशि भेजी गई थी। उम्मीद जताई जा रही है कि इसी महीने महिलाओं को जून की भी राशि उनके खाते में चली जाएगी। पलामू जिले की करीब 3.50 लाख महिलाओं को हर माह 2500 की सहायता नियमित रूप से दी जा रही है, लेकिन पोर्टल की समस्या के समाधान के बाद ही योजना का दायरा और विकास होगा। राशि महिलाओं को उनकी जरूरतों को पूरा करने और परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करती है। जून माह की राशि के जल्द ट्रांसफर होने की खबर से लाभुक महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है। हालांकि पूर्व में महिलाओं के खाते में दोनों माह की राशि एक साथ भेजी जानी थी परंतु इसमें थोड़ी विलंब हुई।

## नाली जाम, घर में घुसा पानी

**रंका।** एन एच 343 थाना मोड़ के ग्रामीण के घर में नाली जाम रहने से घर में घुसा पानी मुखिया के सहयोग से निकल जा रही है वर्षा के पानी, इस संबंध में आज 17 जुलाई गुरूवार रंका न थाना मोड के पश्चिम साइड के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मुखिया के पास पहुंचे, जहां ग्रामीणों के द्वारा घर में पानी भर जाने की समस्या ग्रामीणों द्वारा बताया गया । की पी डब्लू डी के द्वारा हाल ही में नाली का निर्माण की गई थी ।? परंतु नाली के बगल में है एक थाना मोड़ के ग्रामीण अजय शाह एवं प्रेम चंद साह का खाली प्लॉट है । जिसमें चारों ओर से पानी आकर इनकी प्लॉट में भर जाता है । और तालाब का रूप ले लेता है ।उनकी जमीन में पानी भर जाने से थाना मोड़ एन एच 343 मुख्य सड़क कू पश्चिम और बसा ग्रामीणों के घर पानी वर्षा के पानी घुस जाता है जिससे ग्रामीण की काफी समस्या उत्पन्न होती है ।जिसके लेकर ग्रामीणों के निदान के लेकर दो मर्तबा नाली का निर्माण की गई परंतु नाली हर बार हाथी का दांत साबित हो रहा है जो आज तेज वर्षा होने के कारण फिर वह प्लॉट में जल का जमाव हो गया जल नहीं निकल पाया जिसके कारण एन एच 343 थाना मोड पश्चिम की ओर बसे ग्रामीणों के घर में पानी घुस गया जिससे ग्रामीण अपने पंचायत के मुखिया राजेश मद्धेशिया एवं रंजीत सोनी से गुहार लगाया ग्रामीणों के गुहार पर तीन जेसीबी लाकर पानी निकालने का कार्य मुखिया के द्वारा किया जा रहा है ताकि पानी निकल जाए और ग्रामीण की जो वर्षा के पानी से समस्या हो रही है । उससे निदान मिल सके इस वर्षा के पानी निकालने में मुखिया रंजीत सोनी मुखिया राजेश मद्धेशिया उत्तम पांडे जउलहक मदन खान छोटू सिद्दीकी एवं ग्रामीण पानी निकालने के लेकर तीन जेसीबी लाकर लोग वर्षा के पानी निकालने प्रयास कर रहे थे।

## प्रखंड कार्यालय में जंग खा रही हैं साइकिलें, छात्र परेशान



**केतार।** प्रखंड कार्यालय परिसर केतार में आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को बांटे जाने वाला सैकड़ों साइकिलें खुले आसमान के नीचे बरसात के पानी में जंग खा रही है। शिक्षा का प्रचार-प्रसार, आकर्षक बनाने और बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा प्री मैट्रिक के छात्र-छात्राओं को साईकिल बांटा जाता है। ताकि बच्चे सहुलियत से स्कूल आयें और पढ़ाई कर सकें। छात्र-छात्राओं को देने के लिए साइकिल लगभग दो माह पूर्व केतार प्रखंड कार्यालय में आयी थी। वेंडर द्वारा मैकेनिक भेजकर साईकिलें को जैसे-तैसे फीट तो क्या दिया गया। लेकिन अब तक साइकिलें रखने के लिए जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण सभी साइकिलें कार्यालय परिसर के आंगन में खुले आसमान के नीचे बीना तीरपाल ढके हुए रखा हुआ है। विभाग साइकिलें को बरसात के पानी से बचाने में असमर्थ साबित हो रही है। विभाग कि लापरवाही से कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि समय रहते साइकिल का वितरण बच्चों को कर दिया जाता तो इनकी हालत ऐसी नहीं होती। इस सम्बन्ध में प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन पात्रा ने कहा कि साईकिलें खुले आसमान में रखा है इसकी जानकारी नहीं था, जानकारी लेने के बाद ही कुछ कह पायेगें।

## कनहर नदी उफान पर: अंचल अधिकारी ने किया निरीक्षण



**चिनियां।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने गढ़वा जिले में हालात बिगाड़ दिए हैं। खासकर चिनियां प्रखंड के कनहर नदी तटीय इलाकों में खतरा मंडराने लगा है। हालात यह कि गंभीरता को देखते हुए चिनियां अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव ने खुरी पंचायत के गायघाट कनहर नदी तटीय क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया और नदी किनारे बसे ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें सतर्क रहने की सख्त हिदायत दी। अंचल अधिकारी ने मौके पर मौजूद लोगों को जानकारी दी कि लगातार वर्षा के कारण कनहर नदी पूरी तरह उफान पर है और कभी भी जलस्तर और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, नदी के किनारे रहने वाले लोग पूरी तरह सतर्क रहें, कोई भी लापरवाही जानलेवा हो सकती है। यदि कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो तो तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते राहत और बचाव कार्य किए जा सकें। अंचल अधिकारी ने विशेष रूप से ग्रामीणों को सलाह दी कि इस समय किसी भी हाल में नदी पार करने की कोशिश ना करें और अपने मवेशियों को भी नदी के किनारे चराने या बांधने से परहेज करें। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय युवा टोली से अपील की कि वे ग्रामीणों को जागरूक करें और प्रशासन से तालमेल बनाकर किसी भी संभावित खतरे से निपटने में सहयोग दें। बताते चलें की खुरी गायघाट घाट के कनहर नदी, चिरका, पालामाटी, बिलैती खैर नदी जैसे तटीय गांवों को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

## रेलवे अंडरपास में जमा बारिश का पानी

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर रोड स्थित रेलवे अंडरपास एक बार फिर जलजमाव की चपेट में आ गया है। पानी का स्तर खतरे के निशान को पार कर गया, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। रेलवे ने बुधवार की रात अंडरपास के दोनों ओर 'नो एंट्री' के बोर्ड लगाकर सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी। रास्ता बंद होने की सूचना पर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। इस विरोध की अगुवाई झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने की। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रेलकर्मियों और वरीय अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। पांडेय ने कहा कि अंडरपास में जलजमाव की समस्या की जानकारी पहले ही रेलवे को दी जा चुकी थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उल्टा, रेलवे क्रॉसिंग को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो झामुमो रेल चक्का जाम करेगा। इसके बाद रेलवे अधिकारियों ने पानी निकासी के लिए कई पंप लगाने की व्यवस्था की और गुरुवार दोपहर 2 बजे के बाद मार्ग आंशिक रूप से बहाल किया गया। मौके पर झामुमो के देवेंद्र सिंह, इंदल सिंह, धीरज तिवारी, शाहिद अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तिवारी हार्डवेयर एवं सेनेटरी का उद्घाटन



**कांडी(संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांडी बाजार में गुरुवार को एक नई दुकान तिवारी हार्डवेयर एवं सेनेटरी का विधिवत उद्घाटन हुआ। दुकान के प्रोपराइटर विवेक तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ के साथ शुभारंभ किया गया। पूजा का आयोजन आचार्य पंडित ओम प्रकाश मिश्रा के द्वारा कराया गया।इस मौके पर स्थानीय लोगों की उपस्थिति भी देखने को मिली। तिवारी हार्डवेयर एवं सेनेटरी में पानी टंकी, समरसेबल, टाइल्स, मार्बल, पाइप सहित हार्डवेयर व सेनेटरी से जुड़ी सभी आवश्यक सामग्रियां एक ही छत के नीचे ग्राहकों को सुलभ दरों पर उपलब्ध होंगी। प्रोपराइटर विवेक तिवारी ने बताया कि हमारा प्रयास है कि लोगों को गुणवत्ता युक्त सामान उचित दाम पर यहीं कांडी बाजार में मिले। अब हार्डवेयर और सेनेटरी के लिए लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। ग्राहक हमारी सेवा और सामान की गुणवत्ता से संतुष्ट होंगे, यही हमारा संकल्प है। नए प्रतिष्ठान के खुलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी है और व्यवसाय जगत में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# आधी रात में चपकली गांव में हाथी का कहर

### आधा दर्जन घर क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे लोग

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** गुरुवार की तड़के करीब 1:30 बजे चिनियां थाना क्षेत्र के चपकली गांव में एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी के कहर से गांव के छह से अधिक खपरैल मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इससे प्रभावित ग्रामीणों के समक्ष रहने और खाने-पीने की भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। क्योंकि हाथी के द्वारा घर के अंदर रखें अनाज को भी निकाल कर सफा चैट कर दिया गया। जिससे लोगों के सामने अब भुखमरी की



स्थिति भी उत्पन्न हो जाएगी। हादसे के वक्त इंद्रदेव राम का पूरा परिवार (करीब पांच सदस्य) घर में ही सो रहे थे। जैसे ही हाथी की आहट मिली, वे किसी तरह पीछे के दरवाजे से भागकर जान बचाने में सफल हुए।घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। लोग डर के मारे अब रात को घर छोड़कर खेतों या रिश्तेदारों के यहां शरण लेने की बात कर रहे हैं। तो कई पीड़ित परिजन अब गांव छोड़ने की भी बात कर रहे हैं। इधर घटना की पुष्टि करते हुए चिनियां के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि सुबह 9:00 बजे वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया है। पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## पानी का हल्का दबाव भी नही झेल पाया नहर पुल

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड के लेभरी गांव में जंघबोरवा नदी पर पानी पास करने के लिए एक वर्ष पूर्व बना नहर पुल पिछले दिनों टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नहर निर्माण विभाग के संवेदक द्वारा नदी पर पुल निर्माण में तय मानक से कम मैटेरियल डालने एवं लापरवाही बरतने के कारण नहर पुल पानी का हल्का दबाव भी नही झेल पाया और क्षतिग्रस्त हो गया। इससे नहर निर्माण विभाग द्वारा बरडीहा प्रखंड में कराये गये निर्माण कार्य की गुणवता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। बताया जाता है कि किसानों के खेत पटवन के लिए बने इस नहर पुल पर यदि वर्षा ऋतु के पहले भी पानी छोड़ा जाता तो इस घटिया निर्माण को पोल पहले ही खुल जाती और नहर पुल टूट जाता। नहर पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण अब नहर के माध्यम से खेतों तक सिंचाई हेतु पानी नहीं पहुंच पाएगा.इससे किसानों का फसल प्रभावित होने की पूरी आशंका जताई जा रही है.किसानों ने नहर निर्माण विभाग द्वारा कराये गये निर्माण कार्य की जांच करने की मांग उपायुक्त गढ़वा से की है।

## भारी बारिश में गिरा कच्चा मकान



**भवनाथपुर।** लगातार हो रही बारिश ने अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी टोला निवासी मनोज प्रजापति के परिवार पर कहर बनकर टूटी। बीती रात तेज बारिश के दौरान उनका कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। हालांकि गनीमत रही कि हादसे के वक्त मनोज प्रजापति, उनकी पत्नी, बेटी और बेटा घर के बाहर थे। जिससे बड़ी जनहानि टल गई। हालांकि मकान गिरने से उनकी पूरी गृहस्थी मलबे में दब गई। जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद पूरा परिवार एक छोटे से कमरे में रहने को विवश है। मनोज प्रजापति ने बताया कि वर्ष 2023 में भी इसी तरह बारिश के दौरान उनका कच्चा मकान गिर गया था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अब तक नया मकान नहीं बना सके थे और उसी टूटे-फूटे मकान में किसी तरह परिवार के साथ गुजर-बसर कर रहे थे। उन्होंने प्रशासन से मुआवजा देने और रहने के लिए पक्का मकान उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

## चौरिया से कांवरियों का जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना

**खरौंधी (गढ़वा)।** सावन मास के पावन अवसर पर खरौंधी प्रखंड अंतर्गत चौरिया गांव से कांवरियों का एक जत्था गुरुवार को बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। इस पवित्र यात्रा का नेतृत्व कूपा पंचायत के मुखिया प्रमोद राम ने किया। उन्होंने कहा कि, यह महायात्रा केवल देवघर तक सीमित नहीं है, बल्कि सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ, राजगीर, अयोध्या सहित कई प्रमुख तीर्थ स्थलों की भी यात्रा की जाएगी। इस धार्मिक यात्रा का उद्देश्य न केवल व्यक्तिगत आस्था की अभिव्यक्ति है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत करना है। यात्रा से पूर्व सभी कांवरियों ने गांव के देवी-देवताओं का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद ्हहर हर महादेव्ह और बोल बम के जयघोष के साथ पूरे गांव का भ्रमण करते हुए भक्तिमय वातावरण में देवघर के लिए प्रस्थान किया।


## कार्यालय-जिला आयुष समिति,चतरा
### जिला संयुक्त औषधालय भवन
### (सदर अस्पताल परिसर) चतरा (झारखण्ड) 825401
Email-chatraayush@gmail.com

–सूचना–

अभ्यर्थीयों को यह सूचित किया जाता है की विज्ञापन संख्या 1/ आयुश पत्रांक सं0 155 दिनांक 30.04.2025 जिला आयुष समिति, चतरा के अधिनस्थ जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर(आयुष)/राजकीय आर्येदिक औषधालय/जिला संयुक्त औषधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर चयन हेतु दिनांक 15.05.2025 को आवेदन आमंत्रित किये गये थे सभी पात्र अभ्यर्थीयों को निम्नलिखित विवरण के अनुसार **Interview** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना होगा । **Interview** हेतु निम्न प्रकार से तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित कि गई है।

| क्र | दस्तावेज सत्यापन की तिथि | समय | स्थान | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 24.07.2025 | 10:30 A.M | सिविल सर्जन कार्यालय, चतरा के सभागार में। | Interview निर्गत टोकन नं0 के आधार पर होगा। |

अभ्यर्थीयों के लिए सामान्य जानकारी एवं निर्देश –

1 सभी मुल प्रमाण पत्र /दस्तावेज।

2 वैध फोटो पहचान पत्र( जेसे वोटर कार्ड, आधार एवं इत्यादी)।

3 शॉर्टलिस्ट अभ्यार्थी कि सूची जिला संयुक्त औषद्यालय चतरा के सूचना पट्ट पर प्रदशित कि जाएगी।

4 **Interview** हेतु चयनित अभ्यर्थीयों की सूची दिनांक 21.07.2025 को जिला संयुक्त औषद्यालय चतरा के सूचना पट्ट पर प्रदशित कि जाएगी।

5 सिविल सर्जन, सह–अध्यक्ष योग प्रशिक्षक का चयन गठित कमिटि अध्यक्ष,चतरा के आदेशानुसार साक्षत्कार की तिथि निर्धारित है।

**नोट:** जो अभ्यार्थी दिनांक 24.07.2025 को **Interview** हेतु उपस्थित नही होगें उनकी दावेदारी स्वत: निरस्त हो जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृप्या सम्पर्क करें: Email-chatraayush@gmail.com

प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
चतरा

PR 357530 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D



## पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VI 'क' झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या :–690**A** भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–कजरात, थाना सं0–375, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–कजरात, थाना सं0–375, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 3.750 एकड़ यानि 1.5176 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–कजरात, थाना सं0– 375, कुल रकबा– 3.750 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 83 | 304 | रैयती | टाड़–2 | 0.451 | रामाश्रय सिंह पिता बासुदेव सिंह | | | | |
| 2 | 24 | 303 | रैयती | टाड़–2 | 0.097 | गणेशी यादव वो महेशी यादव पिता कौलेश्वर यादव | | | | |
| 3 | 24 | 302 | रैयती | टाड़–2 | 0.1980 | तदैव | | | | |
| 4 | 29 | 301 | रैयती | टाड़–2 | 0.0270 | चलितर प्रजापति वो रामजीत प्रजापति पिता देवा प्रजापित | | | | |
| 5 | 82 | 313 | रैयती | टाड़–2 | 0.586 | जानकी देवी पति रामनारायण सिंह | | | | |
| 6 | 57 | 341 | रैयती | धान–2 | 0.7780 | फुलेन्द्र सिंह वो महेन्द्र सिंह पिता रामवृक्ष सिंह | | | | |
| 7 | 82 | 340 | रैयती | धान–2 | 0.1910 | जानकी देवी पति रामनारायण सिंह वो मो0 राधरूपमती देवी पिता रामनारायण सिंह | | | | |
| 8 | 10 | 344 | रैयती | धान–2 | 0.0150 | कर्मदेव यादव पिता रामप्यारी सिंह | | | | |
| 9 | 10 | 343 | रैयती | धान–2 | 0.0380 | कर्मदेव यादव पिता रामप्यारी सिंह | | | | |
| 10 | 93 | 371 | रैयती | टाड़–2 | 0.1970 | इन्द्रदेव सिंह वो राजदेव सिंह वो रामदेव सिंह पिता महेश्वर सिंह | | | | |
| 11 | 93 | 370 | रैयती | टाड़–2 | 0.1080 | इन्द्रदेव सिंह वो राजदेव सिंह वो रामदेव सिंह पिता महेश्वर सिंह | | | | |
| 12 | 39 | 375 | रैयती | धान–2 | 0.0830 | तीलरमानी कुंवर पति वंशिधर तिवारी | | | | |
| 13 | 39 | 443 | रैयती | टाड़–2 | 0.0400 | तीलरमानी कुंवर पति वंशिधर तिवारी | | | | |
| 14 | 80 | 384 | रैयती | टाड़–2 | 0.0270 | राजेन्द्र तिवारी पिता हरी गोविन्द तिवारी | | | | |
| 15 | 80 | 440 | रैयती | धान–2 | 0.0240 | राजेन्द्र तिवारी पिता हरी गोविन्द तिवारी | | | | |
| 16 | 35 | 385 | रैयती | टाड़–2 | 0.0370 | जानकी यादव पिता नरामन यादव | | | | |
| 17 | 57 | 339 | रैयती | धान–2 | 0.0150 | फुलेन्द्र सिंह वो महेन्द्र सिंह पिता रामवृक्ष सिंह | | | | |
| 18 | 75 | 386 | रैयती | टाड़–2 | 0.0340 | मोहन राम वो प्रहलाद राम पिता लालधारी राम | | | | |
| 19 | 14 | 387 | रैयती | टाड़–2 | 0.0140 | किसमतिया देवी पिता चुनर यादव | | | | |
| 20 | 80 | 389 | रैयती | टाड़–2 | 0.0140 | राजेन्द्र तिवारी पिता हरिगोविन्द तिवारी | | | | |
| 21 | 8 | 208 | रैयती | टाड़–2 | 0.174 | कन्हाई यादव वो केशो यादव वो रामा यादव पिता मुन्शी यादव | | | | |
| 22 | 80 | 209 | रैयती | धान–2 | 0.180 | राजेन्द्र तिवारी पिता हरिगोविन्द तिवारी | | | | |
| 23 | 11 | 210 | रैयती | धान–2 | 0.1770 | कर्मदेव यादव पिता जानकी यादव | | | | |
| 24 | 8 | 203 | रैयती | धान–2 बोर–1 | 0.1610 | कन्हाई यादव वो केशो यादव वो रामा यादव पिता मुन्शी यादव | | | | |
| 25 | 8 | 200 | रैयती | धान–2 | 0.0330 | कन्हाई यादव वो केशो यादव वो रामा यादव पिता मुन्शी यादव | | | | |
| 26 | 11 | 201 | रैयती | धान–2 | 0.0030 | कर्मदेव यादव पिता जानकी यादव | | | | |
| 27 | 77 | 198 | रैयती | धान–2 | 0.005 | जनेश्वर यादव वो रामाआशिष यादव वो बिन्देश्वरी यादव पिता राजदेव यादव | | | | |
| 28 | 65 | 193 | रैयती | धान–2 | 0.0430 | जसोमति देवी पिता स्व0 मोहन राम | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 357520 Palamu (25-26)D

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।



## पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VI 'क'
### झारखण्ड सरकार
### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या :–690 भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–लमार, थाना सं0–374, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–लमार, थाना सं0–374, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 5.228 एकड़ यानि 2.1157 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–लमार, थाना सं0– 374, कुल रकबा– 5.228 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 6 | 440 | रैयती | टाड़–2 | 0.0900 | रेपुशराम सिंह पिता स्व0 इसरदयाल सिंह सुरेश सिंह पिता स्व0 लिखन सिंह | | | | |
| 2 | 6 | 441 | रैयती | टाड़–2 | 0.0290 | सरयु सिंह वगै0 पिता स्व0 पशु सिंह | | | | |
| 3 | 6 | 480 | रैयती | टाड़–2 | 0.0640 | पशुराय सिंह वगै0 पिता स्व0 सरदयाल सिंह वो सुरेश सिंह पिता लखन सिंह | | | | |
| 4 | 6 | 481 | रैयती | टाड़–3 | 0.0780 | रेपुशराम सिंह पिता स्व0 इसरदयाल सिंह | | | | |
| 5 | 11 | 409 | रैयती | टाड़–3 | 0.0240 | नागेश्वर राम वगै0 पिता स्व0 रामपुकार राम | | | | |
| 6 | 11 | 411 | रैयती | टाड़–3 | 0.0010 | रामसेवक दुसाध पिता प्यारी दुसाध वो केसर दुसाध वो भिखु दुसाध गिरधारी दुसाध रूपधारी दुसाध वो सुर्यदेव दुसाध पिता सगदास दुसाध | | | | |
| 7 | 20 | 810 | रैयती | टाड़–3 | 0.0310 | शिवसरन सिंह पिता गणेशी सिंह रवेन्द्र सिंह पिता गणेशी सिंह रायराज सिंह पिता गणेशी सिंह | | | | |
| 8 | 30 | 479 | रैयती | टाड़–3 | 0.0570 | सुरेश सिंह इदल पासवान पिता स्व0 राजदेव पासवान | | | | |
| 9 | 32 | 573 | रैयती | टाड़–3 | 0.0080 | दुखन यादव पिता शिवटहल अहिर | | | | |
| 10 | 35 | 48 | रैयती | टाड़–2 | 0.0580 | सारदा देवी पति दिनेश यादव, रामरूप सिंह वो रामस्वरूप वो रामरेस पिता स्व0 तेलसर राम | | | | |
| 11 | 35 | 49 | रैयती | टाड़–2 | 0.0100 | दीपा देवी पति सुर्यदेव यादव | | | | |
| 12 | 40 | 337 | रैयती | टाड़–2 | 0.0460 | कईल यादव पिता स्व0 बिरन यादव | | | | |
| 13 | 41 | 338 | रैयती | टाड़–2 | 0.0500 | प्रमोद बिहारी पाठक वो राधेश्याम पाठक वो रमेश चन्द्र पाठक पिता रामकविलास पाठक | | | | |
| 14 | 41 | 580 | रैयती | टाड़–3 | 0.0020 | बैद्यनाथ साव पिता स्व0 यदुनी साव | | | | |
| 15 | 41 | 587 | रैयती | टाड़–3 | 0.1590 | सतेन्द्र यादव वो स्व0 रामचन्द्र यादव वो रामप्रवेश यादव पिता स्व0 दुखन यादव वो बली यादव पिता स्व0 दुखन यादव ब्रजेश पासवान पिता रघुनाथ पासवान | | | | |
| 16 | 44 | 336 | रैयती | टाड़–2 | 0.1270 | साधु यादव पिता रघुवीर यादव | | | | |
| 17 | 52 | 417 | रैयती | टाड़–2 | 0.0240 | विश्वनाथ यादव पिता स्व0 महगु यादव | | | | |
| 18 | 56 | 90 | रैयती | धान–2 | 0.0320 | यगेन्द्र सिंह ति स्व0 मुखदेव सिंह | | | | |
| 19 | 67 | 801 | रैयती | टाड़–3 | 0.0100 | गणेश यादव पिता स्व0 मिनु यादव | | | | |
| 20 | 71 | 87 | रैयती | टाड़–2 | 0.0620 | सुर्यदेव यादव वगै0 पिता स्व0 मुखदेव यादव | | | | |
| 21 | 74 | 339 | रैयती | टाड़–2 | 0.0490 | प्रमोद पाठक पिता स्व0 रामकबीलास पाठक | | | | |
| 22 | 74 | 827 | रैयती | टाड़–3 | 0.0210 | रामलाल पाठक पिता इनर पाठक | | | | |
| 23 | 77 | 317 | रैयती | टाड़–3 | 0.0640 | रामलाल पाठक पिता इनर पाठक | | | | |
| 24 | 77 | 813 | रैयती | टाड़–3 | 0.1640 | जोगेश्वर यादव पिता स्व0 रघु यादव | | | | |
| 25 | 77 | 828 | रैयती | टाड़–3 | 0.0390 | रामलाल पाठक पिता इनर पाठक | | | | |
| 26 | 85 | 443 | रैयती | टाड़–2 | 0.1460 | सरयु सिंह वगै0 पिता स्व0 पथु सिह | | | | |
| 27 | 85 | 444 | रैयती | टाड़–2 | 0.2820 | रामनन्दन सिंह वगै0 पिता स्व0 सदु सिह | | | | |
| 28 | 85 | 445 | रैयती | टाड़–2 | 0.0430 | सरयु सिंह वगै0 पिता स्व0 सदु सिंह | | | | |
| 29 | 85 | 453 | रैयती | टाड़–3 | 0.0150 | रामनन्दन सिंह वगै0 पिता स्व0 सदु सिंह | | | | |
| 30 | 87 | 812 | रैयती | टाड़–3 | 0.2660 | शिवसर सिंह पिता गनेशी सिंह रविन्द्र सिंह पिता गनेशी सिंह रायराज सिंह पिता गनेशी सिंह | | | | |
| 31 | 91 | 407 | रैयती | टाड़–2 | 0.0030 | नागेश्वर राम पिता स्व0 रामपुकार सिंह | | | | |
| 32 | 91 | 408 | रैयती | टाड़–2 | 0.0140 | रामपुकार राम वो रामदेव राम वो महंग राम वो लखन वो रामप्रसाद राम पिता सहादेव राम | | | | |
| 33 | 94 | 326 | रैयती | टाड़–3 | 0.001 | रंजिन्द्र यादव पिता स्व0 रघु यादव | | | | |
| 34 | 94 | 327 | रैयती | टाड़–3 | 0.0100 | अजय सिंह पिता स्व0 कैलास सिंह | | | | |
| 35 | 94 | 329 | रैयती | टाड़–3 | 0.0090 | सत्यनारायण सिंह पिता .................... | | | | |
| 36 | 94 | 331 | रैयती | टाड़–3 | 0.0100 | प्रदीप यादव वो दिलीप यादव वो ललन यादव वो बबन यादव पिता महेश यादव | | | | |
| 37 | 94 | 332 | रैयती | टाड़–3 | 0.0100 | उपेन्द्र यादव पिता स्व0 बरत यादव रामलाल पाठक पिता स्व0 इन्दु पाठक | | | | |
| 38 | 95 | 805 | रैयती | टाड़–3 | 0.0620 | महाबिर सिंह पिता स्व0 जादा सिंह | | | | |
| 39 | 95 | 806 | रैयती | टाड़–3 | 0.0360 | बली यादव पिता दुखन यादव | | | | |
| 40 | 95 | 807 | रैयती | टाड़–3 | 0.0310 | योगेन्द्र सिंह पिता स्व0 कैलाश सिंह | | | | |
| 41 | 95 | 808 | रैयती | टाड़–3 | 0.0240 | फुलवारी देवी पति स्व0 शिव पाल | | | | |
| 42 | 96 | 809 | रैयती | टाड़–3 | 0.1250 | प्रमोद पाठक पिता स्व0 रामकबीलास पाठक | | | | |
| 43 | 105 | 578 | रैयती | टाड़–3 | 0.3510 | संतोष यादव पिता स्व0 सिधारी यादव संदीप यादव पिता राजेन्द्र यादव अवधेश यादव पिता गणेश मेहता नारायण मेहता वो थाडी मेहता पिता गणेश मेहता | | | | |
| 44 | 105 | 579 | रैयती | टाड़–3 | 0.1080 | शिवकेसर देवी पिता सिताराम पाठक | | | | |
| 45 | 112 | 341 | रैयती | टाड़–2 | 0.0130 | रामलखन यादव पिता यदुदेव यादव , बिरेन्द्र यादव पिता यदुदेव यादव | | | | |
| 46 | 113 | 399 | रैयती | टाड़–3 | 0.0080 | मोहरमनी देवी पति बागेश्वर राम वो मुनरी देवी पति स्व0 रामदेव राम महंग राम पिता स्व0 सहदेव राम | | | | |
| 47 | 114 | 400 | रैयती | टाड़–2 | 0.1080 | नागेश्वर राम पिता स्व0 राम पुकार | | | | |
| 48 | 121 | 88 | रैयती | धान–2 | 0.0220 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 49 | 121 | 406 | गै0मा0 | टाड़–2 | 0.0870 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 50 | 121 | 421 | गै0मा0 | रास्ता | 1.1090 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 51 | 121 | 473 | गै0मा0 | टाड़–3 | 0.0100 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 52 | 121 | 478 | गै0मा0 | टाड़–3 | 0.0050 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 53 | 121 | 575 | गै0मा0 | टाड़–3 | 0.0110 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 54 | 121 | 802 | गै0मा0 | टाड़–3 | 0.209 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 55 | 121 | 811 | गै0मा0 | टाड़–3 | 0.0430 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 56 | 122 | 318 | गै0 आम | टाड़–3 | 0.4310 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 57 | 122 | 387 | गै0 आम | रास्ता | 0.1830 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 58 | 122 | 410 | गै0 आम | टाड़–2 | 0.0340 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 59 | 122 | 416 | गै0 आम | टाड़–3 | 0.0200 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 60 | 122 | 800 | गै0 आम | रास्ता | 0.0900 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 357519 (Palamu) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## रेंजर ने भुक्तभोगी को सौंपा 50 हजार का चेक

**टंडवा (चतरा)।** वन्यजीवों से सर्वाधिक प्रभावित मारंगलोइया गांव के भुक्तभोगी सरिता देवी को रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने गुरुवार को आपदा कोष से 50 हजार रुपए का चेक सौंपा गया। बताया गया कि जून 2024 में जंगली हाथियों ने भुक्तभोगी के दो पालतू पशुओं को कुचलकर मार दिया था। विभागीय स्वीकृति मिलते ही रेंज आफिस में बुलाकर उसे चेक दे दी गई। इस मौके पर वनपाल सुनील कुमार उरांव और वनरक्षी सत्यनारायण रविदास मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह की अगुवाई में चंदवा पुलिस बल की टीम के द्वारा विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। चकला पंचायत के बसार टोला गांव से बालेश्वर तुरी को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा भेज दिया गया। पुसिल ने बताया कि बालेश्वर तुरी के विरुद्ध युवती के साथ यौन शोषण का आरोप है। मामले में चंदवा थाना में पीड़िता द्वारा दिए आवेदन के आलोक में चंदवा थाना में कांड संख्या 170/25 दर्ज है। छापामारी अभियान में चंदवा पुलिस के पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## पत्रकार की मां का निधन, शोक की लहर

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के प्रख्यात पत्रकार संजय राम की माता अजंती देवी (75) का निधन बुधबार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र व जिले में शोक की लहर दौड़ गई। समाजसेवी व प्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को सांत्वना दी। समाजसेवी राजुरामवृक्ष लोहार ने कहा कि उनकी माता जी के निधन से गहरा आघात पहुंचा है। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं समाज सेवी एवं प्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## परियोजना निदेशक ने किया स्कूल का निरीक्षण

**लातेहार।** परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण गगराई ने गुरुवार को सदर प्रखंड के नेगाई गांव स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सत्र की शुरूआत 19 जुलाई को होगी। चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक प्रकाश राम और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। प्रवीण गगराई ने आगे बताया कि नेगाई स्थित विद्यालय में इस बार 155 बच्चों का नामांकन किया गया है। बरवाडीह प्रखंड के मंगरा स्थित विद्यालय में सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा। यहां 166 बच्चों का नामांकन है। गारू प्रखंड के विद्यालय में सत्र 23 जुलाई से शुरू होगा। यहां 144 छात्र नामांकित हैं। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मियों की नियुक्ति पूरी हो चुकी है। हर विद्यालय में विषयवार आठ शिक्षक जनवरी में ही बहाल कर दिए गए थे। ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

## कस्तूरबा विद्यालय के प्रतीक्षालय में गिरा पेड़

**चंदवा।** शहर से सटे कुसुम टोली स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रवेश द्वार के समीप एक विशालकाय पेड़ भारी बारिश के बीच गिर गया। जिससे विद्यालय का चहारदीवारी, अभिभावक प्रतीक्षालय व गार्ड रूम क्षतिग्रस्त हो गया। वार्डन प्रीति कुमारी ने बताया कि चहारदीवारी क्षतिग्रस्त होने से छात्राओं के सुरक्षा की चिंता बढ़ गई है। वार्डन ने आगे बताया कि मामले में प्रबंधन की ओर से वन विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है, साथ ही गिरे पेड़ को अतिशीघ्र हटाने की गुहार लगाई गई है। बता दें कि इस मानसून हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पूरे प्रखंड में काफी नुकसान हुआ है। दर्जनों गरीबों का आशियाना ध्वस्त हो गया है साथ ही कई स्थानों पर पेड़ गिरने से क्षति पहुंची है।

## किसानों के बीच बीज का वितरण

**चंदवा।** गुरुवार को प्रखंड के जमीरा पंचायत के चतरो और अनगड़ा गांव में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पांडेय ने 50 किसानों के बीच उरद और बादाम के बीज का वितरण किया। इस दौरान पांडेय ने बताया कि बीज वितरण का उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराना और खरीफ मौसम में दलहनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाना है। उन्होंने किसानों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

## बीडीओ ने की योजनाओं की विभागवार समीक्षा

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने की। बैठक में प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। जिसमें शिक्षा विभाग,आपूर्ति विभाग,बिजली विभाग,स्वास्थ्य विभाग,बाल विकास परियोजना, मनरेगा,प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास,कृषि विभाग, जेएसएलपीएस,सामाजिक सुरक्षा,कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग समेत अन्य विभागों से संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा के उपरांत विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। बीडीओ ने स्पॉन्सर शिप और आधार सीडिंग, पशु टीकाकरण, कृषि विभाग से बीज वितरण संबंधित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय, आवास योजना के प्रखंड समन्वयक कुशध्वज कुमार, लव कुमार, महिला पर्यवेक्षिका अंजू देवी, शिक्षा विभाग के प्रतीक सिन्हा, विल्सन लकड़ा, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, रोहित मेहता, अमित कुमार, सुमित कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## ओल्ड एज होम पहुंचे भूमि संरक्षण पदाधिकारी

**लातेहार।** पवित्र सावन माह शुरू हो चुका है। बाबा के भक्त भोलेनाथ पर जल अर्पन करने के लिए कई कई किलोमीटर पैदल चल रहे है। इधर इस पवित्र माह में भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने एक ऐसा कार्य किया जो हमारे समाज के के लिए प्रेरणा स्वरूप है। उनसे आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उनकी सेवा की जिन्हें उनके ही बाल बच्चों ने वृद्धाश्रम छोड़ दिया है। जिन्होंने अपने बच्चों के भविष्य के लिए क्या-क्या जतन नहीं किया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने इन्हीं लोगों से मिलने करकट स्थित ओल्ड एज होम पहुंचे। उनसे मिल उनका मुंह मीठा कराया और उनके साथ समय व्यत्ति किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम आज अपनी संस्कृति और संस्कार भूलते जा रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने कभी अपने माता को नहीं छोड़ा, बल्कि की उनकी सेवा में लगे रहे। आज समाज में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो अपने माता पिता को बोझ समझ लेते हैं और उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं, ऐसा नहीं करना चाहिए। यह बहुत बड़ा पाप है। माता पिता भगवान के स्वरूप हैं, उनकी सेवा करनी चाहिए, ना की छोड़ देनी चाहिए।

**बुजूर्गों ने कहा आते रहिएगा, मन लगता है :** काफी देर रूकने के बाद जब भूमि संरक्षण पदाधिकारी वहां से निकलने लगे तो ओल्ड एज होम में रह रहे बुजूर्गजन भावुक नजर आए और कहा कि आप जैसे लोग आते हैं तो हमें भी मन लगता है, आते रहा कीजिए। भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कहा कि मैं जब तक लातेहार जिले में हूं आते रहूंगा। आप हमें अधिकारी ना समझे अपना बेटा ही मानें।

**बाल आश्रय गृह भी पहुंचे भूमि संरक्षण पदाधिकारी :** भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा जिला मुख्यालय के केशवर आहरा पास स्थित बाल आश्रय गृह भी पहुंचे। यहां पर उन्होंने बच्चों के बीच मिठाईयां बांटी और बच्चों से बातें की। इस दौरान मौजूद बच्चों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। इस दौरान विवेक मिश्रा ने बच्चों से पढाई को लेकर कुछ सवाल भी पूछे, जिसका बच्चों ने शालिनता से उत्तर दिया।

मौके पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा के साथ जितेंद्र श्रीवास्वत, मो दिलशाद, शैलेंद्र कुमार, सौरभ कुमार, पुष्पा देवी, अफसाना बीबी, आदितय सोनी, कोमल कुमार मौजूद रहीं।

### जीलिंग गांव में नहीं बनी पक्की सड़क

# ग्रामीणों ने सड़क पर धनरोपनी कर जताया विरोध

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत का जीलिंग गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। आजादी के इतने दशक बीत जाने के बावजूद गांव में पक्की सड़क तक नहीं बन पाई है। ग्रामीण कीचड़युक्त सड़क पर चलने को मजबूर हैं। आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने भी जीलिंग गांव की सुध नहीं ली है। ग्रामीण सबके पास गुहार लगाते लगाते अब थक चुके हैं। ग्रामीणों ने गुरुवार को कीचड़ से सने सड़क पर धनरोपनी कर सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कराया। स्थानीय ग्रामीण आशीष गंझु, मुटुर गंझू, रामदेव गंझू, लोचन गंझु, लहशु गंझु, शंकर गंझु, सुरेश लोहरा, रतन गंझु ने बताया कि गांव में लगभग एक किमी तक सड़क पूरा कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिसपर साइकिल-मोटरसाइकिल पर तो चलना दूर, पैदल चलना भी दूभर हो गया है। कई बार उक्त सड़क पर गिरकर लोग घायल हो गए हैं। ग्रामीण कई बार सड़क बनाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन आज तक हर जगह से सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि जीलिंग गांव चारो तरफ से पहाड़ियों से घिरा हुआ है। एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर चंदवा के अमझरिया यात्री शेड के पास से जीलिंग आने के लिए सड़क कटती है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि हर वर्ष गांव के लोग श्रमदान कर सड़क की मरम्मत कर इसे चलने योग्य बनाते हैं। लेकिन हर बार बारिश की वजह से सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाता है। ग्रामीणों ने लातेहार विधायक प्रकाश राम, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से एनएच-75 से जीलिंग गांव तक पक्की सड़क बनवाने की मांग की है।

## हाथियों के झुंड ने बनवारी उरांव का घर को किया ध्वस्त, पूरा परिवार हुआ बेघर

**बालूमाथ।** इन दोनों जंगली हाथियों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बुधवार की वन क्षेत्र के झाबर पंचायत स्थित कुशी टोला में जंगली हाथियों के झुंड ने बनवारी उरांव के घर को तोड़कर घर में रखे सामान को तहस-नस कर दिया। जिससे बनवारी उरांव एवं उनका पूरा परिवार घर से बेघर हो गए। इस मूसलाधार बरसात में बनवारी एवं उनका पूरा परिवार रहने और खाने का समस्या उत्पन्न हो गया है। बनवारी उरांव ने प्रखंड एवं जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। घटना की सूचना पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझु पीड़ित परिवार से मिलें एवं हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं वन कर्मियों से घटना की फोन कर जानकारी दी। प्रदीप गंझू ने पीड़ित परिवार को फिलहाल सिर छूपाने के लिए पास के गांव में स्थित धूमकुड़िया भवन में प्रखंड पदाधिकारी को जानकारी देकर व्यवस्था कराई है। गंझू ने पीड़ित परिवार को अपने निजी खर्चे से 50 किलो चावल दाल इत्यादि राशन उपलब्ध कराई है। मौके पर प्रदीप गंझू ने वन विभाग से पीड़ित परिवार का हुए नुकसान को यथाशीघ्र मुआवजा देने की मांग की एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से इस परिवार को नया आवास देने और त्वरित सहयोग करने की मांग किया है।

# स्वर्णकार के प्रतिष्ठान में चोरी सीसीटीवी में कैद हुई घटना

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शहर के पानी टंकी के चंदनडीह रोड स्थित रूपम ज्वेलर्स में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। तीन अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर घटना को अंजाम दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। फुटेज में पहले एक चोर शटर का लॉक तोड़ता दिख रहा है। इसके बाद तीनों चोर पास आते हैं। दो चोर शटर उठाकर अंदर घुसते हैं। दुकान में रखे सामान को झोले में भरकर निकल जाते हैं। तीसरा चोर बाहर की गतिविधि की निगरानी करता है। दुकान मालिक नरेश सोनी ने बताया कि रात में ताला लगाकर घर गए थे। सुबह आए तो शटर का ताला टूटा मिला। सीसीटीवी देखा तो तीन चोर चोरी करते दिखे। चोर दुकान से करीब 50 हजार रुपए की चांदी समेत अन्य सामान ले गए। दुकान के मेन लॉकर को नहीं तोड़ सके, इसलिए ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। मामले की शिकायत थाने में की गई है। थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो ने बताया कि तीन चोरों ने मिलकर चोरी की है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। मामले की जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। इधर, चोरी की घटना के बाद झारखंड स्वर्णकार संघ में आक्रोश है। संघ के उमेश सोनी, मोती सोनी, आशीष सोनी, संजय सोनी ने कहा कि चोर बेलगाम होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि पुलिस मामले की जल्द खुलासा नहीं हुई तो हम लोग आंदोलन करेंगे।

## जिस स्कूल में की पढ़ाई, उसी स्कूल में की चोरी, गिरफ्तार

**कुंदा (चतरा)।** मेदवाडीह सरकारी स्कूल में चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने घटना में शामिल गांव के ही चंदन कुमार नामक चोर को गिरफ्तार किया है। चंदन ने गांव के ही दो अन्य साथियों संग मिलकर विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने विद्यालय से चोरी हुआ 5 मॉनिटर, 5 सीपीयू, 5 कीबोर्ड, 05 माउस, 6 पीस 12 वाट बैटरी, 01 स्टेबलाइजर, 1 प्रिंटर व 1 यूपीएस बरामद किया है। पुलिस ने गांव के ही बहींलवाखाडार जंगल के फटार व बोटकिया ढिबर जंगल से गिरफ्तार चंदन यादव के निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया है। एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

## अधिवक्ता संघ चुनाव: 23 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र भरा

**लातेहार।** आगामी 26 जुलाई को लातेहार जिला अधिवक्ता संघ के पदधारियों का चुनाव होगा। चुनाव के लिए 16 व 17 जुलाई को नामांकन प्रपत्रों की बिकी और नामांकन दाखिल करने की तिथि तय की गयी थी। पहले दिन कुल 13 नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई और सात अभ्यर्थियों ने अपना परचा दाखिल किया है। जबकि दूसरे और अंतिम दिन 17 जुलाई को 16 नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई और 16 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इस आशय की जानकारी देते हुए चुनाव आयुक्त अनिल कुमार ठाकुर, संतोष रंजन व गणेश प्रसाद ने दी। चुनाव आयुक्त संतोष रंजन ने बताया कि चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव के एक- एक, संयुक्त सचिव के दो (प्रशासनिक) व (पुस्ताकालाध्यक्ष) कोषाध्यक्ष व सहायक कोषाध्यक्ष के एक-एक और पांच कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान किया जायेगा।


## कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा।

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय पत्रांक– 663, दिनांक 20.06.2025 (PR No. 344864) द्वारा लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में खाद्य–अखाद्य सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी, परन्तु एक ही निविदादाता द्वारा निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा रद्द की गई।

पुनः द्वितीय निविदा लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में खाद्य–अखाद्य सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 24.07.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना निविदा कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 24.07.2025 के अपराह्न 12.30 बजे कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा (ITDA) के सभा कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा।

PR 357513 Lohardaga(25-26)D



## पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VI 'क' झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या :– 690D भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–सैदाबाद, थाना सं0–355, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा– सैदाबाद, थाना सं0–355, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.624 एकड़ यानि 0.2525 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–सैदाबाद, थाना सं0– 355 कुल रकबा– 0.624 एकड

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 27 | 676 | रैयती | – | 0.0740 | 1. रामचन्द्र सिंह वो रघु सिंह वो मुनी सिंह<br>2. रामलखन सिंह पिता स्व0 जानकी सिंह वो श्री विजय सिंह वो उदय सिह वो कृष्णा सिंह पिता अर्जुन सिंह<br>3. कमला देवी पति सीताराम सिंह<br>4. अखिलेश सिंह पिता श्री बैधनाथ सिंह<br>5. अनिता देवी पति विजय कुमार<br>6. शिवरानी देवी पति अवधेश सिंह<br>7. रामकेश्वर भगत वो रामविलास भगत वो अर्जुन भगत पिता स्व0 तीखुर भगत<br>8. निर्मला देवी पति रामविजय पासवान<br>9. श्री विजय सिंह श्री बेकटेश सिंह पिता श्री दुखा सिंह<br>10. कामेश्वर राम पिता घुरा महतो<br>11. सुनीता देवी पति राजीव कुमार सिह<br>12. चंदन कुमार सिंह वो विनोद कुमार सिंह पिता रामचन्द्र सिंह वो विमला कुवंर पति रामचन्द्र सिंह<br>13. अभय सिंह पिता चन्द्रदीप सिंह | | | | |
| 2 | 27 | 683 | रैयती | – | 0.0790 | 1. रामलखन सिंह पिता स्व0 जानकी सिंह वो विजय सिह वो उदय सिंह वो कृष्णा सिंह पिता अर्जुन सिंह<br>2. रामचन्द्र सिंह वो रघु सिंह वो मुनी सिंह<br>3. श्रीकुमारी पति सुनिल कुमार सिंह श्री कुमारी पिता सुर्यनाथ सिंह<br>4. बलिन्दर कुमार सिंह वो दीपक कुमार सिंह पिता देववंश सिंह<br>5. लखपतिया देवी पति रामकेश्वर राम वो राजकुमारी देवी पति रामरतन राम श्रीमति शांति देवी पति सिपाही राम<br>6. विदोत्मा देवी पति गुप्तेश्वर सिंह<br>7. कर्मदेव मिस्त्री पिता नागा मिस्त्री<br>8. प्रवेश शर्मा पिता नागा शर्मा<br>9. अर्चना देवी पति अरूण कुमार ठाकुर<br>10. रीता देवी पति अनिल कुमार सिंह<br>11. श्रीमति नीरा देवी पति श्री संतोष कुमार सिंह<br>12. सुशीला देवी पति अभय कुमार सिंह<br>13. सुनीता देवी पति विमलेश कुमार सिंह<br>14. गंगा साहू एवं लक्ष्मण साहू पिता स्व0 रामबिलास साहू<br>15. भीमदेव महतो पिता नन्हकू महतो<br>16. रविन्द्र कुमार सिंह पिता मथुरा सिंह | | | | |
| 3 | | 678 | गै0 आम | | 0.002 | यार मोहम्मद अंसारी | | | | |
| 4 | | 682 | गै0 आम | | 0.4520 | – | | | | |
| 5 | 52 | 684 | – | – | 0.0030 | – | | | | |
| 6 | 52 | 685 | – | | 0.0100 | – | | | | |
| 7 | | 686 | – | | 0.0040 | – | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू — जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू — अपर समाहर्त्ता पलामू — उपायुक्त पलामू

PR 357526 Palamu (25-26)_D



## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार।

### "आवश्यक सूचना"

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों के लिये इच्छुक ग्रामीण कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार/संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरे हुए संबंधित पंचायत स्तरीय समिति अथवा ग्राम सभा की अनुशंसा दोनों में से कोई द्वारा अनुशंसित की गई प्रति संलग्न कर अपने प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में दिनांक 15 अगस्त तक आमंत्रित किये जाते है।

| क्र० सं० | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान % | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 01 | दो दुधारू गाय/भैंस की योजना | 1,35,050. | 75% | सभी महिला लाभुकों के लिए। (आपदा/आगलगी से प्रभावित/सड़क दुर्घटना से प्रभावित/परित्यक्त/दिव्यांग महिलाओं को छोड़कर) |
| | | | 90% | आपदा/आगलगी से प्रभावित परिवारों की महिलाओं/सड़क दुर्घटना से प्रभावित की महिलाओं/परित्यक्त/दिव्यांग महिलाओं के लिए। |
| 02 | कामधेनु डेयरी फार्मिंग | | | |
| (क) | पाँच दुधारू गाय/भैंस की योजना | 3,37,625 | 50% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह बैंक ऋण/लाभुक अंशदान अनु० जाति/अनु० जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 75% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह बैंक ऋण/लाभुक अंशदान अनु० जाति/अनु० जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ख) | दस दुधारू गाय/भैंस की योजना | 6,75,250 | 50% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह बैंक ऋण/लाभुक अंशदान अनु० जाति/अनु० जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 75% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह बैंक ऋण/लाभुक अंशदान अनु० जाति/अनु० जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| 03 | चारा काटने का मशीन | | | |
| (क) | हस्त चालित चैफ कटर | 8,000 | 75% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ख) | विद्युत चालित चैफ कटर | 20,000 | 75% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| 04 | प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना | | | |
| (क) | मिल्कींग मशीन | 1,20,000 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए । |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ख) | पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ग) | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (घ) | डीप बोरिंग | 1,00,000 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (च) | काउ मैट | 5,200 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |

**चयन हेतु अहर्त्ताए एवं प्रक्रिया:–**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति अथवा ग्राम सभा की अनुशंसा दोनों में से कोई एक द्वारा अनुशंसा कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त की अध्यक्षता वाली गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- वैसे लाभुक जिन्हे पूर्व में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना के लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायतशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टांस्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समुह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू०– 10000/– अथवा उससे अधिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होन की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अशंदान/बैंक ऋण पर किया जायेगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अन्तर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। वैसे चयनित पशुपालक जिनके पास मनरेगा कार्यक्रम अन्तर्गत शेड निर्मित है, की विस्तृत सूची संबंधित प्रखण्ड विकास दाधिकारी के द्वारा जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का क्रय गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशु विक्रेता से किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवता, मेक तथा विशिश्टियों के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लाभुकों द्वारा हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवता, मेक तथा विशिष्टियों के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं डीप बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के आधार पर अनुदान राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुको को भी अपना अशंदान Escrow Account में 01 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोशागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।

**नोट:– आवेदन पत्र के साथ आवेदक का आधार कार्ड, बैंक खाता (बैंक ऑफ महाराश्ट्र, लातेहार, आई०डी०बी०आई०, लातेहार एवं इंडियन ओवरसीज बैंक, लातेहार तीनों में से कोई एक), जमीन का रसीद (जहां योजना कार्यान्वित की जानी हो), वोटर कार्ड, जाति/दिव्यांग/आपदा/आगलगी से प्रभावित/सड़क दुर्घटना से प्रभावित/परित्यक्ता/गव्य प्रशिक्षण आदि से संबंधित प्रमाण पत्र एवं ग्राम सभा की अनुशंसित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में स्वंय आकर सम्पर्क कर सकते है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्यादेश प्राप्त होने के फलस्वरूप निहित प्रावधान के अनुरूप योजना के क्रियान्वयन नियमानुसार की जायेगी।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 357523 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

# पंचायत उन्नति सूचकांक में लोहरदगा जिला को प्रथम स्थान मिला

नवीन मेल संवाददाता


● डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और जिप अध्यक्षा रीना कुमारी को सम्मानित किया गया

**लोहरदगा।** पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर राज्य स्तरीय प्रसार कार्यशाला का आयोजन होटल बीएनआर चाणक्या में किया गया। पंचायत उन्नति सूचकांक में बेहतर कार्य करते हुए लोहरदगा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी पंचायत उन्नति सूचकांक में झारखंड में लोहरदगा जिला ने 59.37 प्रतिशत स्कोर लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद खूंटी को 59.27% पश्चिम सिंहभूम को 56.4 8% धनबाद को 54.15% और जामताड़ा 53.91 प्रतिशत स्कोर प्रकार द्वितीय तृतीय चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया है। राज्य का सबसे खराब प्रदर्शन सरायकेला खरसावां जिला का रहा जो 42.36 प्रतिशत पाकर सबसे नीचे रहा। राज्य के 4297 ग्राम पंचायत में 4281 ने पंचायत उन्नति सूचकांक में आंकड़ा दाखिल किया जिसमें से बी कैटेगरी में 375 और सी कैटेगरी में 3229 और दी कैटेगरी में 677 ग्राम पंचायत को स्थान मिला है। इस उपलब्धि के लिए पंचायती राज विभाग के निदेशक बी राजेश्वरी ने जिले के उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और जिला परिषद अध्यक्षा रीना कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर उपायुक्त लोहरदगा डॉ ताराचंद ने जिले के सभी जनप्रतिनिधि, यहां के लोग और इस क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी कर्मियों के टीम वर्क की सराहना करते हुए सभी को बधाई दिया है और कहा है कि आगे भी वे अन्य सूचकांकों में बेहतर कार्य करते हुए जिले के पंचायत को विकास की राह में ले जाएंगे। मौके पर लोहरदगा के जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने खुशी जताते हुए कहा कि सम्मान से उत्साह बढ़ता है और आगे और भी जिले के पंचायत का प्रदर्शन बेहतर होगा। वहीं उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने भी इस उपलब्धि के लिए अपनी टीम को बधाई दी है। बताते चले कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को स्थानीय स्तर पर कार्यान्वित करने और जमीनी स्तर पर शासन को सशक्त बनाने की दिशा में बड़े कदमों को उठाते हुए, पंचायती राज मंत्रालय ने पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) जारी किया है, जो देश भर में 2 लाख 50 हजार से अधिक ग्राम पंचायती (जीपी) की प्रगति को मापने का परिवर्तनकारी उपकरण है। पी ए आई स्थानीयकृत एस डी जी (एलएसडीजी) के नौ विषयों में प्रदर्शन दर्शाता है। इनमें पंचायत में गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविक, स्वस्थ पंचायत, बाल-अनुकूल पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत और महिला-अनुकूलित पंचायत शामिल हैं। ये विषय वैश्विक लक्ष्यों को ग्रामीण वास्तविकताओं के साथ जोड़ते हैं, जिससे स्थानीय सरकारों को सामग्र विकास के लिए अपनी नीति निर्धारित करने में मदद मिलती है। पंचायत उन्नति सूचकांक के जिलेवार आंकलन में लोहरदगा जिला 59.37% स्कोर प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## न्यूज बॉक्स

### देवाकी बाबाधाम कांवर यात्रा के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया आमंत्रण पत्र





**लोहरदगा।** श्रावण मास की भक्ति में सराबोर लोहरदगा में एक बार फिर श्रद्धा, सेवा और समर्पण का संगम देखने को मिलेगा। मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से देवाकी बाबाधाम तक प्रस्तावित कांवर यात्रा को लेकर कांवरिया संघ बरवाटोली ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 28 जुलाई को सुबह 8 बजे बरवाटोली चौक से 30 किलोमीटर की यह भव्य कांवर यात्रा रवाना होगी। इस अवसर पर कांवरिया संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से भेंट कर उन्हें यात्रा के उद्घाटन में शामिल होने का निमंत्रण सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त डॉ. ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी समीर कुमार तिर्की और एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा से शिष्टाचार मुलाकात की और उनसे कार्यक्रम में उपस्थित होकर कांवरियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। कांवरिया संघ की ओर से यह जानकारी भी दी गई कि 24 जुलाई को श्रद्धालु सुल्तानगंज से गंगाजल लाने के लिए पिकअप वाहन से रवाना होंगे, जो बाद में कांवर यात्रा का हिस्सा बनेंगे। जलाभिषेक के लिए कांवरियों का जत्था बाबा धाम की ओर प्रस्थान करेगा। कांवरिया संघ के प्रेरक व आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल ने कहा की देवाकी बाबाधाम तक की यह यात्रा सिर्फ धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि एक सामाजिक समर्पण है। हम चाहते हैं कि जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी हमारे साथ चलें, ताकि जन-जन में श्रद्धा और सुरक्षा का संदेश जाए। कांवर यात्रा समाज को जोड़ने वाली एक सशक्त कड़ी है, जिसमें हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है। शिष्टाचार भेंट में संघ के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू, सचिव रोहन साहू, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, प्रदीप साहू, रामकुमार, आशीष साहू एवं मीडिया प्रभारी राहुल कौशल उपस्थित थे।

### वरिष्ठ कांग्रेसी मदन साहू के निधन पर कांग्रेसियों ने व्यक्त की शोक संवेदना



**लोहरदगा।** छत्तर बगीचा निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी मदन साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उनके निधन पर विधायक डॉ रामेश्वर उराँव ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही के साथ एक बेहतर समाज सेवी थे उनका आज असमय हमारे बीच से चले जाना सिर्फ हमारी पार्टी नहीं बल्कि पूरे लोहरदगा जिला और सभी समाज के लिए एक दुखद समाचार है। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि वे मिलनसार और हसमुख प्रवृत्ति के थे उनके निधन से आज सभी समुदाय को काफी क्षति हुई है इनका भरपाई करना मुश्किल है। आज इस दुख के घड़ी में हम सभी दुखित परिवार के साथ-साथ हैं। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के ज़िलाध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधियां डॉ अजय शाहदेव, जिला उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,जिप अध्यक्ष रीना भगत, युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरशद अयूब, महिला कांग्रेस अध्यक्ष, सीमा परवीन, प्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष विनय सहित सभी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शोक संवेदना व्यक्त किए।

### पर्वतारोहण बहादुर पाहन को सांसद सुखदेव भगत ने किया सम्मानित



**लोहरदगा।** कुडू के ककरगढ़ के रहने वाले सूबेदार बहादुर पाहन जो अभी नेहरू इंस्टीट्यूट आफ मॉनिटरिंग में पदस्थापित है। ये 7 सदस्यों के साथ 23 मई 2025 को माउंट एवरेस्ट पर चढ़े थे। ये लोहरदगा के पहले व्यक्ति हैं जो माउंट एवरेस्ट पर चढ़े हैं। दिल्ली में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत ने बहादुर पाहन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद ने कहा कि सूबेदार बहादुर पाहन माउंट एवरेस्ट पर फतह कर लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। सांसद मौके पर उन्हें बधाई दिए।

### आउटसोर्सिंग कर्मी आर्थिक तंगी से जूझ रहे, एक वर्ष से नहीं मिला वेतन



**कुडू।** कुडू प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों की स्थिति दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। पिछले एक वर्ष से अधिक समय से इन कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। आर्थिक तंगी के कारण कई कर्मियों को अपना काम छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। इनमें सफाईकर्मी, लैब असिस्टेंट, वार्ड बॉय और अन्य सहायक स्टाफ शामिल हैं, जो अस्पताल में 24 घंटे सेवाएं देते रहे हैं। अब सभी के हालात बद से बदतर होते जा रहे है। एक महिला कर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम महीनों से बिना वेतन काम कर रहे हैं। बच्चों की स्कूल फीस नहीं दे पा रहे, घर का किराया बकाया है और राशन भी उधार पर लेना पड़ रहा है। कर्मियों का कहना है कि कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर आपातकालीन सेवाएं दीं, लेकिन उनका वेतन लगातार टाला जा रहा है। कई बार स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद अब तक सिर्फ आश्वासन मिले हैं, ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में अगर जल्द ही इन कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया और भविष्य में नियमित भुगतान की व्यवस्था नहीं बनी, तो स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो सकती हैं। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा, स्थानीय प्रशासन और संबंधित आउटसोर्सिंग एजेंसियों की जवाबदेही तय करना अब जरूरी हो गया है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर रखा जा सके और कर्मियों को उनका न्यायपूर्ण हक मिल सके।

# बालू का अवैध खनन व परिवहन रोकें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता


● जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला में बालू का अवैध खनन, उठाव व परिवहन रोके जाने का सख्त निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाए। इस अवधि में किसी भी क्षेत्र से अगर बालू के अवैध खनन, उठाव व परिवहन की सूचना मिलती है तो त्वरित गति से नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही बालू घाटों पर नियमित रूप से छापेमारी भी की जाए। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया है कि अवैध बालू का परिवहन पर उसके चालान की जांच आवश्यक रूप से करें। साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक में बालू के अवैध खनन, उठाव व परिवहन के मामले में पिछले कुछ माह में किये गये एफआईआर व आर्थिक दण्ड पर चर्चा की गई। खनन पदाधिकारी को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार।**

**"आम सूचना"**

सभी संबंधित पशुपालकों/दुग्ध उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम के तहत् जिन्हे DBT के द्वारा सरकारी अनुदान राशि आन्तरित होने के फलस्वरूप अबतक प्रथम चरण के दुधारू मवेशी का क्रय नियमानुसार नहीं किया गया है। वैसे सभी लाभुक को निदेश दिया जाता है कि अतिशीघ्र कार्यालय परिसर किनामाड़, लातेहार में आयोजित दुधारू पशु मेला/शिविर में अपनी पसंद से तीन पाली में गाय/भैंस का दुध देखकर पूर्णरूपेन संतुष्टि उपरान्त दुधारू गाय/भैंस का नियमानुसार निबंधित पशु आपूर्तिकर्ता से क्रय करेगें। द्वितीय चरण की अपनी दावेदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रथम चरण में क्रय की गई दुधारू मवेशी का GPS फोटोग्राफ कार्यालय को समर्पित करेंगे। तदोपरान्त ही पहले क्रय की गई लाभुकों को क्रमबद्ध अनुसार द्वितीय चरण की अनुदान राशि वित्तपोषण की जायेगी। प्रथम चरण की दुधारू मवेशी ससमय क्रय नहीं करने पर विहित प्रक्रिया का अनुपालन कर अव्यहर्त अनुदान राशि को सरकारी कोष में जमा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 357525 (Animal Husbandry) 25-26 (D)



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार**
Email: scolatehar@gmail.com

**अनुदानित दर पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के लिए आवेदन करने हेतु सूचना**

निदेशक, भूमि संरक्षण झारखण्ड राँची का पत्रांक –519 दिनांक 10.07.2025 द्वारा लातेहार जिला में वित्तीय वर्ष 2025–26 एवं 2026–27 में राज्य योजना अन्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस/पैक्स को कुल पैकेज 6.25 लाख का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पाँच लाख) रूपये पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु आवेदन पत्र में आवेदन करने के लिए आमंत्रित की जाती है। लातेहार जिले में छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु –06(छः) एवं व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए–11(ग्यारह) का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है। प्रकाशन की तिथि से दिनांक 30.07.2025 तक कार्यालय दिवस में प्रातः11.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार (संयुक्त जिला कृषि भवन किना माड़ मेन रोड लातेहार) परिसर से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भर कर आवश्यक कागज के साथ जमा कर सकते हैं।

| S NO. | Details of Agri , Machine | Total Package Cost for Group (Rs in Lakes) | Maximum Subsidy for group (80%)(Rs in Lakes) |
|---|---|---|---|
| 1 | Mini Tractor (12.0.22.50PSmaxPTO) Approved model tested model tested by FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Sea t. Hitch, hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. | 6.25 | 5.00 |
| 2 | power Tiller (8.5-15.5 Max horse power-ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery In case of Self Start, Universal mounting Frame. | | |
| 3 | Power weedier/rotary tiller | | |
| 4 | Self Propelled, Rice Transplanted. | | |
| 5 | Self Propelled Reaper | | |
| 6 | Rice Huller with Polisher. | | |
| 7 | Mini Rice Mill. | | |
| 8 | Mini Tractor Compatible-Rotavator (2.5-4.0ft) ) | | |
| 9 | Mini Tractor Compatible-Cultivator (5-7 tines ) | | |
| 10 | Mini Tractor Compatible Disc Harrow (8-10) | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible seed cum fertilizer Drill | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Universal mounting Frame. | | |
| 14 | Paddy thresher | | |
| 15 | Wheat thresher | | |
| 16 | Paddy harvester | | |
| 17 | Post harvest equipments-Flour Mill, Mini Del mill, Oil Expeller. | | |
| 18 | Alternator 10-15 K w | | |
| 19 | Centrifugal Pumps with suction pipe 5-8Kw compatible power Source. | | |
| 20 | 63mm/75/HDPE Pipe maximum up to 500feet (BIS Certification) | | |
| | **Total Cost** | 6.25 | 5.00 |

1. झारखण्ड स्टेट लाईबलीहुड प्रमोशन सोसाईटी **(JSLPS),** द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूह को प्राथमिकता दी जायगी। प्रत्येक समूह में कम से कम 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
2. झारखण्ड स्टेट लाईबलीहुड प्रमोशन सोसाईटी से प्रथमतः निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूह की विवरणी प्राप्त नही होने की स्थति में संस्थओं द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों, जलछाजन समिति के स्वयं सहायता समूहों लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को योजनान्तर्गत आच्छादित किया जायेगा।
3. जिन समूहों के सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन **(LMV)** चालन का वैद्य लाईसेंस होगा एवं समूहो के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
4. जिले का प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय विधायक के अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुये जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
5. जिला स्तरीय गठित चयन समिति से अनुमोदित समूहों के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु कुल अनुमानित लागत 6.25 लाख रूपये का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह के बैंक खाते में जमा होने के साक्ष्य भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार को देने के उपरान्त समूहो द्वारा अपनी इच्छानुशार कृषि प्रसंस्करण यंत्र का चयन कर भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार का अवगत करायेगें।
6. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूह को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रयोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पत्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगा।
7. इसके साथ ही साथ व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों को जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 02 एकड़ से अधिक भूमि होगी उन्हें उपरोक्त यंत्र सारणी में से अधिकतम योजना लागत रूपया 2.00 लाख जिसका 80 प्रतिशत अर्थात अधिकतम अनुदान 1. 60 लाख (एक लाख साठ हजार)रूपये पर इस योजना का लाभ लेने हेतु पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन वांछित कागजात के साथ कार्यालय में पता कर सकते है। विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय मे सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय का पता:–** भूमि संरक्षण कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि भवन किनामाड़ मेन रोड लातेहार।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR.NO.357508 Agriculture(25-26):D



**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय पत्रांक– 705 दिनांक 26.06.2025 (PR No- 345402) के द्वारा लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में **पठन–पाठन से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति** करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी, परन्तु निविदा शर्त में अंकित तकनीकी अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण निविदा रद्द की गई।

पुनः द्वितीय निविदा लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में **पठन–पाठन से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति** करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक **25.07.2025** के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना निविदा कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में निर्धारित अवधि तक जमा कर सकते हैं। दिनांक **.25.07.2025** के अपराह्न 12.30 बजे कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रह सकते हैं। आपूर्ति संबंधित सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0,लोहरदगा

PR 357515 (Lohardaga)25-26*D



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार**
**संयुक्त जिला कृषि भवन किनामाड़ मेन रोड लातेहार**

**– आम सूचना –**

निदेशक, भूमि संरक्षण,झारखण्ड राँची का पत्रांक– 519 दिनांक 10.07.2025 द्वारा लातेहार जिला में वित्तीय वर्ष 2025–26 एवं 20256–27 में राज्य सरकर द्वारा कृशि कार्य को बढ़ावा देने, बहुफसलीय खेती को बढ़ाने एवं सिंचाई की कमी को दूर करने के लिए मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे एवं सिमान्त कृशकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृशक समूहों के साथ ही साथ गत वर्ष में भूमि संरक्षण कार्यालय द्वारा सरकारी/निजी तालाब का जीर्णोद्धार एवं जलनिधि योजना अन्तर्गत निर्मित परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य किया गया हो, उनके पानी पंचायत के सदस्यों एवं सिंचाई स्त्रोत से लाभान्वित कृशकों को निम्न विवरणी के अनुसार अनुदानित दर पर पम्पसेट/सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन प्राप्त किया जाना है। प्रकाशन की तिथि से दिनांक 10.08.2025 तक कार्यालय दिवस में प्रातः11.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार (संयुक्त जिला कृशि भवन किना माड़ मेन रोड लातेहार) परिसर से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भर कर आवश्यक कागज के साथ जमा कर सकते हैं।

| क्र0 | कृशि यंत्र/ मशीन उपकरण का नाम | संभावित भौतिक लक्ष्य | अनुदान की राशि | पम्प सेट और पाईप का मानक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पम्प सेट (1.5–3.0 एच0पी0) 200 फीट HDPE(63-75mm) पाईप के साथ | 153 | 90 प्रतिशत अधिकतम 20000. 00(बीस हजार ) रूपय। | Pump Set-BIS Approved Pipe- BIS Approved |
| 2 | पम्प सेट (3.5–5.0 एच0पी0) 200 फीट HDPE(63-75mm) पाईप के साथ | **14** | 90 प्रतिशत अधिकतम 30000. 00(तीस हजार ) रूपय। | Pump Set-BIS Approved Pipe- BIS Approved |
| 3 | सोलर पम्प सेट 1.0 एच0पी0 (ट्राली मोवेबल टाईप) | 07 | 90 प्रतिशत अधिकतम 90000. 00(नब्बे हजार ) रूपय। | जे्रडा उर्जा विभाग द्वारा Approved |

**वैसे कृषक जो पूर्व में कृषि विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय, द्वारा पम्पसेट का लाभ ले चुके है। उनके आवेदन पर विचार नही किया जाएगा। पूर्व में आवेदन करने के पश्चात् अगर योजना का लाभ नही मिल पाया है तो पुनः आवेदन कर सकते है। विगत वर्षो में जमा किये गये आवेन पर विचार नही किया जायेगा।**

अनुदान की राशि का भुगतान की प्रक्रिया निम्नवत होगी–

- ❖ कृषक द्वारा स्वयं पम्पसेट एवं पाईप क्रय कर विपत्र भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार मे जमा कराने के उपरान्त भुगतान **RTGS/NEFT** के माध्यम से लाभुक के खाते में हस्तांतरित किया जायेगा।
- ❖ बैंक ऋण के माध्यम से पम्पसेट एवं HDPE Pipe क्रय कराने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि हस्तांतरण किया जायेगा।(ऋण लिये जाने का प्रमाण पत्र जमा करना है)
- ❖ लाभूक समूह या कृषक के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के माध्यम से कृषि यंत्रों का क्रय कराने पर उनके बैंक खाते में अनुदान की राशि हस्तांतरित किया जायेगा।

इच्छुक कृषक प्रकाशन की तिथि से दिनांक 10.08.2025 तक कार्यालय दिवस मे प्रातः 11.00 बजे संध्या 04.00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार (संयुक्त जिला कृषि भवन, किना माड़, मेन रोड लातेहार ) से पम्पसेट या सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भर कर आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकतें है।

कार्यालय का पता:– भूमि संरक्षण कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि भवन किनामाड़ मेन रोड लातेहार।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 357507 (Agriculture)25-26*D



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड राँची)**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार**
**संयुक्त जिला कृषि भवन किनामाड़ मेन रोड लातेहार**

**वित्तीय वर्ष 2025–26 में डीप बारिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए "जलनिधि नामक उपयोजना"**

निदेशक, भूमि संरक्षण झारखण्ड राँची का पत्रांक 518 दिनांक 10.07.2025 द्वारा झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसून पर कृषकों की निर्भरता करने हेतु विभिन्न श्रोतों की सिंचाई समुचित व्यवस्था हेतु जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंकं के निर्माण की योजना तथा तालाब जीर्णोद्धार की योजना हेतु लातेहार जिले की संभाावित लक्ष्य प्राप्त है, जो निम्नवत् है।

**1.डीप बोरिंग की योजनाः–**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान राशि: अनुमति योजना लागत प्रति इकाई | अनुदान राशि: अधिकतम अनुदान राशि | अनुदान राशि: पानी पंचायत की अनुदान राशि | संभावित भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|
| योजना अन्तर्गत 6 इंच Diameter Deep Boring s Submersible Pump 1.5 Hp आवश्यक Accessioreis एवं संस्थापक (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) | 13 |

**2.परकोलेशन टैंक (मध्यम एंव निचले खेत में तालाब) की योजना :–**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान राशि: अनुमति योजना लागत प्रति इकाई | अनुदान राशि: अधिकतम अनुदान राशि | अनुदान राशि: पानी पंचायत की अनुदान राशि | संभावित भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|
| Length of Percolation tank-120 ft Width of Percolation tank-100 ft. Depth of Percolation tank-12 ft. Length of Bund-370 ft. Side Slop- 1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) | 100 |

**3.सरकारी/निजी तालाबत जीर्णोद्धार की योजना :–**

| कार्य–योजना | पात्रता | अनुशंसा: माननीय विधायक महोदय द्वारा 75 प्रतिशत | अनुशंसा: उपायुक्त महोदय द्वारा 25 प्रतिशत | अनुदान राशि: अधिकतम अनुदान राशि | अनुदान राशि: पानी पंचायत की अनुदान राशि | संभावित भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष–2025–26 में बंजर भूमि/राईस फैलो विकास उपयोजना अन्तर्गत 05 एकड़ से कम जलक्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाब का जीर्णोद्धार/गहरीकरण। | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 20 से 25 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | | | 90 प्रतिशत | 10 प्रतिशत | 47 |

**डीप बोरिंग, परकोलेशन टैंक एवं सरकारी/निजी तालाब जीर्णोद्धार के लिए आवेदन–पत्र 30.08.2025 तक जमा करना सुनिश्चित करें।**

**कृषक/संस्था का चयनः–**

(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला कृषकों /इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(ii) जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता योजना हेतु मान्य नहीं होगी।
(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम समा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्तिः–**

(i) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र (सलग्न) में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(ii) आवेदन–पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकेगा।
(iii) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार में जमा लिया जायेगा।

1. संबंधित योजना ग्राम सभा में पारित होना चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी / पदाधिकारी की उपस्थिति में) एवं पानी पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत की राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव की संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति) गांव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
5. उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर सर्म्पक किया जा सकता है।
6. जमीन का अद्यतन रसीद एवं पहचान–पत्र।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर सर्म्पक किया जा सकता है।**
**कार्यालय पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार, संयुक्त जिला कृषि भवन कीनामांड़, लातेहार –829206**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 357509 Agriculture(25-26).D

# न्यूज बॉक्स

## 3 नवनिर्मित पंचायत भवनों का लोकार्पण



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के दिशा-निर्देश में गुमला जिले में पंचायत स्तर पर आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बुधवार को विशुनपुर एवं घाघरा प्रखंड के चिरोडीह, हेलता और कोहिपाट पंचायतों में नवनिर्मित पंचायत भवनों का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्त देवी और अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। संबंधित पंचायतों के मुखियाओं को पंचायत भवन की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 में कुल 8 पंचायत भवनों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 3 भवनों का उद्घाटन हो चुका है, जबकि भरनो और डहु पानी पंचायत भवनों का कार्य भी पूरा हो गया है और इनका उद्घाटन जल्द किया जाएगा। पूर्व में रायडीह प्रखंड के फरसा और फसिया पंचायत भवनों का उद्घाटन हो चुका है, जबकि एक अन्य भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

## महीने से बिजली संकट, मुख्य ट्रांसफार्मर खराब

**भरनो।** भरनो प्रखंड इन दिनों गंभीर बिजली संकट से जूझ रहा है। पिछले एक महीने से पॉवर हाउस का मुख्य ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति चरमरा गई है। स्थिति यह है कि 24 घंटे में मुश्किल से 3-4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, वह भी बारी-बारी से एक-एक फीडर में। इस संकट का सीधा असर अस्पताल, बैंक, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय और अन्य जरूरी सरकारी सेवाओं पर पड़ रहा है। महिलाएं मोटर से पानी नहीं भर पा रहीं, छात्र-छात्राएं घर पर पढ़ाई नहीं कर पा रहे, और घरों के बिजली उपकरण धूल फांक रहे हैं। ट्रांसफार्मर की खराबी से प्रभावित गांवों में बनटोली, मालदोन, जोरया, लोंगा और भरनो टाउन शामिल हैं। वर्तमान में पुराने 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर से सीमित बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे एक समय में एक ही फीडर को चालू किया जा सकता है। पॉवर हाउस के तकनीकी कर्मी प्रेमचंद टेटे ने बताया कि एक सप्ताह पहले गुमला से तकनीकी टीम पहुंची थी और जांच के बाद लौट गई, लेकिन अब तक मुख्य ट्रांसफार्मर की मरम्मती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। विभाग के वरीय पदाधिकारी चुप हैं और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर समस्या पर मौन साधे हुए हैं। बिजली आज के समय में हर व्यक्ति की बुनियादी जरूरत बन चुकी है, लेकिन भरनो में बिजली व्यवस्था की अनदेखी से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह संकट और गहराता जाएगा।

## शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न



**चैनपुर।** लूथरन उच्च विद्यालय चैनपुर में आज गुरुवार को एक सफल शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रतिमा एक्का ने की।इस अवसर पर, मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2025 में विद्यालय के शीर्ष पाँच विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में रूसिल उरांव (85.20%), संदीप उरांव (77.20%), चांदनी कुमारी (73.40%), प्रियंका कुमारी (72.20%) और राजन राम (71%) शामिल रहे।कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार ने कुशलतापूर्वक किया। इस दौरान, विभिन्न शिक्षक-शिक्षिकाओं जैसे शांति प्रकाश बेक, संध्या गीध, अनमोल एक्का, कमल किशोर किंडो, अचल प्रतीक एक्का, आनंद रक्षित मिंज, और ख्रीस्त रोशनी कुजूर ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित किया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।यह बैठक विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में सहायक सिद्ध हुई।

## अनाधिकृत दुकान व एम्बुलेंस पर कार्रवाई

**गुमला।** सदर अस्पताल परिसर में अव्यवस्था और नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर गुरुवार को एसडीओ राजीव नीरज, अंचल अधिकारी हरीश कुमार और थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को हटाने का निर्देश दिया गया। सूचना मिली थी कि इन दुकानों में गांजा और शराब का सेवन होता है, जिससे अस्पताल का वातावरण दूषित होता है और राहगीरों को आवागमन में भी कठिनाई होती है। प्रशासन ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि परिसर में दोबारा दुकान लगाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनधिकृत एम्बुलेंस पर भी प्रशासन की नज़र पड़ी। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि सदर अस्पताल में केवल 8 एम्बुलेंस अधिकृत हैं, जबकि कई निजी एम्बुलेंस बिना अनुमति परिसर में खड़ी रहती हैं और मरीजों से मनमाने पैसे वसूल कर निजी अस्पतालों तक पहुँचाने का कार्य करती हैं। कुछ मामलों में पुराने वाहन को एम्बुलेंस में तब्दील कर इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रशासन ने ऐसे वाहनों पर 500 जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही बाइक चालकों को भी अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## थाना प्रभारी ने चलाया जागरूकता अभियान

**भरनो।** भरनो प्रखंड अंतर्गत करंज गांव स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में गुरुवार को थाना प्रभारी आशीष केशरी की अगुवाई में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों को समाज में फैल रही कुरीतियों और अपराधों से सतर्क करना था। अभियान के दौरान थाना प्रभारी ने छात्रों को साइबर अपराध, मानव तस्करी, नशाखोरी, प्रेम-प्रसंग से जुड़ी जटिलताएं, सड़क सुरक्षा नियम और डायन प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं से कैसे बचा जा सकता है और इनसे जुड़े कानूनी प्रावधान क्या हैं। थानेदार ने छात्रों और शिक्षकों को आपातकालीन नंबर 112 और साइबर ठगी के लिए हेल्पलाइन 1930 के प्रयोग की जानकारी भी दी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## बजरंग दल ने किया 24 यूनिट रक्तदान

**गुमला।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में आज सदर अस्पताल, गुमला के ब्लड बैंक में 18वां रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बजरंग दल के 24 कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपाधीक्षक डॉ. अनुपम कुमार किशोर, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सुनील राम, विभाग मंत्री केशव चंद्र साय, जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा, सामाजिक समरसता प्रमुख मुकेश राम एवं प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार उपस्थित रहे। केशव चंद्र साय, अमित कुमार, संतोष यादव, अशोक सिंह, पारस पाहन, मनीष लोहरा, उपेंद्र सिंह, सुनील सोनी, शिवदयाल गोप, भोला नाग, अमर नायक, लोकेश कुमार, रवि राम, किशुन राम, विकास साहू, विजय पन्ना, रोहित नायक, मुन्ना बड़ाईक, सहदेव सिंह, मनोज साहू, सुरेंद्र साहू, रोहित लायन, चिनू सिंह और मुकेश सिंह। विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि यह रक्तदान शिविर सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ता गुमला ही नहीं, बल्कि रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, डाल्टेनगंज जैसे अन्य जिलों में भी ज़रूरतमंदों को समय-समय पर रक्तदान कर सेवा प्रदान करते हैं। विशेष रूप से सिकलसेल व एनीमिया जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों की सहायता में संगठन की भूमिका सराहनीय रही है।

### उपायुक्त के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

# सरकारी विद्यालयों में 18 से 26 तक विशेष साफ-सफाई अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण कई सरकारी विद्यालयों की छतों पर जल जमाव और परिसर में गंदगी की समस्या सामने आई है। बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार 18 से 26 जुलाई तक सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो और जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने संयुक्त रूप से सभी विद्यालय प्रधान, सीआरपी, बीआरपी, कनीय अभियंता, बीपीओ एवं बीईओ को आदेश जारी किया है। विद्यालय भवन की छतों की पूरी सफाई की जाएगी ताकि जल जमाव, काई और गंदगी न हो। छत से पानी की निकासी की व्यवस्था अवरोध रहित सुनिश्चित की जाएगी। विद्यालय परिसर में प्रतिदिन सफाई कर कचरे का सुरक्षित निपटान किया जाएगा।,झाड़ियों और पेड़-पौधों की नियमित छंटनी की जाएगी,भवन की बाहरी दीवारों और कक्षों के अंदर की भी सफाई की जाएगी ताकि काई व गंदगी न रहे। सभी संबंधितों को निर्देश दिया गया है कि हर दिन किए गए कार्यों का जियो टैग फोटोग्राफ शिक्षा विभाग को भेजा जाए, ताकि अभियान की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके।

### श्रम विभाग का जागरूकता अभियान तेज

## खेतों व बाजारों तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो।** श्रमिकों और कामगारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से भरनो प्रखंड में श्रम विभाग द्वारा विशेष निबंधन एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 11 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक जारी रहेगा। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार भरनो के विभिन्न पंचायतों और गांवों में कैंप लगाकर श्रमिकों का निबंधन किया जा रहा है। श्रमिक मित्र रंजीत उरांव ने बताया कि इस अभियान के तहत खेतों, राशन दुकानों, गांव के छोटे-छोटे बाजारों और पंचायत स्तर पर श्रम विभाग की टीम द्वारा जनजागरूकता फैलायी जा रही है। तीन प्रकार के श्रमिक निबंधन किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से मजदूर वर्ग के लोग सरकार की कई जन उपयोगी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इन योजनाओं का लाभ छोटे दुकानदार, ठेला चलाने वाले, सब्जी-फल बेचने वाले, दूध विक्रेता, चना बेचने वाले, मौसमी व्यवसाय करने वाले, टोकरी-झाड़ू बनाने वाले, लकड़ी के औजार बनाने वाले और राजमिस्त्री जैसे श्रमिकों को मिलेगा, जो स्वतंत्र रूप से काम करते हैं। श्रम विभाग की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के कामगारों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाएं पहुंच सकें।

## बैंक खाता खोलने व एनपीसीआई मैपिंग का अभियान शुरू



**गुमला।** जिले में स्कूली बच्चों को छात्रवृत्ति, पोशाक, स्कूल किट जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन ने एक खास अभियान शुरू किया है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर शिक्षा विभाग और बैंकों के सहयोग से यह अभियान 16 जुलाई 2025 से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी उच्च विद्यालयों में बच्चों का एनपीसीआई मैपिंग और नया बैंक खाता खोला जा रहा है। इसका मकसद है कि सभी पात्र छात्रों को योजनाओं का लाभ सीधे उनके बैंक खाते में समय पर मिले और कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे। प्रशासन इस अभियान की लगातार निगरानी कर रहा है और स्कूल प्राचार्यों को पूरा सहयोग देने का निर्देश भी दिया गया है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि सभी बच्चों की बैंकिंग सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

## भूमि विवादों के समाधान लिए अंचल दिवस 19 को

**गुमला।** जिले में भूमि विवादों के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 19 जुलाई को प्रखंड सभागार, गुमला में विशेष अंचल दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनेंगी और त्वरित समाधान हेतु निर्देश देंगी। यह जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों के मामलों को प्राथमिकता पर लेकर, पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से उनका समाधान सुनिश्चित करना है। आम नागरिकों को भूमि विवादों के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर त्वरित समाधान हो सके। ग्रामीण स्तर पर न्याय सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन ने अपील की है कि जिन नागरिकों को भूमि संबंधी कोई भी समस्या है, वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ इस विशेष अंचल दिवस में अवश्य भाग लें, ताकि उनकी शिकायतों को सुना और हल किया जा सके।

## स्कूल के पास तंबाकू बेचने वालों पर कार्रवाई, जुर्माना

**गुमला।** उपायुक्त के निर्देश पर सिसई प्रखंड में कोटपा अधिनियम के तहत तंबाकू नियंत्रण को लेकर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई छारदा स्कूल के 100 गज की परिधि में की गई, जहां स्कूल क्षेत्र में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध है। अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने किया। छापेमारी के दौरान केसरी स्टोर में निकोटीन एवं तंबाकू युक्त उत्पादों की बिक्री करते हुए दुकानदार को रंगे हाथों पकड़ा गया। कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर उस पर अर्थदंड लगाया गया। अनिल केसरी स्टोर में एफएसएसएआई 2006 के नियमों का पालन नहीं करने और सफाई में लापरवाही पाए जाने पर स्पष्टीकरण नोटिस दिया गया तथा आगे के लिए चेतावनी दी गई।

## शराब पीकर वाहन न चलाएं, पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई : डीटीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**घाघरा।** डीटीओ राकेश कुमार गोप और एमबीआई प्रदीप तिर्की ने संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया। इस क्रम में 6 चक्के वाहनों को रोककर वाहन से संबंधित परमिट,रोड टैक्स, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस व वाहन से संबंधित कई कागजात की जांच किया गया। इस क्रम में जिस वाहन के पास कागजात दुरुस्त नहीं मिलने से वैसे वाहनों से 20000 का जुर्माना वसूला गया और हिदायत देते हुए कहा की अगले बार से सभी कागजात वाहन के साथ लेकर चले उसके बाद ही वाहनों को चलाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही अधिकारियों ने नशा में वाहन चलाते पकड़े जाने पर वाहनों को भी जब्त करने और कानूनी कार्रवाई की बात कही। सड़क सुरक्षा को लेकर कई जानकारी दी गई। मौके पर परिवहन विभाग से प्रिंस कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**E- Tender Notice**

**e-NIT No. - 282 /PR/ JUSNL/ 2025-26**

E- Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Painting of different equipment i.e. junction boxes, marshalling boxes, C.T. Bottoms, isolator mechanism boxes, breaker junction boxes etc. alongwith different switchyard structures under Transmission Sub-Division, Garhwa Road. |
| Period of Work | 90 days. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs. 5,900.00/- Rupees Five Thousand Nine Hundred only (to be paid through online mode only). |
| Earnest Money Deposit | Rs. 38,600.00/- Rupees Thirty Eight Thousand and Six Hundred only. (to be paid through online mode only). |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 21.07.2025 at 02:00 PM to 11.08.2025 upto 3:00 PM. |
| Start Date and time of upload of BID | 21.07.2025 at 02:00 PM. |
| End date and time of upload of BID | 11.08.2025 upto 03:00 PM. |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 12.08.2025 at 04:00 PM. |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on. |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand. |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 7488012827 for any enquiry.
2. **The bids will be received through electronic tendering mode only.**
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 357542 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D



**ZILA PARISHAD PALAMU**
**E-MAIL: zilaparishad.palamu@gmail.com**
**NIT No :- DOPR/ZP/PALAMU / EOI-07/2025-26 Date: 17/07/2025**

**Very Short Notice Inviting Expression of Interest**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | REQUEST FOR PROPOSAL FOR SELECTION OF CONSULTANTS FOR PREPARATION OF DETAILED PROJECT REPORT (DPR) FOR CONSTRUCTION OF VAREOUS MAJOR CIVIL WORKS LIKE COMMERCIAL BUILDING, MULTI PUSPOSE BUILDING, DAK BANGLOW, RESIDENCIAL BUILDING, OFFICE BUILDING, PARK BEAUTIFICATION / CONSTRUCTION ETC. IN ZILA PARISHAD PALAMU. |
| 2. | Mode of bid submission | Offline Tender |
| 3. | Tender Fee & Bid Security | Cost of Tender Document: Rs. 5,000/- (Rupees Five Thousand) only **(Non-Refundable)** Earnest Money Deposit (EMD) : Rs. 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand) only |
| 4. | Date & Time of publication of Tender on website | 18/07/2025 & 10:00Hrs |
| 5. | Last Date & Time of submission of Pre Bid queries | 23/07/2025 & 16:00Hrs |
| 6. | Last Date & Time for submission of offline bids | 25/07/2025 & 15:00Hrs |
| 7. | Last Date & Time of submission of EMD and Tender fee in form of Bank Guarantee/FDR and Tender Fee in form of Demand Draft of any Nationalized/ Scheduled Bank (Hard Copies) | 25/07/2025 & 15:00Hrs |
| 8. | Date & Time of bid opening | 25/07/2025 & 16:00Hrs |
| 9. | Bid submission address | Office, Zila Parishad Palamu Kutchery Campus (Daltonganj) Palamu, Jharkhand -822101. |
| 10. | Helpline no. | 9006083521 |

Further details are available on Zila Parishad notice board and Palamu NIC website www.palamu.nic.in

ह0/–उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू

PR 357565 (District)25-26*D



**पलामू समाहरणालय**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

**संख्या :–690 O भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–लोटनिया, थाना सं0–398, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–लोटनिया, थाना सं0–398, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 5.666 एकड़ यानि 2.2930 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–लोटनिया, थाना सं0– 398 कुल रकबा–5.666 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 209 | 824 | गै0 आम | रास्ता | 0.0910 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 2 | 209 | 1463 | गै0 आम | रास्ता | 0.0470 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 3 | 207 | 825 | सिंचाई विभाग झारखण्ड सरकार | नहर | 5.528 | सिंचाई विभाग झारखण्ड सरकार | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR.NO.357539 Palamu(25-26):D



**पलामू समाहरणालय**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

**संख्या :–690 I भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–मिरहियाडीह, थाना सं0–350 थाना–हुसैनाबाद, अंचल –हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–मिरहियाडीह, थाना सं0–350, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.2020 एकड़ यानि 0.08175 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–मिरहियाडीह, थाना सं0– 350 कुल रकबा–0.2020 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा(भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 26 | 206 | गै0मा0 खास | कच्ची सड़क | 0.0510 | जिला परिषद डालटनगंज | | | | |
| 2 | 27 | 150 | गै0मा0 खास | टाड़–2 | 0.0210 | आनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 3 | 27 | 188 | गै0मा0 खास | टाड़–2 | 0.0270 | आनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 4 | 27 | 191 | गै0मा0 खास | टाड़–2 | 0.0340 | आनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 5 | 27 | 205 | गै0मा0 खास | टाड़–2 | 0.069 | आनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR.NO.357531 Palamu(25-26):D



**पलामू समाहरणालय**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**संख्या :–690N भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–करिमनडीह, थाना सं0–400, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–करिमनडीह, थाना सं0–400, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 1.8110 एकड़ यानि 0.7329 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–करिमनडीह, थाना सं0– 400 कुल रकबा– 1.8110 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 26 | 11 | सिंचाई विभाग झारखण्ड सरकार | नहर | 1.8110 | सिंचाई विभाग झारखण्ड सरकार | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 357538 Palamu(25-26).D

"विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने समाज और देश के प्रति जागरूक रहे। उसे अपने समाज और देश की समस्याओं के बारे में सोचना चाहिए और उनका समाधान खोजने का प्रयास करना चाहिए।" - **हजारी प्रसाद द्विवेदी**

## संपादकीय

# अकल्पनीय ट्रंप और आर्थिक युद्ध

परमाणु हथियारों से भी अधिक अकल्पनीय ट्रंप से विश्व आशंकित है और वे अपने ऊटपटांग बयानों के साथ टैरिफ युद्ध रणनीति में लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में युद्धों, क्षेत्रीय संघर्षों और ट्रंप के टैरिफ की आशंकाओं के चलते शक्तियों के बीच टकराव पहले ही नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है, तब अमेरिकी सीनेटरों और नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) की भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों के रूस के साथ व्यापारिक संबंध जारी रखने पर भारी टैरिफ लगाए जाने की चेतावनी देने से सवाल उठता है कि कहीं दुनिया आर्थिक युद्ध की तरफ तो नहीं बढ़ रही। उल्लेखनीय है कि यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी रूस के राष्ट्रपति पुतिन को पचास दिन के भीतर यूक्रेन से युद्ध खत्म न करने पर सौ फीसदी द्वितीयक टैरिफ की धमकी दे चुके हैं। उल्लेखनीय है कि द्वितीयक टैरिफ उन देशों या कंपनियों पर लगता है, जिन पर सीधे कोई प्रतिबंध नहीं होता, लेकिन उनके साथ व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं। चूंकि भारत और चीन रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक हैं, यह स्थिति दोनों के लिए चिंताएं बढ़ाने वाली है। भारत अपनी लगभग 88 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है, और पिछले करीब तीन वर्षों से रूस भारत के तेल आयात का आधार रहा है। अगर इन टैरिफ के चलते रूस से तेल की आपूर्ति रुकती है, तो भारत को सऊदी अरब और इराक जैसे वैकल्पिक स्रोतों को देखना होगा, जिससे स्वाभाविक ही तेल की कीमतें बढ़ेंगी और इसका असर आम जनता पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि भारत ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी अपनी चिंताओं को लेकर अमेरिकी सांसदों और ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत कर रहा है। इस सवाल का जवाब कि-क्या टैरिफ की धमकियां इन देशों को अपनी व्यापारिक नीतियों में बदलाव लाने पर मजबूर करेंगी- इतना आसान नहीं है। इसकी पहली वजह तो यह कि तीनों ही मजबूत अर्थव्यवस्थाएं हैं और दूसरी यह कि इन देशों के साथ पश्चिमी देशों के भी गहरे हित जुड़े हुए हैं। नाटो में शामिल पश्चिमी देशों का तर्क है कि रूस के साथ व्यापार करने वाले देश अप्रत्यक्ष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा दे रहे हैं। हालांकि, भारत ने हमेशा से ही इस मामले में तटस्थ रुख अपनाते हुए बार-बार कहा है कि वह संवाद और कूटनीति के माध्यम से शांति की वकालत करता है, और उसका रूस के साथ व्यापार राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर ही किया जाता है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों को टैरिफ की चेतावनी ने कूटनीति के मोर्चे पर नया तनाव तो पैदा किया ही है। अब यह तनाव वैश्विक व्यवस्था को किस दिशा में ले जाता है, यह तो समय ही बताएगा।भारत लंबे समय से अमेरिका और रूस दोनों से व्यापार में संतुलन रखकर चलता आया है। अपने ऐतिहासिक रिश्तों की वजह से भारत लंबे समय से हथियारों के लिए रूस पर निर्भर रहा है। दूसरी तरफ 2022 में रूस-यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से भारत ने रूस से तेल का आयात भी बढ़ाया है। मौजूदा समय में रूस से सबसे ज्यादा तेल आयात करने वाले देशों में चीन और भारत सबसे ऊपर हैं। व्यापार के पूरे आंकड़ों को देखा जाए तो भारत और रूस ने 2024-25 में कुल 68.7 अरब डॉलर का कारोबार किया। इस दौरान जहां भारत का कुल निर्यात 4.88 अरब डॉलर का रहा वहीं, आयात 63.84 अरब डॉलर का रहा। अगर अमेरिका ने रूस से व्यापार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाने का एलान किया तो भारत को तेल के आयात में नुकसान उठाना पड़ सकता है।



*द्वितीयक टैरिफ उन देशों या कंपनियों पर लगता है, जिन पर सीधे कोई प्रतिबंध नहीं होता, लेकिन उनके साथ व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं।*

# मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश



पिछले कुछ सालों में लाखों ड्राइवर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े हैं। क्योंकि इसमें उन्हें काम करने की आजादी, अनुकलता और तकनीकी सुविधा मिलती है। हालाँकि बढ़ते कमीशन, अस्पष्ट नीतियों, मनमाने निलंबन और सुरक्षा के अभाव ने इस वादे को कई लोगों के लिए निराशा में बदल दिया। भारत भर में तीन मिलियन से अधिक गिग ड्राइवरों द्वारा अनुभव की गई इन चुनौतियों ने व्यापक और लागू करने योग्य विनियमन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके जवाब में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पहले ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत "मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2020" जारी किये थे। इन दिशानिर्देशों ने राज्य सरकारों को एग्रीगेटर्स को लाइसेंस देने और उनकी निगरानी करने का अधिकार देते हुए एक नियामक ढाँचा प्रदान किया, जिससे वाहन-परिचालन उद्य़ोग के विकास को बढ़ावा मिला। ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अब मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 पेश किया है। "यह भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में संरचना, सुरक्षा और समावेशिता लाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अपडेट है"। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशानिर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

2025 के दिशानिर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा। अब तक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवर, अक्सर खुद को कम कमाई, मनमाने ढंग से कार्य से हटाना (ऑफ-बोर्डिंग), बीमा का न होना और अपर्याप्त कानूनी उपायों के साथ अनिश्चित परिस्थितियों के बीच काम करते थे। नए नियम दिशानिर्देश इन प्रणालीगत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं।

दिशानिर्देशों में एग्रीगेटर्स को राज्यों द्वारा अधिसूचित मूल किराए के आधार पर प्रति घंटे या न्यूनतम गारंटीकृत आय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर और ड्राइवर के बीच किराया निपटान, आपसी सहमति से दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इस कदम से हजारों ड्राइवरों को खासकर आय-प्राप्ति वाले समय में, आय में होने वाले उतार-चढ़ाव से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार ने अब प्रत्येक एग्रीगेटर को कम से कम 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रूपये का सावधि बीमा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। उम्मीद है कि ये सुरक्षा उपाय गिग श्रमिकों को औपचारिक श्रम संरचनाओं के दायरे में लायेंगे।

इसके अलावा, नए दिशानिर्देश कमीशन में पारदर्शिता लाते हैं तथा एग्रीगेटर के हिस्से को अधिकांश मामलों में प्रत्येक किराए के 20% तक सीमित करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है, कि ड्राइवर अपनी आय का एक उचित हिस्सा रख सकेंगे। एग्रीगेटर्स को भुगतान कटौती, किराया विभाजन और जुर्माने के बारे में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी भी प्रदान करनी होगी।

दिशानिर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक एग्रीगेटर एक औपचारिक शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना करेगा, जहाँ यात्रा रद्दीकरण, भुगतान विवाद या निलंबन जैसे मुद्दों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। ड्राइवरों को समय- समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें ऐप उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, लैंगिक संवेदनशीलता, दिव्यांगजन जागरूकता, ग्राहक से बातचीत, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर आधारित 40 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होगा, ताकि वे भविष्य के यातायात से जुड़ी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें। यात्रियों के लिए भी ये दिशानिर्देश समान रूप से परिवर्तनकारी हैं। यात्रा सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और किराए में हेरफेर से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नए दिशानिर्देश सुरक्षा उपाय लेकर आए हैं, जिनकी बहुत आवश्यकता थी। एग्रीगेटर प्लेटफ़ॉर्म पर सभी ड्राइवरों को अनिवार्य पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य जांच और व्यवहार प्रशिक्षण से गुजरना होगा। इसके अलावा, प्रत्येक वाहन में इन ऐप आपातकालीन बटन, जीपीएस-आधारित निगरानी और यात्राओं को साझा करने की सुविधाएँ होनी चाहिए, जो सभी यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाती हैं।

राज्य की निगरानी में एग्रीगेटर्स द्वारा एक 24x7 नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। यात्रियों के लिए एक और बड़ा लाभ किरायों और विशेष परिस्थितियों में किराये में वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) का नियमन है।

दिशानिर्देशों में स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित की गई हैं: राज्य की नीति के आधार पर किराए में वृद्धि की सीमा आधार किराए के 1.5 से 2 गुना तक सीमित की गयी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च माँग के समय यात्रियों का शोषण न हो। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म को किराए का विवरण पारदर्शी रूप से प्रदर्शित करना आवश्यक है, जिसमें आधार किराया, गतिशील शुल्क, एग्रीगेटर का हिस्सा और सरकारी कर शामिल हैं। महत्वपूर्ण रूप से, दिशानिर्देश उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का भी ध्यान रखते हैं। एग्रीगेटर्स को भारत-स्थित सर्वरों पर उपयोगकर्ता डेटा का संग्रह करने और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम सहित डेटा सुरक्षा रूपरेखा का पालन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि डेटा का दुरुपयोग या लीक न होना सुनिश्चित हो सके और भारत की संप्रभु डेटा नीतियों के अनुसार इसे सुरक्षित रखा जा सके।

प्रधानमंत्री के विकसित भारत@2047 के विजन, जो समावेशी और सतत विकास पर जोर देता है तथा दिव्यांगजनों के सम्मान और स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप, दिशानिर्देश में इस बात को अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर बेड़े का एक हिस्सा दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाएं और कार्यबल में ड्राइवरों के रूप में दिव्यांगजनों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। ऐसे वाहनों की संख्या राज्यों द्वारा स्थानीय जरूरतों और आवश्यकताओं के आधार पर निर्धारित की जाएगी। स्थायित्व के लिए एक बड़े प्रयास के तहत, एग्रीगेटर्स को अपने बेड़े में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, वैकल्पिक ईंधन या शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों को शामिल करने की आवश्यकता है। संबंधित वायु नियामक निकाय वाहन-परिचालन प्लेटफार्मों के लिए राज्यवार ईवी लक्ष्य निर्धारित करेंगे, तथा यह भारत के जलवायु और स्वच्छ वायु लक्ष्यों के अनुरूप है। दिल्ली की 'देवी' (डीईवीआई) बसें जैसी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियाँ ईवी एकीकरण के उदाहरण हैं, जो पहले से ही मौजूद हैं। ये दिशानिर्देश राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों, विशेष रूप से अनुच्छेद 39 के अनुरूप हैं, जो राज्य को निर्देश देता है कि गिग श्रमिकों सहित नागरिकों के लिए आजीविका के पर्याप्त साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, संविधान के अनुच्छेद 21, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, की न्यायालयों द्वारा की गयी व्याख्या में सुरक्षित कार्य वातावरण के अधिकार और सम्मान के साथ आवागमन के अधिकार को शामिल किया गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की **बात**



**अजय टम्टा**
केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री

## विश्व सर्प दिवस



विश्व सर्प दिवस पर मैंने अपनी शक्ति और सामर्थ योग्यता के आधार पर मनाने का निर्णय अंततः ले ही लिया। इस निर्णय के पीछे एकमात्र कारण यह था कि राष्ट्रीय संयुक्त सचिव का कंधे पर भार अधिक लगने लगा था। पूरी पूजन सामग्री मंगाई गयी और वह भी अपनी टेंट से, अपने बटुए से। सर्प देवता के विधिवत आह्वाहन, पूजन, हवन और आरती के लिए चलन में रह रहे सारे श्लोक - मंत्र कंठस्थ कर लिए। सर्प देवता के लिए मखमली कपड़े बिछे एक ऊँचे स्थान के लिए छोटी चौकी लगा दी। पान पत्र पर सुपारी में मौली धागा लपेट कर और ऊपर से गोबर लीप पर गौरी गणेश के विग्रह बनाए गए। फिर काँसे के लोटे की गर्दन में मौली धागा बाँध लिया। लोटे पर रोली से स्वास्तिक का चिन्ह भी बड़े मनोयोग से बनाया। एक छोटी चौकी पर एकरंगा कपड़ा बिछाकर नवग्रह, षोडस मातृका चावल से विग्रह बनाया। फिर पारम्परिक रूप से अग्नि देव, वरुण देव, पृथ्वी पूजन, दिशा रक्षण और स्वस्तिवाचन भी रटे हुए मंत्र से कर विधिवत संकल्प लिया। श्री गणेश, कलश स्थित देवों, नवग्रह और षोडस मातृका के आह्वाहन, पूजन के बाद सर्प देवता का विधिवत आह्वाहन प्रारम्भ किया ही था कि आस्तीन से सर्प देवताओं का आगमन होने लगा। एक के बाद एक प्रजातियों के सर्प निकलकर आसन ग्रहण करने लगे। उनकी संख्या स्थिर होने का नाम ही नहीं ले रही थी। इसमें बहुत समय निकल गया। शीघ्रता से उनके पूजन और आरती को सम्पन्न कर अभी मुक्त हुआ हूँ। लेकिन मुझे ज्ञात नहीं कि आरती के बाद वे सर्प देवी - देवतागण पुनः मेरी आस्तीन में प्रवेश किए अथवा किस पदाधिकारी के या फिर अलग समूह बनाने निकल पड़े। मुझे इसका कोई मलाल नहीं है। देवी - देवता हैं, बस जहाँ कहीं भी रहें, आशीर्वाद देते रहें। हम वैसे भी भोले हैं, वे कभी भी अपनी सुख - सुविधा के लिए मेरी आस्तीन में आकर विराजमान हों! बोलिए एक बार प्रेम से - सर्प देवता की जै!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की **बात**



**डॉ प्रशान्त करण**

# पाकिस्तान में तख्ता पलटा तो...!

पाकिस्तान में सत्ता पलट की सुगबुगाहट होने लगी है। हमारा दूसरा पड़ोसी बांग्लादेश भी शांत नहीं है। यूं तो इन दोनों देशों में इस तरह की हलचल का जुलाई में होने वाली ऐतिहासिक घटनाओं से कोई नाता नहीं है, फिर भी कुछ को याद करना चाहिए। वर्ष 1658 में जुलाई की पांच तारीख थी, जब मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बना लिया था। वह शाहजहां के बीमार पड़ने के बाद सत्ता की लड़ाई का नतीजा था। मथुरा के पास बंदी बनाया गया मुराद बख्श आगरा में कैद कर रखा गया। बाद में 1661 में उसकी मौत हो गई थी। यह घटना बहुत पुरानी है। तख्ता पलट के ताजा मामले पाकिस्तान में हुए हैं। बात जुलाई की हो रही है, तो 1977 में इसी महीने की पांच तारीख को ही जुल्फिकार अली भुट्टो को सत्ता से हटाकर जनरल जिया उल हक ने कब्जा कर लिया था। ऐसा करने वाले वे चौथे सैनिक तानाशाह थे। हालांकि वे 11 साल तक सत्ता में बने रहे और एक रहस्यमयी विमान दुर्घटना में मारे गये। इतिहास की ये घटनाएं पाकिस्तान में ताजा हलचल के बीच याद की जा रही हैं। खबरें साफ होने लगी हैं कि पाकिस्तान फिर सत्ता के खिलाफ साजिश के दौर से गुजर रहा है। आतंकवाद के विरुद्ध पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के बाद वहां सब कुछ सामान्य नहीं है।

आतंकवादियों को संरक्षण देने वाली पाकिस्तान की छवि इस ऑपरेशन के बाद और भी स्पष्ट हुई है। यह अकारण नहीं है कि जुल्फिकार अली भुट्टो के नवासे और बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो ने कुछ दिन पहले ही हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकियों को भारत को सौंपने की जरूरत बताई थी। ये चेहरे दुनियाभर में, खासकर भारत के खिलाफ आतंकवाद के बड़े सरगना हैं। बिलावल ने यह जरूरत क्यों बताई और इसके पीछे उनके वालिद और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को बचाने की मंशा है, इस पर चर्चा चल सकती है। वैसे पिता-पुत्र के रिश्ते भी चर्चा से बाहर नहीं हैं। जो भी हो, राष्ट्रपति को बचाने के प्रयास का चर्चा में आना अस्वाभाविक नहीं है। इसे सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर और राष्ट्रपति जरदारी के बीच तनाव की खबरों से भी जोड़कर देखा जा सकता है। जनरल मुनीर जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच के भागीदार बने, तभी से अमेरिका के पाकिस्तान की सत्ता में फिर से रुचि बढ़ने के कयास लगने लगे थे। अब जनरल ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर नई चर्चा को हवा दी है। कहते हैं कि जनरल फिलहाल पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को साथ रखना चाहते हैं। इसी योजना के तहत दोनों की मुलाकात हुई है। वैसे जरूरत पड़ने पर मुनीर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी किनारे लगा सकते हैं। जहां तक पाकिस्तानी अवाम का सवाल है, भारत की सैन्य कार्रवाई के दौरान उसे लगता है कि पाकिस्तानी सेना को वहां के राष्ट्रपति की ओर से 'खुले हाथ' नहीं रखा गया। वैसे मुनीर ने भी कम डींगे नहीं हांकी, फिर भी 'कौन अधिक झूठा' की लड़ाई जोरों पर है। देखना है कि यह लड़ाई तख्तापलट तक कैसे पहुंचती है। ऐसा हुआ तो यह आधिकारिक रूप से पाकिस्तान में पांचवां तख्तालट होगा। ऐसा हुआ तो निश्चित ही भारत का इस पड़ोसी के साथ रिश्ता एक बार और नये सिरे से देखा जायेगा।

इतिहास में तख्तापलट शब्द का पहली बार प्रयोग 19वीं सदी में हुआ था। उस वक्त अमेरिका, पुर्तगाल, स्पेन और लैटिन को तख्तापलट का सामना करना पड़ा। तख्तापलट क्या होता है, यह भी जानना जरूरी है। यह वो परिस्थिति है जब किसी देश की सेना, अर्धसैनिक बल या फिर विपक्षी पार्टी वर्तमान सरकार को हटाकर खुद सत्ता पर काबिज हो जाती हैं। सैन्य तख्तापलट में सेना सरकार को हटाकर एक दिखावटी असैन्य सरकार स्थापित कर देती है। पाकिस्तान कई बार तख्तापलट देख चुका है। पहला तख्तापलट 1953-54 में हुआ था। इस दौरान तत्कालीन गवर्नर-जनरल गुलाम मोहम्मद ने प्रधानमंत्री ख्वाजा नजीमुद्दीन की सरकार को बर्खास्त कर दिया था। दूसरा तख्तापलट 1958 में हुआ, जब तत्कालीन राष्ट्रपति मेजर जनरल इस्कंदर अली मिर्जा ने संविधान सभा और तत्कालीन फिरोज खान नून की सरकार को बर्खास्त कर दिया। 1977 में सेना प्रमुख जनरल जियाउल हक के नेतृत्व में तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार गिराई गई थी। चौथा तख्तापलट 1999 में सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने किया था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**डॉ. प्रभात ओझा**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

अपराधी वे सृजन के, जो रचते विपरीत।
'चिति' रक्षण करते नहीं, गढें स्वयं की रीत।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# लवजेहादी चरमपंथियों के निशाने पर हैं हिन्दू लड़कियां!

इन दिनों देश भर में हिन्दू लड़कियों के शोषण और साजिश षडयंत्र के तहत बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के लिए कई छांगुर बाबा सक्रिय है। हाल ही में पर्दाफाश हुए धर्मांतरण गिरोह के सरगना जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को की सो करोड़ रुपए इस्लामिक देशों से मिले थे। यह बात पुलिस की छानबीन में सामने आ चुकी है। एक योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण के इस खेल में एक नहीं अनेक लोग शामिल थे। अब धीरे-धीरे सब बेनकाब हो रहे हैं और कानून का शिकंजा इन समाज व देश विरोधियों विरुद्ध कसता जा रहा है। उत्तर प्रदेश एटीएस और ईडी की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, छांगुर बाबा की सच्चाई परत-दर-परत बेनकाब होती जा रही है। धर्मांतरण के एक संगठित रैकेट से शुरू हुआ खुलासा अब आईएसआई कनेक्शन और राष्ट्रविरोधी साजिश तक पहुंच चुका है। छांगुर बाबा सिर्फ धर्म बदलवाने का खेल नहीं खेल रहा था, बल्कि हिंदुस्तान में सांप्रदायिकता का जहर खोलकर तोड़ने की साजिश भी रच रहा था।जानकारी के मुताबिक, छांगुर बाबा ने धर्मांतरण के नाम पर जो नेटवर्क खड़ा किया था, उसी का इस्तेमाल कर वो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से सीधा संपर्क साधने की कोशिश कर रहा था। बताया जाता है कि है कि नेपाल की राजधानी काठमांडू में पाकिस्तानी दूतावास में आईएसआई एजेंटों की एक गोपनीय बैठक हुई थी। इसमें छांगुर के नेपाल कनेक्शन के जरिए संपर्क की कोशिश की गई। देश में हिन्दू लड़कियों के धर्मांतरण को प्रोत्साहित करने के लिए 10 से 15 लाख रुपए लड़की की जाति देखकर इनाम के रूप में रखे जाते थे। जिन लड़कियों ने हिन्दू धर्म में वपसी की है अब उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। हिन्दुओं प्रति नफरत इस हद तक है कि हर स्तर पर हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने में कट्टरपंथियों को सकून मिलता है। एक रिपोर्ट बताती है कि छांगुर बाबा की योजना थी कि आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू परिवारों की महिलाओं को फंसाकर उनका धर्मांतरण कराया जाए। फिर इनका निकाह नेपाल में आईएसआई के एजेंटों और स्लीपर सेल से करवा दिया जाए। ये महिलाएं बाद में जासूसी के नेटवर्क का हिस्सा बन सकें, इसके लिए बाकायदा कोडवर्ड सिस्टम भी विकसित किया गया था। छांगुर बाबा का नेटवर्क सिर्फ उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं था।छांगुर बाबा का जाल महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ था। इस पूरे नेटवर्क को वो विदेशी फंडिंग के जरिए मजबूत करता रहा। एटीएस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उसने लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों की फौज तैयार की थी। बीते तीन वर्षों में 1000 से ज्यादा मुस्लिमों को इस काम के लिए कैश पेमेंट दी गई। नेपाल सीमा से सटे सात जिलों को टारगेट किया गया। बाबा का नेटवर्क लड़कियों को फंसाता, ब्रेनवॉश करता और फिर उनका धर्मांतरण कर निकाह करवा देता था। इसके लिए विदेशों से भारी मात्रा में फंड आता था। एटीएस की जांच में छांगुर बाबा द्वारा इस्तेमाल किए गए कोडवर्ड भी सामने आए हैं। जैसे कि लड़कियों को 'प्रोजेक्ट' कहा जाता था। ब्रेनवॉश की प्रक्रिया को 'काजल करना' कहा जाता था। किसी लड़की को बाबा से मिलाने को 'दीदार कराना' कहा जाता था। एक रिपोर्ट के अनुसार धर्मांतरण को 'मिट्टी पलटना' कहा जाता था। इन कोड्स के जरिए बाबा और उसका गैंग आपस में बात करता था ताकि किसी को भनक न लगे। ईडी और एटीएस की पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि बाबा के पास विदेशों से करोड़ों की फंडिंग आई। जांच में अब तक 18 बैंक खातों की जानकारी मिली है। इनमें कुल 68 करोड़ रुपए जमा हुए। केवल तीन महीनों में ही 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। इस से भी चिंता जनक बात यह है कि इस तमाम षडयंत्र में कथित तौर पर एक आइपीएस अधिकारी लंबे समय तक तैनात रहे प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार पटवारी और पुलिस स्टाफ की भी मिलीभगत शिकायतें अनदेखा करने और समय समय पर छांगुर बाबा और उसके गुर्गो का संरक्षण व बचाव करने की बात सामने आ रही है। बिना सरकारी तंत्र की गंदी। मछलियों की मदद के इतना बड़ा स्कैंडल करना संभव नहीं है। इसी तरह का एक मामला शाहजहांपुर का है। यहां एक लवजेहादी नावेद उर्फ कासिब ने माथे पर तिलक, कलाई में कलावा बांधकर खुद को शिव वर्मा बताकर धर्मांतरण का जाल बिछाया। उसने 18 हिंदू लड़कियों को जाल में फंसाकर उनका शारीरिक शोषण किया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बारिश और भूस्खलन में फंसे 3 हजार श्रद्धालुओं को मिली सेना की मदद

**एजेंसी। नई दिल्ली**




जम्मू-कश्मीर के ऊपरी क्षेत्रों में लगातार खराब मौसम के बीच अमरनाथ यात्रा प्रभावित हुई है। यहां बारिश और भूस्खलन के कारण सैकड़ों यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ऐसे में भारतीय सेना ने एक बार फिर अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए सैकड़ों श्रद्धालुओं को अपने कैंपों में शरण दी है। अमरनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा के मार्ग में बाधा उत्पन्न हुई है। सभी यात्रियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के प्रयास लगातार जारी हैं। वहीं, रायलपथरी और अन्य क्षेत्रों में हल्की बारिश अभी भी जारी है और सेना पूर्ण सतर्कता के साथ किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने यहां सेना के कैंपों में शरण ली है। सेना के कैंपों में शरण लेने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें सही समय पर सेना द्वारा इन कैंपों में शरण दी गई, जिसके कारण वे तेज बारिश और भूस्खलन से बच सके। श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां सेना के कैंपों में उन्हें पीने का पानी, चाय व भोजन भी उपलब्ध कराया गया है। श्रद्धालुओं का कहना है कि सेना के कैंपों में करीब 3 हजार के आस-पास व्यक्तियों को शरण दी गई है। अमरनाथ यात्रा 2025 के दौरान किए गए ये त्वरित और मानवीय प्रयास भारतीय सेना की पेशेवरिता, समर्पण और सेवा भाव के एक और शानदार उदाहरण हैं, जो हर संकट में यात्रियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। गौरतलब है कि भारतीय सेना ने अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाने और यात्रा की निर्बाध सम्पन्नता सुनिश्चित करने के लिए 'ऑपरेशन शिवा 2025' चला रही है। 'ऑपरेशन शिवा' नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ समन्वय में संचालित किया जा रहा है।

## 500 श्रद्धालुओं को सेना ने टेंट में पहुंचाया

भारी बारिश के कारण सड़क पर काफी मलबा बहकर आ गया है। यात्रा से लौट रहे कई श्रद्धालुओं को रास्ते में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारतीय सेना के मुताबिक 16 जुलाई की शाम लगभग सवा सात बजे लगातार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे यात्रा बाधित हो गई और बड़ी संख्या में यात्री फंसे रह गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यहां तैनात सेना की टुकड़ी ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। क्षेत्र में फंसे लगभग 500 यात्रियों को टेंट में ठहराया गया और उन्हें चाय व पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त, करीब 3000 यात्रियों ने सेना के लंगरों में शरण ली, जहां उन्हें आवश्यक आश्रय और भोजन प्राप्त हुआ। एक विशेष रूप से गंभीर मामला एक बीमार यात्री का था, जो दो भूस्खलन संभावित क्षेत्रों के बीच रायलपथरी में फंसा हुआ था। भारतीय सेना की क्विक रिएक्शन टीमों ने बेहद चुनौतीपूर्ण मौसम में मैनुअल स्ट्रेचर के माध्यम से सुरक्षित रूप से उस यात्री को बचाया और आगे एम्बुलेंस द्वारा उसे चिकित्सा सहायता के लिए भेजा गया।

### 8 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामला

## सीबीआई ने 20 साल बाद आरोपी को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लंबे समय से फरार चल रहे घोषित अपराधी मणि एम शेखर को 8 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में, अपराध के लगभग दो दशक बाद, गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी उन्नत इमेज सर्च और तुलनात्मक उपकरणों की मदद से संभव हुई, जिससे उसके डिजिटल फुटप्रिंट्स का पता लगाने और उसकी वर्तमान पहचान स्थापित करने में मदद मिली। यह मामला 1 अगस्त 2006 का है, जब सीबीआई ने इंडो मार्क्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रामानुजम मुथुरामलिंगम शेखर उर्फ आरएम शेखर और इंडो मार्क्स एवं बीटीसी होम प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक उनकी पत्नी मणि एम शेखर सहित कई आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। दोनों ने कथित तौर पर 2002 और 2005 के बीच भारतीय स्टेट बैंक, ओवरसीज शाखा, बेंगलुरु के साथ 8 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने की साजिश रची थी। उन पर इंडो मार्क्स और उसकी सहयोगी कंपनियों के नाम पर गैर-फंड आधारित क्रेडिट सीमाओं का बेईमानी से दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। जांच के बाद, सीबीआई ने 10 दिसंबर 2007 को आरोपपत्र दाखिल किया। हालाँकि, दोनों मुख्य अभियुक्त अदालती समन या वारंट का जवाब देने में विफल रहे।

### सिद्धारमैया ने दी भाजपा को सलाह,

## दलित नेता को प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराधिकारी घोषित करने का बढ़िया मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को भाजपा को सुझाव दिया कि अब उसके पास अगले प्रधानमंत्री के रूप में एक दलित नेता को नामित करने का सुनहरा मौका है क्योंकि नरेंद्र मोदी 75 वर्ष के हो गए हैं और आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने प्रधानमंत्री के राजनीतिक संन्यास का संकेत दिया है। सिद्धारमैया ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को संबोधित एक मीडिया बयान में कहा कि उन्हें कांग्रेस पर समय बर्बाद करने के बजाय अपनी पार्टी पर विचार करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल की शुरुआत आप खुद से करें। दूसरों को उपदेश देने के बजाय, आप भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में किसी दलित नेता का नाम क्यों नहीं सुझाते? चाहे वह गोविंद करजोल हों या चलवाडी नारायणस्वामी, अगर आप उनके नाम प्रस्तावित करते हैं, तो मैं आपको सबसे पहले बधाई दूँगा। करजोल और नारायणस्वामी अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले भाजपा नेता हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें।

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। मन प्रसन्न बना रहेगा।

**सिंह :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत: आलस्य का त्याग करें।

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा।

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा।



## पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VI 'क'

**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या :– 690L भू0अ0, पलामू, दिनांक :– 14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–मलवरिया, थाना सं0–396, थाना–हुसैनाबाद, अंचल– हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–मलवरिया, थाना सं0–396, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 3.4510 एकड़ यानि 1.3966 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–मलवरिया, थाना सं0– 396 कुल रकबा– 3.4510 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 45 | 222 | गै0मा0 | नहर | 3.4290 | सिंचाई विभाग झारखण्ड सरकार | | | | |
| 2 | 46 | 217 | गै0मा0 | नाला | 0.0220 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू | अपर समाहर्त्ता पलामू | उपायुक्त पलामू

PR 357533 Palamu (25-26)_D

## पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VI 'क'

**झारखण्ड सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

### प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**संख्या :–690K भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–महुअरी, थाना सं0–387, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–महुअरी, थाना सं0–387, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 1.0370 एकड़ यानि 0.4196 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–महुअरी, थाना सं0– 387 कुल रकबा– 1.0370 एकड

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 3 | 1624 | रैयती | धान–3 | 0.0170 | अमरनाथ सिंह वो कुंवर सिंह वो स्वयंबर सिंह पिता बद्री सिंह | | | | |
| 2 | 3 | 1625 | रैयती | धान–2 | 0.0160 | अमरनाथ सिंह वो कुंवर सिंह वो स्वयंबर सिंह पिता बद्री सिंह | | | | |
| 3 | 12 | 1626 | रैयती | धान–2 | 0.0360 | इन्द्रदेव तिवारी वो मानदेव तिवारी वो पृथ्वीनाथ तिवारी पिता बालकेश्वर तिवारी | | | | |
| 4 | 12 | 1740 | रैयती | धान–2 | 0.0210 | इन्द्रदेव तिवारी वो मानदेव तिवारी वो पृथ्वीनाथ तिवारी पिता बालकेश्वर तिवारी | | | | |
| 5 | 12 | 1741 | रैयती | धान–2 | 0.0140 | इन्द्रदेव तिवारी वो मानदेव तिवारी वो पृथ्वीनाथ तिवारी पिता बालकेश्वर तिवारी | | | | |
| 6 | 51 | 1724 | रैयती | टाड़–2 | 0.0050 | नन्दकिशोर तिवारी वो अवध तिवारी वो नवल किशोर तिवारी पिता बिगू तिवारी | | | | |
| 7 | 51 | 1725 | रैयती | टाड़–2 | 0.0150 | नन्दकिशोर तिवारी वो अवध तिवारी वो नवल किशोर तिवारी पिता बिगू तिवारी | | | | |
| 8 | 51 | 1726 | रैयती | टाड़–2 | 0.0060 | नन्दकिशोर तिवारी वो अवध तिवारी वो नवल किशोर तिवारी पिता बिगू तिवारी | | | | |
| 9 | 51 | 1727 | रैयती | टाड़–2 | 0.0030 | नन्दकिशोर तिवारी वो अवध तिवारी वो नवल किशोर तिवारी पिता बिगू तिवारी | | | | |
| 10 | 51 | 1732 | रैयती | धान–2 | 0.0520 | नन्दकिशोर तिवारी वो अवध तिवारी वो नवल किशोर तिवारी पिता बिगू तिवारी | | | | |
| 11 | 51 | 1734 | रैयती | धान–2 | 0.0190 | नन्दकिशोर तिवारी वो अवध तिवारी वो नवल किशोर तिवारी पिता बिगू तिवारी | | | | |
| 12 | 51 | 1736 | रैयती | धान–2 | 0.0190 | नन्दकिशोर तिवारी वो अवध तिवारी वो नवल किशोर तिवारी पिता बिगू तिवारी | | | | |
| 13 | 131 | 1637 | रैयती | धान–2 | 0.0700 | रामराज तिवारी पिता झगड़ी तिवारी | | | | |
| 14 | 131 | 1638 | रैयती | धान–2 | 0.0280 | रामराज तिवारी पिता झगड़ी तिवारी | | | | |
| 15 | 134 | 1628 | रैयती | धान–2 | 0.0160 | रामलखन तिवारी पिता जयराम तिवारी | | | | |
| 16 | 134 | 1629 | रैयती | धान–2 | 0.0230 | रामलखन तिवारी पिता जयराम तिवारी | | | | |
| 17 | 134 | 1739 | रैयती | धान–2 | 0.0220 | रामलखन तिवारी पिता जयराम तिवारी | | | | |
| 18 | 134 | 1743 | रैयती | धान–2 | 0.0280 | रामलखन तिवारी पिता जयराम तिवारी | | | | |
| 19 | 134 | 1744 | रैयती | धान–2 | 0.0410 | रामलखन तिवारी पिता जयराम तिवारी | | | | |
| 20 | 153 | 1738 | रैयती | निज | 0.0160 | शकन्तला देवी पिता लालमनी दुबे | | | | |
| 21 | 153 | 1742 | रैयती | निज | 0.0050 | शकुन्तला देवी पिता लालमनी दुबे | | | | |
| 22 | 167 | 1627 | रैयती | धान–2 | 0.0310 | मदन तिवारी पिता सुमेरन तिवारी | | | | |
| 23 | 180 | 1639 | गै0मा0 | बांध | 0.0040 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 24 | 180 | 1730 | गै0मा0 | पइन | 0.0140 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 25 | 180 | 1766 | गै0मा0 | बांध | 0.0430 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 26 | 180 | 1768 | गै0मा0 | पइन | 0.0240 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 27 | 182 | 1731 | भारत सरकार पूर्वी रेलवे | रास्ता | 0.4490 | भारत सरकार पूर्वी रेलवे | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 357532 (Palamu)25-26*D

## पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VI 'क'

**झारखण्ड सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**संख्या :–690P भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–एकौनी, थाना सं0–394, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–एकौनी, थाना सं0–394, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 3.551 एकड़ यानि 1.4366 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–एकौनी थाना सं0– 394, कुल रकबा– 3.550 एकड

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 7 | 334 | रैयती | धान–2 पेड़–1 | 0.0110 | कन्हाई यादव वो लोकनाथ यादव पिता विगन यादव | | | | |
| 2 | 7 | 335 | रैयती | धान–2 कच्चा मकान | 0.0130 | तदैव | | | | |
| 3 | 16 | 458 | रैयती | धान–2 | 0.0100 | कलेशर शर्मा पिता बुधन शर्मा | | | | |
| 4 | 24 | 367 | रैयती | धान–2 | 0.0370 | कोनाप यादव पिता मनोहर यादव | | | | |
| 5 | 26 | 326 | रैयती | धान–2 | 0.005 | गणेशी यादव वो महेशी यादव पिता मुसन यादव | | | | |
| 6 | 26 | 344 | रैयती | टाड़–2 | 0.0180 | गणेशी यादव वो महेशी यादव पिता मुसन यादव | | | | |
| 7 | 32 | 462 | रैयती | धान–2 | 0.0120 | घुरा शर्मा पिता धनि शर्मा वो देवलगन शर्मा पिता जगधारी शर्मा | | | | |
| 8 | 35 | 176 | रैयती | टाड़–2 | 0.0060 | चनरदेव यादव वो चन्द्रीका यादव उर्फ जटा यादव वो मुन्द्रिका यादव पिता पांच कौडी यादव | | | | |
| 9 | 35 | 178 | रैयती | टाड़–2 | 0.057 | चनरदेव यादव वो चन्द्रीका यादव उर्फ जटा यादव वो मुन्द्रिका यादव पिता पांच कौडी यादव | | | | |
| 10 | 35 | 182 | रैयती | टाड़–2 | 0.043 | चनरदेव यादव वो चन्द्रीका यादव उर्फ जटा यादव वो मुन्द्रिका यादव पिता पांच कौडी यादव | | | | |
| 11 | 35 | 194 | रैयती | टाड़–2 | 0.0250 | चनरदेव यादव वो चन्द्रीका यादव उर्फ जटा यादव वो मुन्द्रिका यादव पिता पांच कौडी यादव | | | | |
| 12 | 35 | 196 | रैयती | टाड़–2 | 0.0500 | चनरदेव यादव वो चन्द्रीका यादव उर्फ जटा यादव वो मुन्द्रिका यादव पिता पांच कौडी यादव | | | | |
| 13 | 35 | 517 | रैयती | धान–2 | 0.003 | चनरदेव यादव वो चन्द्रीका यादव उर्फ जटा यादव वो मुन्द्रिका यादव पिता पांच कौडी यादव | | | | |
| 14 | 35 | 518 | रैयती | टाड़–2 | 0.041 | चनरदेव यादव वो चन्द्रीका यादव उर्फ जटा यादव वो मुन्द्रिका यादव पिता पांच कौडी यादव | | | | |
| 15 | 37 | 184 | रैयती | टाड़–2 | 0.0080 | चरितर यादव वो ओरेन यादव पिता मिठु यादव | | | | |
| 16 | 37 | 203 | रैयती | धान–2 | 0.0330 | चरितर यादव वो ओरेन यादव पिता मिठु यादव | | | | |
| 17 | 37 | 340 | रैयती | धान–2 | 0.0160 | चरितर यादव वो ओरेन यादव पिता मिठु यादव | | | | |
| 18 | 37 | 365 | रैयती | धान–2 | 0.0130 | चरितर यादव वो ओरेन यादव पिता मिठु यादव | | | | |
| 19 | 40 | 333 | रैयती | टाड़–2 | 0.0120 | जगदीश गिरी वो मुनेश्वर गिरी पिता रधुपत गिरी | | | | |
| 20 | 44 | 550 | रैयती | टाड़–2 | 0.0030 | जय यादव उर्फ चन्द्रीका यादव पिता पांच कैरी यादव वो राम जीवन यादव पिता चन्द्रदेव यादव | | | | |
| 21 | 44 | 551 | रैयती | टाड़–2 | 0.0110 | जय यादव उर्फ चन्द्रीका यादव पिता पांच कैरी यादव वो राम जीवन यादव पिता चन्द्रदेव यादव | | | | |
| 22 | 49 | 321 | रैयती | धान–2 कच्चा पक्का मकान | 0.003 | टिकर यादव उर्फ कलेश यादव पिता जगदेव यादव | | | | |
| 23 | 49 | 345 | रैयती | टाड़–2 | 0.0150 | टिकर यादव उर्फ कलेश यादव पिता जगदेव यादव | | | | |
| 24 | 56 | 519 | रैयती | टाड़–2 | 0.0030 | कलेश्वर मिस्त्री पिता बुधन मिस्त्री वो घुरा मिस्त्री पिता धनी मिस्त्री | | | | |
| 25 | 62 | 200 | रैयती | धान–2 | 0.0250 | नागेश्वर यादव पिता सरगेरी यादव | | | | |
| 26 | 62 | 349 | रैयती | टाड़–2 | 0.0270 | नागेश्वर यादव पिता सरगेरी यादव | | | | |
| 27 | 77 | 521 | रैयती | टाड़–2 | 0.0510 | बिगु राम पिता अकलु राम | | | | |
| 28 | 86 | 337 | रैयती | टाड़–2 | 0.0140 | नेमन यादव पिता छटु यादव वो भिखम यादव वो परिखन यादव वो दुखन यादव पिता विशुन यादव | | | | |
| 29 | 86 | 364 | रैयती | धान–2 | 0.0150 | नेमन यादव पिता छटु यादव वो भिखम यादव वो परिखन यादव वो दुखन यादव पिता विशुन यादव | | | | |
| 30 | 87 | 186 | रैयती | टाड़–2 | 0.0090 | भिखन यादव वो परिखन यादव वो दुखन यादव पिता विशुन यादव | | | | |
| 31 | 87 | 199 | रैयती | धान–2 | 0.0300 | भिखन यादव वो परिखन यादव वो दुखन यादव पिता विशुन यादव | | | | |
| 32 | 90 | 563 | रैयती | टाड़–2 | 0.0210 | भिखन यादव वो परिखन यादव वो दुखन यादव पिता विशुन यादव | | | | |
| 33 | 94 | 535 | रैयती | टाड़–2 | 0.2030 | करमदेव भारती वो धरमदेव भारती पिता गौरी भारती | | | | |
| 34 | 94 | 537 | रैयती | टाड़–2 | 0.0500 | करमदेव भारती वो धरमदेव भारती पिता गौरी भारती | | | | |
| 35 | 94 | 562 | रैयती | टाड़–2 | 0.060 | करमदेव भारती वो धरमदेव भारती पिता गौरी भारती | | | | |
| 36 | 97 | 204 | रैयती | टाड़–2 | 0.0240 | मानदेव यादव वो सुरेन्द्र यादव पिता महाबीर यादव | | | | |
| 37 | 99 | 197 | रैयती | टाड़–2 | 0.0230 | मानदेव यादव वो सुरेन्द्र यादव पिता महाबीर यादव | | | | |
| 38 | 117 | 323 | रैयती | टाड़–2 | 0.0010 | रामदास यादव वो कन्हाई यादव वो कैलास यादव वो लोकनाथ यादव पिता विगन यादव | | | | |
| 39 | 117 | 324 | रैयती | धान–2 पक्का मकान पेड़–1 | 0.003 | रामदास यादव वो कन्हाई यादव वो कैलास यादव वो लोकनाथ यादव पिता विगन यादव | | | | |
| 40 | 117 | 346 | रैयती | टाड़–2 | 0.003 | रामदास यादव वो कन्हाई यादव वो कैलास यादव वो लोकनाथ यादव पिता विगन यादव | | | | |
| 41 | 117 | 347 | रैयती | टाड़–2 | 0.0230 | रामदास यादव वो कन्हाई यादव वो कैलास यादव वो लोकनाथ यादव पिता विगन यादव | | | | |
| 42 | 117 | 348 | रैयती | टाड़–2 | 0.0100 | रामदास यादव वो कन्हाई यादव वो कैलास यादव वो लोकनाथ यादव पिता विगन यादव | | | | |
| 43 | 133 | 183 | रैयती | टाड़–2 | 0.0160 | राम प्यारी यादव पिता दुलार यादव | | | | |
| 44 | 133 | 341 | रैयती | धान–2 | 0.0170 | राम प्यारी यादव पिता दुलार यादव | | | | |
| 45 | 133 | 366 | रैयती | धान–2 | 0.0120 | राम प्यारी यादव पिता दुलार यादव | | | | |
| 46 | 142 | 368 | रैयती | धान–2 | 0.0370 | ललु राम वो मोहन राम पिता वृक्ष राम | | | | |
| 47 | 145 | 332 | रैयती | धान–2 पक्का मकान | 0.039 | लक्षुमन गिरी वो देव नन्दन गिरी वो देव अंशर गिरी वो जगरनाथ गिरी पिता शिव सरन गिरी | | | | |
| 48 | 145 | 454 | रैयती | धान–2 | 0.010 | लक्षुमन गिरी वो देव नन्दन गिरी वो देव अंशर गिरी वो जगरनाथ गिरी पिता शिव सरन गिरी | | | | |
| 49 | 145 | 456 | रैयती | धान–2 | 0.1200 | लक्षुमन गिरी वो देव नन्दन गिरी वो देव अंशर गिरी वो जगरनाथ गिरी पिता शिव सरन गिरी | | | | |
| 50 | 145 | 554 | रैयती | धान–2 | 0.0410 | लक्षुमन गिरी वो देव नन्दन गिरी वो देव अंशर गिरी वो जगरनाथ गिरी पिता शिव सरन गिरी | | | | |
| 51 | 80 | 368/1867 | रैयती | धान–2 | 0.0060 | बिरन यादव पिता सुखदेव यादव | | | | |
| 52 | 162 | 1734 | सिंचाई विभाग | नहर | 0.1560 | सिंचाई विभाग झारखण्ड सरकार | | | | |
| 53 | 164 | 177 | गै0मा0 | मोटा आर | 0.0090 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 54 | 164 | 342 | गै0मा0 | पिण्ड | 1.1970 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 55 | 164 | 343 | गै0मा0 | पिण्ड | 0.003 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 56 | 164 | 377 | गै0मा0 | पिण्ड | 0.0110 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 57 | 164 | 457 | गै0मा0 | धान–2 | 0.0130 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 58 | 164 | 463 | गै0मा0 | पिण्ड | 0.0240 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 59 | 164 | 536 | गै0मा0 | पिण्ड | 0.3910 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 60 | 164 | 547 | गै0मा0 | पिण्ड | 0.0170 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 61 | 164 | 548 | गै0मा0 | पुरानी परती | 0.0120 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 62 | 164 | 553 | गै0मा0 | धान–2 | 0.0180 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 63 | 165 | 320 | गै0 आम | रास्ता | 0.010 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 64 | 165 | 549 | गै0 आम | रास्ता | 0.3210 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 65 | 165 | 564 | गै0 आम | रास्ता | 0.0070 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 66 | 165 | 1733 | गै0 आम | रास्ता | 0.0230 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।


जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 357540 (Palamu) 25-26 (D)

# इराक के शॉपिंग मॉल में आग, 60 लोगों की मौत

## 5 दिन पहले ही खुला था, मॉल मालिक के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली । एजेंसी**



इराक के कुट शहर के एक बड़े सुपरमार्केट में भीषण आग लगने से अब तक 60 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग लापता हैं। कुट के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने रॉयटर्स न्यूज एजेंसी को बताया कि 59 मृतकों की पहचान कर ली है, लेकिन एक शव इतना जल गया है कि उसकी पहचान करना बहुत मुश्किल है। इलाके के गवर्नर ने बताया कि इमारत और मॉल के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मॉल 5 दिन पहले ही खुला था। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

**हादसे की वजह पता नहीं :** फिलहाल आग लगने की असली वजह सामने नहीं आई है, लेकिन गवर्नर ने बताया है कि घटना की जांच शुरू हो गई है और अगले 48 घंटों में शुरुआती रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि शहर की एक पांच मंजिला इमारत आग की चपेट में है और दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। आग की शुरुआत पहली मंजिल से हुई और तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, आग की शुरुआत एक एयर कंडीशनर में विस्फोट से हुई थी। हादसे के बाद पूरे प्रांत में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है।

### 45 लोगों की बचाया गया

वायरल वीडियो में 5 मंजिला इमारत से भयंकर लपटें और धुआं दिखाई दे रहा है, जिसमें फायर फाइटर्स की टीम आग बुझाने और लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। इराक के गृह मंत्रालय के मुताबिक, सिविल डिफेंस टीमों ने 45 से ज्यादा लोगों को बचाया, लेकिन कई लोग अभी भी लापता हैं। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने गृह मंत्री को घटनास्थल पर जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए हैं। इराक लंबे समय से आतंरिक संघर्ष से जूझ रहा है, इस वजह यहां पर सुरक्षा मानकों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। इस वजह से अक्सर इस तरह के हादसे होते रहते हैं।

## 72वीं वर्षगांठ पर अमेरिका को उत्तर कोरिया की चेतावनी



**सोल (आईएएनएस)।** उत्तर कोरिया ने गुरुवार को कोरियाई युद्ध (1950-53) में शामिल एक अमेरिकी लड़ाकू विमान के मलबे को प्रदर्शित किया। युद्धविराम समझौते की 72वीं वर्षगांठ से पहले इसका प्रदर्शन किया गया है। उत्तर कोरिया के सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले अखबार, 'रोडोंग सिनमुन' ने बताया कि "दुश्मन के ठिकाने का यह मलबा" प्योंगयांग में पितृभूमि मुक्ति युद्ध के विजय संग्रहालय के कब्जे वाले हथियार हॉल में नए सिरे से प्रदर्शित होने के बाद, आगंतुकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। प्रकाशित तस्वीरों और विवरणों से पता चलता है कि संभवतः यह मलबा कोरियाई युद्ध में शामिल एक अमेरिकी लड़ाकू विमान का है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 'रोडोंग सिनमुन' ने कहा कि इसे पिछले साल येलो सी से बरामद किया गया था। तस्वीरों में वर्दीधारी छात्र प्रदर्शनी में रखे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त मलबे को देख रहे हैं।

## इजरायली एयर स्ट्राइक के बाद स्वैदा में सीजफायर

### सीरिया ने वापस बुलाए सैनिक

**दमिश्क (आईएएनएस)।** दक्षिणी सीरिया में पांच दिनों तक चले संघर्ष के बाद सीरिया ने सीजफायर पर सहमति जताई है। इसी के साथ उसने स्वैदा शहर से अपनी सेना को वापस बुलाना शुरू कर दिया। इस बीच सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने ड्रूज नागरिकों और उनके अधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता बताया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसका ऐलान किया। उन्होंने एक्स पोस्ट पर कहा, " पिछले सप्ताह के आखिर से चल रहे सांप्रदायिक संघर्ष में शामिल पक्ष युद्धविराम के लिए विशिष्ट कदमों पर सहमत हो गए हैं।" इससे आज रात इस परेशान करने वाली और भयावह स्थिति का अंत हो जाएगा। इसके लिए सभी पक्षों को अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करना होगा और हम उनसे यही अपेक्षा करते हैं। इससे पहले दमिश्क पर इजराइली एयरस्ट्राइक के बाद अहमद अल-शरा ने ड्रूज नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा, "हम आपको किसी बाहरी पक्ष के हाथों में सौंपने के किसी भी प्रयास का विरोध करते हैं।

### टोक्यो में गिरिराज सिंह बोले

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया में भारत के दूत हैं

**टोक्यो (आईएएनएस)।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह इस समय जापान की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को टोक्यो में 16वें इंडिया ट्रेड फेयर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अगले दिन, बुधवार को, उन्होंने टोक्यो में बड़ी कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात की और भारत में निवेश का प्रस्ताव दिया। गिरिराज सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हम तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। भारत से लगभग 150 बड़े कपड़ों के व्यापारी आए हैं। यहां की बड़ी कंपनियों के साथ वन टू वन मीटिंग भी हुई और तीन दर्जन से अधिक सामूहिक मीटिंग हुई। कंपनियों से मिलकर यह बात समझ में आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरी दुनिया में फैली है। प्रधानमंत्री होने के साथ ही वह दुनिया में भारत के सबसे दूत हैं।



## पाकिस्तानी सेना ने बलूच कार्यकर्ता के घर मारा छापा

**क्वेटा (आईएएनएस)।** मानवाधिकार संस्था, बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) की सदस्य, सम्मी दीन बलूच के अनुसार, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने एक बलूच कार्यकर्ता के घर पर बिना किसी कानूनी आधार के 'अवैध छापेमारी' की। सम्मी ने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारी बुधवार शाम बलूचिस्तान में बीवाईसी कार्यकर्ता साहिबा बलूच के घर में जबरन घुस गए। एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा, "पाकिस्तानी सैन्य बलों ने एक बार फिर न्याय की बजाय धमकी को चुना है। साहिबा के पिता तीन महीने से गायब हैं। आरोप है कि पाकिस्तानी सेना ने ही उन्हें अगवा किया है। छापे के दौरान, मेरे परिवार के सदस्यों को परेशान किया गया और धमकाया गया।

## फेड रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल को ट्रंप बर्खास्त किये तो बिटकॉइन में तेजी आएगी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी मीडिया के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल को बर्खास्त करने पर आमादा हैं। वैसे तो ट्रंप प्रशासन ने इससे इंकार किया है, लेकिन न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक इसका ड्राफ्ट तैयार हो चुका है, ट्रंप कभी भी पॉवेल की बर्खास्तगी पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यदि यह होगा तो अमेरिका के इतिहास में यह अभूतपूर्व घटना होगी।और ऐसा होता है तो इससे ग्लोबल मार्केट में अमेरिकी डॉलर को बहुत नुक़सान होगा, जबकि गोल्ड व बिटकॉइन में बहुत तेजी आ सकती है। चर्चा यह भी है कि ट्रंप की रही कई पत्नियों की संतानों में से एक संतान बड़े स्तर पर बिटकॉइन के धंधे में भी है। ट्रंप ने एक धनी मुस्लिम देश में यात्रा के दौरान वहाँ के सत्ताधारी से अपनी इस संतान को मिलवाया भी था। न्यूयार्क टाइम्स में छपी पावेल वाली ख़बर के बाद बीते बुधवार सुबह अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में 0.8% तक की गिरावट आई। हालांकि ट्रंप ने कहा कि पॉवेल को हटाने की संभावना नहीं है। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा, "हम कुछ करने की योजना नहीं बना रहे हैं। मैं किसी भी संभावना से इनकार नहीं करता हूं लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत ही असंभव है।मालूम हो कि फेड की आजादी अमेरिकी वित्तीय बाजारों की नींव है। यदि लोगों को लगेगा कि यह आजादी खतरे में है, तो इससे डॉलर व अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की भारी बिक्री हो सकती है। इससे अमेरिका के बाजारों और अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका की छवि खराब हो सकती है। लेकिन बिटकॉइन व गोल्ड की कीमत में तेजी आ सकती है। चूँकि ट्रंप के सनकीपन वाले बयान व मनमानी टैक्स व अन्य तमाम कारनामों से इस वर्ष अमेरिकी बाजार में बहुत उतार-चढ़ाव हो रहा है। इस कारण ट्रंप लगातार पॉवेल की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने ब्याज दरों में 300 बेसिस पॉइंट कटौती की मांग की है। अमेरिका के इतिहास में इतनी बड़ी कटौती कभी नहीं हुई है। ट्रंप चाहते हैं कि यह दर कम हो जाए। इससे लोगों को लोन लेना आसान हो जाएगा व अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन फेड अपनी नीतियों के मुताबिक काम करता है और ट्रंप के दबाव में नहीं आना चाहता। इसके कारण बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।बाजार की यह अनिश्चितता सोने व बिटकॉइन के लिए खाद-पानी का काम कर रही है। बिटकॉइन की कीमत हाल में 122,000 डॉलर के पार पहुंच गई थी। इसी तरह सोने की कीमत में भी बहुत तेजी आई है। जबकि इसके उलट डॉलर की कीमत में बीते छमाही में लगभग 11 % गिरावट आई है। यह 1973 के बाद अमेरिकी करेंसी की वैल्यू में पहले 6 महीने में आई सबसे बड़ी गिरावट है।इसके कारण ट्रंप प्रशासन की किरकिरी हो रही है।

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनीं यूलिया स्विरीडेंको



**कीव ।** यूलिया स्विरीडेंको अब यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद यूक्रेनी संसद ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। यूलिया पहले डिप्टी पीएम और अर्थव्यवस्था मंत्री थीं। उनकी उम्र 39 साल है और वे पेशे से अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस शिमहाल की जगह ली है। बतौर डिप्टी पीएम स्विरीडेंको ने इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ खनिज डील कराने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके बाद उनकी बेहद तारीफ हुई थी। नई कैबिनेट में कुछ और बदलाव भी हुए हैं। शिमहाल अब भी कैबिनेट में रहेंगे लेकिन रक्षा मंत्री नहीं होंगे। उनकी जगह रुस्तम उमरोव पहले से ही रक्षा मंत्री बने रहेंगे। पहले जेलेंस्की ने शिमहाल को रक्षा मंत्री बनाने की बात कही थी।

## मैमनसिंह में ध्वस्त किए जा रहे घर का सत्यजीत रे के पूर्वजों से संबंध नहीं : बांग्लादेश विदेश मंत्रालय

**ढाका ।** बांग्लादेश में फिल्मकार सत्यजीत रे से जुड़े 200 साल पुराने पुश्तैनी घर को ध्वस्त करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस मामले में भारत सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए बांग्लादेश को एक पत्र भेजा था। इस पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का बयान सामने आया है।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बांग्लादेश में अभिलेखों की विस्तृत जांच से पुष्टि हुई है कि मैमनसिंह जिले में ध्वस्त की जा रही इमारत का प्रतिष्ठित बंगाली फिल्म निर्माता सत्यजीत रे या उनके पूर्वजों से कोई ऐतिहासिक या पारिवारिक संबंध नहीं है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के पत्र के अनुसार, ''बांग्लादेश सरकार ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और लेखक सत्यजीत रे की मैमनसिंह स्थित पैतृक संपत्ति, जो मूलरूप से उनके दादा प्रतिष्ठित साहित्यकार उपेंद्र किशोर रे चौधरी की थी।

### सलमान खान का खुलासा

# 'बैटल ऑफ गलवान' शारीरिक रूप से अब तक की सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण फिल्म...

सलमान खान अपनी अगली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की रिलीज़ के लिए तैयार हैं। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म लद्दाख की गलवान घाटी में 2020 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई भीषण झड़प पर आधारित है। सलमान ने हाल ही में बताया कि फिल्म में उनका किरदार शारीरिक रूप से कितना चुनौतीपूर्ण है। अभिनेता सलमान खान की मानें तो आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' शारीरिक रूप से उनके करियर की अब तक की सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण फिल्मों में से एक है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है और इसका निर्देशन 'शूटआउट एट लोखंडवाला' से मशहूर हुए अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "यह शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। हर साल, हर महीने, हर दिन यह और भी मुश्किल होता जा रहा है। मुझे अब (प्रशिक्षण के लिए) ज्यादा समय देना होगा। पहले, मैं इसके (प्रशिक्षण) लिए एक या दो सप्ताह का समय लेता था, अब मैं दौड़ लगा रहा हूं और वह सबकुछ कर रहा हूं जिसकी जरूरत है।'' खान ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, "उदाहरण के लिए 'सिकंदर' में एक्शन अलग था, किरदार अलग था। लेकिन यह शारीरिक रूप से कठिन है।




# किसानों की केंद्र सरकार से गुहार, अमेरिका से व्यापार समझौते में कृषि को शामिल न करें

- अमेरिका का चीन से 2018 से व्यापार युद्ध चल रहा है,जिससे अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा दोगुना हो गया है, इसलिए अमेरिका अपने कृषि उत्पादों को सबसे ज्यादा आबादी वाले भारत में बेचना चाहता है
- अमेरिका ख़ुद अपने किसानों के लिए 867 अरब डॉलर की सब्सिडी दिया,भारत पर सब्सिडी खत्म करने का दबाव दे रहा , सब्सिडी देने पर डब्ल्यूटीओ समझौते का उल्लंघन कह रहा है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** किसान संगठन 'भारतीय किसान समन्वय समिति' ने केन्द्र सरकार से अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में कृषि को शामिल नहीं करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि ऐसा होने से भारतीय किसानों को बहुत नुकसान होगा। संगठन ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को भी पत्र लिखा है।किसानों को डर है कि यदि मोदी सरकार ने ट्रंप सरकार के दबाव में व्यापार समझौते में कृषि को शामिल तो भारतीय किसानों के हितों को भयंकर नुकसान होगा, भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे। किसान संगठन का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर हालत में भारत के साथ व्यापार समझौते में कृषि को शामिल करने पर आमादा हैं। क्योंकि अमेरिका व चीन के बीच 2018 से व्यापार युद्ध चल रहा है। इसका असर अमेरिका के कृषि निर्यात पर पड़ा है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा लगभग दोगुना हो गया है। इसलिए, अमेरिका अपने कृषि उत्पादों को भारत जैसे बाजारों में बेचना चाहता है। उदाहरण के लिए अमेरिका से सोयाबीन का निर्यात 2022 में 34.4 अरब डॉलर था, जो 2024 में घटकर 24.5 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह, मक्का निर्यात 18.6 अरब डॉलर से घटकर 13.9 अरब डॉलर हो गया।किसान संगठन का कहना है कि अमेरिकी सरकार दुनिया में सबसे ज्यादा कृषि सब्सिडी देने वाली सरकारों में से एक है। अमेरिका के 2024 के फार्म बिल में कृषि सब्सिडी के लिए 1.5 ट्रिलियन डॉलर आवंटित किए गए हैं। इतनी बड़ी सब्सिडी की वजह से अमेरिका में कृषि उत्पादों का आयात कम होता है।

साथ ही, अमेरिकी उत्पादों को कम कीमत पर दूसरे देशों में बेचा जा सकता है। इसीलिए किसान संगठन कह रहा है कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा के लिए भारत व अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते से कृषि को मोदी सरकार पूरी तरह से बाहर रखे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसके लिए कितना भी दबाव बनावें , धमकी दें , तिकड़म करें, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके दबाव में न आवें। मालूम हो कि 'भारतीय किसान समन्वय समिति' में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु व महाराष्ट्र समेत 11 राज्यों के किसान संगठन शामिल हैं। यह संगठन किसानों के मुद्दों पर काम करता है। संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि किसानों के हितों को अनदेखा किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। हालांकि, संगठन को उम्मीद है कि सरकार क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) से हटने के फैसले की तरह ही इस मामले में भी किसानों के हित में फैसला लेगी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में किसान संगठन ने कहा है कि यदि अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों को बिना टैरिफ के भारत में आने दिया गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।




### समझौता हुआ तो डेयरी किसान भी हो जाएंगे बर्बाद

किसान संगठन का तर्क है कि यदि ऐसे सब्सिडी वाले अमेरिकी उत्पादों को भारत में आने दिया गया तो विश्व व्यापार संगठन में भारत का विरोध कमजोर हो जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भारत का डेयरी क्षेत्र अमेरिकी उत्पादों के लिए खुल गया तो भारतीय डेयरी किसानों को सालाना 1.03 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि डेयरी क्षेत्र को खोला गया तो भारत में दूध की कीमतें कम से कम 15% तक गिर सकती हैं। इससे छोटे डेयरी किसानों की आजीविका पर खराब असर पड़ेगा। किसान संगठन ने भारतीय किसानों की आजीविका को खतरे में डालने के लिए अमेरिका की आलोचना की है। अमेरिका ने भारत सरकार की ओर से सार्वजनिक खरीद योजनाओं के माध्यम से दी जाने वाली मामूली सहायता को डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन बताया है। जबकि अमेरिका ने खुद 2019 के फार्म बिल में अमेरिकी किसानों के लिए 867 अरब डॉलर की सब्सिडी आवंटित की थी। वहीं, ओईसीडी के अध्ययन के अनुसार, 2000-2016 के दौरान भारतीय किसानों के लिए कुल उत्पादक समर्थन अनुमान नकारात्मक 14 % था।

### सरकारी नीति से देश की खाद्य तेल आत्मनिर्भरता खत्म, 70% आयात हो रहा

किसान संगठन ने खाद्य तेल के मुद्दे पर भी बात की। उसने कहा कि अमेरिका दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोयाबीन तेल का निर्यातक है। भारत कभी खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भर था, लेकिन अब उसे अपनी जरूरत का लगभग 70 % आयात करना पड़ता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सरकार ने किसान विरोधी व्यापार नीतियां अपनाई हैं। 31 मई को भारत ने कच्चे पाम तेल, सोयाबीन तेल और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क 20 %से घटाकर 10 % कर दिया। सरकार ने कहा कि ऐसा महंगाई को कम करने के लिए किया गया है।'भारतीय किसान समन्वय समिति' का कहना है कि इस शुल्क कटौती से बड़े आयातकों को फायदा होगा। ये आयातक कच्चे खाद्य तेल का आयात और प्रसंस्करण करते हैं। किसान संगठन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़े अमेरिकी कृषि व्यवसायों का समर्थन किया है। भारत के नेताओं को भारत के छोटे किसानों की रक्षा करनी चाहिए। ये किसान ही देश को भोजन देते हैं। भारत में खाद्य तेल का उत्पादन बढ़ाने की क्षमता है। आयात शुल्क कम करने से घरेलू उत्पादन कम होगा और बड़ी प्राइवेट व विदेशी कंपनियों को फायदा होगा। इससे भारतीय किसानों को बहुत नुकसान होगा।इसलिए केन्द्र सरकार को किसानों व भारतीय कृषि को बचाने के लिए अमेरिका व उसके राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में नहीं झुकना चाहिए।





# बंद होगा डिबडीह के पास रेलवे ट्रैक से वाहनों का आवागमन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी के डिबडीह पूल के पास से जाने वाली रेलवे ट्रैक पर ट्रेन गुजरने के बाद भरी जाम की स्थिति बन जाती है। हालांकि अगर उस जगह को बेहतर तरीके से ढाला जाए तो सड़क और चौड़ी हो सकती है। सड़क से सटे हुए बिजली पोल्स को व्यवस्थित तरीके से बनाया जाए तो उस सड़क को थोड़ी और जगह मिल जाएगी। वहीं रेलवे की जमीन पर भी अवैध कब्ज़ा किया गया है। आस पास के दुकानदारों का कहना है रेलवे को जरुरत होगी कब्जे की जगह पर बने गई दिवार को हटा कर रेलवे उस जगह को वापिस ले सकती है। दूसरी तरफ सूत्रों का कहना है यह डिबडीह पूल के पास से रेलवे ट्रैक पर गाड़ियों का आवागमन बंद होने वाला है। सोइर्फ़ पैदल पाठी ही उस सडक का प्रयोग कर पाएंगे। वहीं रास्ता दूसरी तरफ से है जिसे वक्त आने पर सांकेतिक बोर्ड लगा कर लोगों को बताया जायेगा।

# भाई की जमीन हड़पने का आरोप डीडीसी पर

- डीडीसी ने कहा वे उनके देवर नहीं
- सरकार के उच्चाधिकारियों तक पहुंची शिकायत
- मामला कोर्ट में चल रहा है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के खोरहा टोली निवासी अमर शीतल तिग्गा ने नवीन मेल को जानकारी दी की उनके भाई सन्नी शीतल तिग्गा जो की बीएसएफ में कमांडेंट रह चुके हैं। वहीं इनकी पत्नी जो कि डीडीसी रैंक की अधिकारी हैं। उनके द्वारा सदर थाना क्षेत्र स्थित खोरहा टोली में रोड पर स्थित 3 कट्ठा जमीन पर कब्जा करने की कोशिश लगातार की जा रही है। अमर शीतल तिग्गा का कहना है कई बार इनके द्वारा दुकान में तोड़ फोड़ की गई है। उन्होंने कहा ये दुकाने हमारी स्वर्गीय मां के द्वारा हमारे नाम की गई थी। यही हमारे रोजी रोजगार का जरिया है। जिसे हड़पने की कोशिश सन्नी शीतल तिग्गा के द्वारा किया जा रहा है।

अमर शीतल तिग्गा ने कहा मामला पहले से सिविल कोर्ट में चल रहा है बावजूद इसके सन्नी शीतल तिग्गा और उनकी पत्नी के द्वारा जमीन को हड़पने के लिए तरह तरह की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा हैं। उन्होंने कहा सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि हमारे घर में रह रहे रेंटर्स और हमें भी लगातार टॉर्चर किया जा रहा है। अपने पद का धौंस दिखाते हुए कई बार उन्होंने हमे धमकियां भी दी है।

वहीं डीडीसी रैंक की अधिकारी स्मिता टोप्पो हैं। यह सन्नी शीतल तिग्गा की पत्नी हैं। जब नवीन मेल संवाददाता ने स्मिता टोप्पो से मामले पर उनका पक्ष जानने की कोशिश की ओर सवाल किया तो उन्होंने आलोक शीतल तिग्गा को अपना रिश्तेदार मानने से इनकार कर दिया। वहीं संवाददाता से भी सरकारी पद का धौंस दिखाते हुए बदतमीजी की। इसकी शिकायत आलोक शीतल तिग्गा के द्वारा झारखंड के उच्च अधिकारियों के पास की गई है।

# कांग्रेस सभी पंचायतों में समिति के गठन के लिए जिलों करेगी बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस पाटी झारखंड के सभी पंचायत में पंचायत समिति के गठन करेगी। झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 20 जुलाई से पूरे झारखंड के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष जिला पर्यवेक्षक ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि इस क्रम में नेताद्वय 20 जुलाई को सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष जिला पर्यवेक्षक प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड पर्यवेक्षक एवं मंडल अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे जिसके बाद जिला अध्यक्ष जिला पर्यवेक्षक ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक पर्यवेक्षक एवं शहरी निकायों के चुनाव के लिए मनोनीत पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं, 21 जुलाई को हजारीबाग में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ के ग्राम पंचायत के गठन के लिए प्रशिक्षण शिविर करेंगे। समीक्षा बैठक मैं भाग लेंगे वहीं, रात्रि विश्राम धनबाद में करेंगे। 22 जुलाई को धनबाद मं धनबाद बोकारो गिरिडीह के जिला प्रखंड मंडल अध्यक्ष पर्यवेक्षक के साथ ग्राम पंचायत समिति के गठन के लिए प्रशिक्षण शिविर में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेंगे रात्रि विश्राम हजारीबाग में करेंगे तथा 23 जुलाई को बेतला में लातेहार पलामू गढ़वा के पंचायत समिति के गठन के लिए जिला ब्लॉक मंडल अध्यक्ष एवं परवक्षकों के प्रशिक्षण शिविर एवं जिला प्रखंड अध्यक्ष पर्यवेक्षक एवं शहरी निकाय के लिए गठित पर्यवेक्षकों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेंगे जिसके बाद रात्रि विश्राम गढ़वा में करेंगे। दिनांक 24 तारीख को पूर्व सांसद स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के श्राद्ध क्रम में भाग लेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड में सीएसआर फंड का...**

नियंत्रण रखे, तो सीएसआर फंड का समुचित और उद्देश्यपूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में मंत्री ने सुझाव दिया है कि सीएसआर फंड की स्वीकृति और निगरानी की प्रक्रिया को केंद्रीकृत करते हुए इसे मुख्यमंत्री कार्यालय या संबंधित राज्य प्राधिकरण के नियंत्रण में लाया जाए।

**डीआईजी नौशाद आलम ने रंका अनुमंडलीय...**

इस पर डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि अगली बार तक सभी दस्तावेज अपडेट नहीं मिले, तो संबंधित अधिकारियों के सर्विस रिकॉर्ड में प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज की जाएगी। इससे पूर्व उन्होंने निरीक्षक कार्यालय का भी दौरा किया, जहां निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने उन्हें दस्तावेजों की जानकारी दी। डीआईजी ने संतोष जताते हुए कहा कि अधिकांश रिकॉर्ड व्यवस्थित मिले हैं। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना परिसर में स्वच्छ और अनुशासित कार्य वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनसंपर्क बेहतर करने और आम जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सावन महीने में कांवरियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। डीआईजी ने कहा कि पुलिस को हर हाल में अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और प्रतिबद्धता से करना चाहिए।


## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

**संख्या :–690F भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–नावाडीह, थाना सं0–376, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–नावाडीह, थाना सं0 –376, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 4.908 एकड़ यानि 1.9862 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–नावाडीह, थाना सं0– 376 कुल रकबा– 4.908 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 25 | 36 | रैयती | धान–2 | 0.0340 | गफुर अंसारी वो खफुर अंसारी पिता उदिन अंसारी वो नूर मोहम्मद अंसारी पिता सरफुदीन अंसारी सकीना बीबी पिता उदिन अंसारी | | | | |
| 2 | 108 | 37 | रैयती | धान–3 | 0.2810 | गफुर अंसारी वो खपुर अंसारी पिता उदिन अंसारी वो नूर मोहम्मद अंसारी पिता सरफुदीन अंसारी महजीदन व वजीदन व हमीमन खातून पिता दाउद अंसारी | | | | |
| 3 | 108 | 38 | रैयती | धान–2 | 0.0370 | समसूल अंसारी वो सदीक अंसारी पिता सुबेदार अंसारी वो हसीन बीबी पिता उद्दीन अंसारी हनीफ अंसारी वो हीम अंसारी पिता दाउद अंसारी गफुर अंसारी वो खपुर अंसारी पिता उदिन अंसारी वो नूर मोहम्मद अंसारी पिता सरफुदीन अंसारी महजीदन व वजीदन व हमीमन खातून पिता दाउद अंसारी | | | | |
| 4 | 56 | 39 | रैयती | धान–2 | 0.1940 | भिखर प्रजापति पिता अकलु प्रजापति | | | | |
| 5 | 91 | 123 | रैयती | धान–3 | 0.0280 | जगेश्वरी ठाकुर वो श्याम विहारी ठाकुर पिता जानकी ठाकुर | | | | |
| 6 | 91 | 124 | रैयती | धान–3 | 0.2810 | जगेश्वरी ठाकुर वो श्याम विहारी ठाकुर पिता जानकी ठाकुर | | | | |
| 7 | 56 | 126 | रैयती | धान–2 | 0.0090 | 1. भिखर प्रजापति पिता अकलु प्रजापति 2. हबीबुन खातून पति मोहम्मद हनीफ | | | | |
| 8 | 40 | 129 | रैयती | धान–3 | 0.1400 | परिखन सिंह वो रामाश्रय सिंह पिता बासदेव सिंह व मसोमात कंवल पति बासदेव सिंह | | | | |
| 9 | 40 | 130 | रैयती | टाड़–2 | 0.2360 | परिखन सिंह वो रामाश्रय सिंह पिता बासदेव सिंह व मसोमात कंवल पति बासदेव सिंह | | | | |
| 10 | 40 | 131 | रैयती | धान–2 | 0.0040 | परिखन सिंह वो रामाश्रय सिंह पिता बासदेव सिंह व मसोमात कंवल पति बासदेव सिंह | | | | |
| 11 | 40 | 132 | रैयती | धान–3 | 0.0060 | परिखन सिंह वो रामाश्रय सिंह पिता बासदेव सिंह व मसोमात कंवल पति बासदेव सिंह | | | | |
| 12 | 40 | 133 | रैयती | टाड़–2 | 0.0850 | परिखन सिंह वो रामाश्रय सिंह पिता बासदेव सिंह व मसोमात कंवल पति बासदेव सिंह राजमुनी देवी पति रामजतन प्रजापति | | | | |
| 13 | 109 | 134 | रैयती | टाड़–3 | 0.1330 | महजीदन अंसारी वजीदन अंसारी व हकीमन पिता दाउद अली वो हनीफ अंसारी व हातिम अंसारी पिता दाउद अली | | | | |
| 14 | 51 | 188 | रैयती | टाड़–2 | 0.1710 | बैजनाथ ठाकुर एवं जगदीश ठाकुर पिता रामजीत ठाकुर | | | | |
| 15 | 51 | 189 | रैयती | टाड़–2 | 0.0070 | बैजनाथ ठाकुर एवं जगदीश ठाकुर पिता रामजीत ठाकुर | | | | |
| 16 | 51 | 192 | रैयती | टाड़–2 | 0.0490 | बैजनाथ ठाकुर एवं जगदीश ठाकुर पिता रामजीत ठाकुर | | | | |
| 17 | 51 | 193 | रैयती | टाड़–2 | 0.0700 | बैजनाथ ठाकुर एवं जगदीश ठाकुर पिता रामजीत ठाकुर | | | | |
| 18 | 93 | 194 | रैयती | टाड़–2 | 0.0040 | श्याम बिहारी ठाकुर पिता जानकी ठाकुर व जगेशरी पति जानकी ठाकुर मानकी ठाकुर वो परमेश्वर ठाकुर पिता देवशरण ठाकुर बैजनाथ ठाकुर व जगदीश ठाकुर पिता रामजीत ठाकुर अयोध्या ठाकुर व सरयु ठाकुर पिता रामधनी ठाकुर | | | | |
| 19 | 69 | 506 | रैयती | टाड़–2 | 0.0700 | मोहदी अंसारी व उसमान अंसारी पिता कासीम अंसारी, रोस्तक अंसारी व रोज मोहम्मद अंसारी वो दोस्त मोहम्मद अंसारी वो आश मोहम्मद अंसारी वो नेजमा अंसारी व अजीम अंसारी पिता नबी अंसारी व हबीब वो हमीद अंसारी पिता इस्माईल अंसारी | | | | |
| 20 | 69 | 507 | रैयती | टाड़–2 | 0.0540 | मोहदी अंसारी वो उसमान अंसारी पिता कासीम अंसारी हबीब वो हमीद अंसारी पिता इस्माइल अंसारी वो रोस्तम अंसारी वो रोज मोहम्मद अंसारी वो दोस्त मोहम्द अंसारी वो आश मोहम्मद अंसारी वो नेजाम अंसारी वो अजीम अंसारी पिता नबी अंसारी | | | | |
| 21 | 69 | 508 | रैयती | टाड़–2 | 0.0800 | मोहदी अंसारी वो उसमान अंसारी पिता कासीम अंसारी हबीब वो हमीद अंसारी पिता इस्माइल अंसारी वो रोस्तम अंसारी वो रोज मोहम्मद अंसारी वो दोस्त मोहम्द अंसारी वो आश मोहम्मद अंसारी वो नेजाम अंसारी वो अजीम अंसारी पिता नबी अंसारी | | | | |
| 22 | 47 | 491 | रैयती | टाड़–2 | 0.1230 | बिशु प्रजापति पिता अलीयार प्रजापति | | | | |
| 23 | 51 | 492 | रैयती | टाड़–2 | 0.2510 | बैजनाथ ठाकुर एवं जगदीश ठाकुर पिता रामजीत ठाकुर | | | | |
| 24 | 69 | 493 | रैयती | टाड़–2 | 0.0340 | मोहदी अंसारी व उसमान अंसारी पिता कासिम अंसारी हबीब व हमीद अंसारी पिता ईस्माईल अंसारी वो रोस्तम अंसारी व रोज मोहम्द अंसारी व आश मोहम्मद अंसारी व नेजाम अंसारी व अजीम अंसारी पिता नबी अंसारी | | | | |
| 25 | 69 | 494 | रैयती | टाड़–2 | 0.0150 | मोहदी अंसारी व उसमान अंसारी पिता कासिम अंसारी हबीब व हमीद अंसारी पिता ईस्माईल अंसारी वो रोस्तम अंसारी व रोज मोहम्द अंसारी व आश मोहम्मद अंसारी व नेजाम अंसारी व अजीम अंसारी पिता नबी अंसारी | | | | |
| 26 | 25 | 498 | रैयती | धान–2 | 0.0080 | गफुर अंसारी वो खफुर अंसारी पिता उदिन अंसारी वो नूर मोहम्मद अंसारी पिता सरफुदीन अंसारी सकीना बीबी पिता उदिन अंसारी | | | | |
| 27 | 8 | 502 | रैयती | टाड़–2 | 0.0190 | इन्द्रदेव सिंह वो इन्द्रजीत सिंह पिता जगदयाल सिंह व राजदेव सिंह वे सहदेव सिंह पिता चनइका सिंह | | | | |
| 28 | 8 | 503 | रैयती | टाड़–2 | 0.1130 | इन्द्रदेव सिंह वो इन्द्रजीत सिंह पिता जगदयाल सिंह व राजदेव सिंह वे सहदेव सिंह पिता चनइका सिंह | | | | |
| 29 | 25 | 505 | रैयती | टाड़–2 | 0.0630 | गफुर अंसारी वो खफुर अंसारी पिता उदीन अंसारी वो नूर मोहम्मद अंसारी पिता सरफुदीन अंसारी वो सकीना बीबी पिता उदिन अंसारी | | | | |
| 30 | 29 | 515 | रैयती | टाड़–2 | 0.2610 | 1. नागमति देवी पति श्री राजेन्द्र प्रजापति 2. राजमुनी पिता श्री रामरतन प्रजापति 3. पंचम गिरी, गोपाल गिरी वो राजेन्द्र गिरी पिता श्री लक्ष्मण गिरी | | | | |
| 31 | 77 | 516 | रैयती | टाड़–2 | 0.1430 | रामजी यादव पिता चन्द्रदेव यादव | | | | |
| 32 | 77 | 517 | रैयती | टाड़–2 | 0.0790 | रामजी यादव पिता चन्द्रदेव यादव | | | | |
| 33 | 44 | 518 | रैयती | धान–2 | 0.0320 | विरन यादव पिता सुखदेव यादव | | | | |
| 34 | 49 | 570 | रैयती | धान–2 | 0.3220 | 1. विशुन प्रजापति पिता सुपधन प्रजापति 2. रामजीत प्रजापति पिता स्व0 मुन्द्रिका प्रजापति | | | | |
| 35 | 49 | 572 | रैयती | धान–2 | 0.0170 | 1. विशुन प्रजापति पिता सुपधन प्रजापति 2. रामजीत प्रजापति पिता स्व0 मुन्द्रिका प्रजापति | | | | |
| 36 | 40 | 579 | रैयती | टाड़–2 | 0.2210 | परीखन सिंह वो रामाश्रय सिंह पिता वासुदेव सिंह वो मो0 कवल पति वासुदेव सिंह वो नागमति देवी पति राजेन्द्र प्रजापति वो मुनेश्वर बैठा वो फेकु बैठा पिता भिक्षण बैठा | | | | |
| 37 | 109 | 703 | रैयती | बांध | 0.0030 | महजीदन अंसारी वो वजीदन अंसारी पिता दाउद अली वे मो0 हनीफ अंसारी वो हातिम अंसारी पिता दाउद अली | | | | |
| 38 | 44 | 704 | रैयती | टाड़–2 | 0.0440 | विरन यादव पिता सुखदेव यादव | | | | |
| 39 | 15 | 709 | रैयती | धान–2 | 0.0570 | कामेश्वर यादव पिता सुखदेव यादव | | | | |
| 40 | 43 | 562/730 | रैयती | धान–2 | 0.0110 | बीगन प्रजापति पिता बिशुन प्रजापति | | | | |
| 41 | 8 | 504 | रैयती | टाड़–2 | 0.1280 | इन्देव सिंह वो इन्द्रजीत सिंह पिता जगदयाल सिंह वो राजदेव सिंह वो सहदेव सिंह पिता चन्द्रिका सिंह | | | | |
| 42 | 114 | 21 | गै0 आम | पिन्ड | 0.0040 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 43 | 114 | 40 | गै0 आम | पिन्ड | 0.0980 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 44 | 113 | 135 | गै0 आम | टाड़–2 | 0.080 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 45 | 115 | 187 | गै0 आम | टाड़–2 | 0.1120 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 46 | 114 | 210 | गै0मा0 | टाड़–2 | 0.0460 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 47 | 116 | 216 | गै0मा0 | रेलवे सड़क | 0.2210 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 48 | 113 | 497 | गै0मा0 | बांध | 0.0170 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 49 | 113 | 580 | गै0मा0 | टाड़–2 | 0.1890 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 50 | 113 | 710 | गै0मा0 | बांध | 0.2240 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।**

**PR.NO.357528 Palamu(25-26):D**

## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VI 'क' झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या :–690U भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–ककोरिआ, थाना सं0–397, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–ककोरिआ, थाना सं0–397, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.2770 एकड़ यानि 0.1121 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–ककोरिआ, थाना सं0– 397 कुल रकबा–0.2770 एकड

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 127 | 782 | झारखण्ड सरकार | रास्ता | 0.0910 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 2 | 127 | 781 | झारखण्ड सरकार | नहर | 0.1070 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 3 | 127 | 783 | झारखण्ड सरकार | नहर | 0.0770 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 4 | 127 | 780 | झारखण्ड सरकार | रास्ता | 0.0020 | झारखण्ड सरकार | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 357548 Palamu(25-26)D

## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

**संख्या :–692 (B)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–15/07/2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–सिंगरा खुर्द, थाना सं0–194, थाना–सदर मेदिनीनगर, अंचल–सदर मेदिनीनगर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना Construction Of ROB at EP No:- 291/27, 291/28 Between Daltonganj To Rajhara Railway Near Bajraha Village At Palamu In The State Of Jharkhand Under Central Road Fund For The Year 2022-23 Job No (CRF-JHR-2022-23-65) पथ निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा– सिंगरा खुर्द, थाना सं0–194, थाना–सदर मेदिनीनगर, अंचल–सदर मेदिनीनगर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.94432 एकड़ यानि 0.382161 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–सिंगरा खुर्द, थाना सं0– 194, कुल रकबा– 0.94432 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 309 | 1903 | गै0मा0 | – | 0.392889 | लक्ष्मी शुक्ल वगै0 | | | | |
| 2 | – | 1989 | – | रेलवे | 0.413197 | – | | | | |
| 3 | 11 | 1990 | बकास्त | – | 0.138234 | किरण पाण्डेय पति अशोक कुमार पाण्डेय एवं धमेन्द्र शुक्ला पिता गुप्तेश्वर शुक्ला | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**PR.NO.357559 Palamu(25-26):D**

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

## कार्यालय:- कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू
## योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू - 822101

Office Email Id. Jppodtg2020@gmail.com

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार**

**कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**

सामयिक सूचना अंक–04/2025–26 पौधा संरक्षण, पलामू

**प्रेस विज्ञप्ति**

पलामू जिला अन्तर्गत सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024–25 अंतर्गत फसल में लगने वाले कीट/व्याधि के उपचार हेतु शत प्रतिशत अनुदान पर सभी पौधा संरक्षण केन्द्रों में कीटनाशी/फफुंदनाशी उपलब्ध है। पलामू जिले में कुल पांच पौधा संरक्षण केन्द्र है। किसान बंधु अपने–अपने प्रखण्ड से संबंधित पौधा संरक्षण केन्द्रों मे जाकर फसल में लगने वाले कीट/व्याधि के रोकथाम हेतु अनुसंशित कीटनाशी/फफुंदनाशी प्राप्त कर सकते है।

**पौधा संरक्षण केन्द्र एवं उससे संबंधित प्रखण्ड :–**

| क्र0सं0 | पौधा संरक्षण केन्द्र का नाम/पता | केन्द्र प्रभारी/ATM/BTM का नाम/मो0 नं0 | केन्द्र से सम्बद्ध प्रखण्ड का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | पौधा संरक्षण केन्द्र, मेदिनीनगर पता–कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी का कार्यालय, योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू | श्री वंशीधर महतो, कामदार मोबाईल नं0– 7739535182 | 1. मेदिनीनगर 2. चैनपुर 3. रामगढ़ 4. सतबरवा |
| 2. | पौधा संरक्षण केन्द्र, जपला पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर हुसैनाबाद | श्री विरेन्द्र प्रसाद (क्षे0परिचालक) मोबाईल नं0– 9097541910 जय गोविन्द यादव, ATM मोबाईल नं0– 9934657435 | 1. हुसैनाबाद 2. मोहम्मदगंज 3. हैदरनगर 4. उटांरी रोड 5. पाण्डु |
| 3. | पौधा संरक्षण केन्द्र, नीलाम्बर पीताम्बरपुर पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर नीलाम्बर पीताम्बरपुर | श्री वंशीधर महतो मोबाईल नं0– 7739535182 अनिल कुमार मेहता, ATM मोबाईल नं0– 7488156142 | 1. नीलाम्बर पीताम्बरपुर 2. तरहसी 3. पांकी 4. मनातू |
| 4. | पौधा संरक्षण केन्द्र, पाटन पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर पाटन | श्री वंशीधर महतो मोबाईल नं0– 7739535182 प्रकाश रंजन सिंह, ATM मोबाईल नं0– 7903591908 | 1. पाटन 2. नावाबाजार 3. पण्डवा 4. विश्रामपुर |
| 5. | पौधा संरक्षण केन्द्र, छत्तरपुर पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर छत्तरपुर | श्री विरेन्द्र प्रसाद मोबाईल नं0– 9097541910 संजय कुमार, BTM मोबाईल नं0– 8789297027 | 1. छत्तरपुर 2. पीपरा 3. हरिहरगंज 4. नौडिहाबाजार |

पौधा संरक्षण केन्द्रों पर उपलब्ध कीटनाशियों/फफुंदनाशियों का नाम :–

| | |
|---|---|
| 1. कार्बनडाजिम 50% WP | 10. एजाडिरेक्टिन 1500 PPM |
| 2. मैनकोजेब 75% WP | 11. एन.पी.भी. हेलीकोवर्पाआर्मिजेरा 2.0% AS |
| 3. हेक्साकोनाजोल 5% EC | 12. ट्रायकोर्डमा हर्जियानम |
| 4. मेटालेक्सिल 8% + मैनकोजेब 64% | 13. ट्रायकोर्डमा विराइड |
| 5. कार्बनडाजिम 12% + मैनकोजेब 63% | 14. व्यूवेरिया बसियाना 1-15% WP |
| 6. पेंडीमेथालीन 30% EC | 15. फेरोमोन ट्रैप 04 पीस ल्योर (दलहन फली छेदक हेतु) |
| 7. एट्राजीन 50% WP | 16. क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% |
| 8. क्लोरपायरीफॉस 20% EC | 17. ट्राइफलोक्सीस्ट्रोबीन 25% WG+ टेबुकोनाजोल 50% |
| 9. इमिडाक्लोप्रिड 17.8% SL | 18. क्विनालफॉस 25% EC |

नोट :– किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि कीटनाशी/फफुंदनाशी प्राप्त करने के समय अपने साथ अक्रांत फसल का फोटोग्राफ, आधार न0, प्लॉट न0 एंव मो0 नं0 से संबंधित विवरणी केन्द्र में उपलब्ध पंजी में दर्ज करायेगें तथा उपचारित रकबा का विभागीय दर पर निर्धारित छिड़काव शुल्क जमा करेगें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू

PR 357551 District (25-26)_D




# प्रगनानंदा ने वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया

## लास वेगास टूर्नामेंट में टॉप पर, मैग्नस को 30 दिन में दो बार हरा चुके हैं गुकेश

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। 19 साल प्रगनानंदा ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को केवल 39 चालों में मात दी। कार्लसन को प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हराया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकेंड अतिरिक्त मिलते हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन को हाल ही में भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश भी लगातार दो बार हरा चुके हैं।

**प्रगनानंदा संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंचे :** मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में मिली जीत के साथ आर प्रगनानंदा 4.5 पॉइंट्स के साथ आठ खिलाड़ियों वाले टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ प्रगनानंदा, कार्लसन को तीनों फॉर्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में हराने में सफल रहे।

**चार में से तीन राउंड में जीत चुके हैं प्रगनानंदा :** प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोदिर बेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ खेलकर की थी। इसके बाद दूसरे राउंड में उनका सामना असाउबायेवा से हुआ था, जिसमें वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे।

प्रगनानंदा ने अपनी लय को बरकरार रखते हुए तीसरे राउंड में काले मोहरों से खेलते हुए कीमर को हराया। चौथे राउंड में प्रगनानंदा वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के साथ संयुक्त रूप से टॉप पोजीशन पर पहुंच गए हैं।

### प्रगनानंदा के पिता बैंक में काम करते हैं, मां संभालती है घर

प्रगनानंदा का जन्म 10 अगस्त 2005 को चेन्नई में हुआ। उनके पिता स्टेट कॉर्पोरेशन बैंक में काम करते हैं, जबकि मां नागलक्ष्मी एक हाउसवाइफ हैं। उनकी बड़ी बहन वैशाली आर भी चेस खेलती हैं। प्रगनानंदा का नाम पहली बार चर्चा में तब आया, जब उन्होंने 7 साल की उम्र में वर्ल्ड यूथ चेस चैंपियनशिप जीती थी। तब उन्हें फेडरेशन इंटरनेशनल डेस एचेक्स (FIDE) मास्टर की उपाधि मिली। प्रगनानंदा 10 साल की उम्र में 2016 में शतरंज के सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर बने थे। वे 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गए। इससे पहले, वे 2016 में यंगेस्ट इंटरनेशनल मास्टर बनने का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। तब वे 10 साल के ही थे। चेस में ग्रैंडमास्टर सबसे ऊंची कैटेगरी वाले खिलाड़ियों को कहा जाता है। इससे नीचे की कैटेगरी इंटरनेशनल मास्टर की होती है। भारत के टॉप चेस प्लेयर्स में शुमार डी गुकेश, मैग्नस कार्लसन को एक महीने में दो बार हरा चुके हैं। गुकेश ने कार्लसन को 2 जून को नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में हराया था।

---

**ग्लोबल सुपर लीग 2025**

## हरिकेंस को हराकर फाइनल में पहुंचे वॉरियर्स



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने गुरुवार को ग्लोबल सुपर लीग-2025 के नौवें मैच में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ गुयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम फाइनल में पहुंच गई है, जहां उसका सामना रंगपुर राइडर्स से होगा। इस मुकाबले के हीरो गुडाकेश मोती रहे, जिन्होंने तीन विकेट लेने के अलावा उपयोगी 19 रन बनाए। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी होबार्ट हरिकेंस की टीम 16.1 ओवरों में 125 के स्कोर पर सिमट गई। हरिकेंस ने 14 के स्कोर तक अपने दो विकेट खो दिए, जिसके बाद टीम निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाती गई। हरिकेंस के लिए फेबियन एलन ने सर्वाधिक 28 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान बेन मैकडरमोट, निखिल चौधरी और मोहम्मद नबी ने 21-21 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक तीन शिकार किए, जबकि मोईन अली और इमरान ताहिर को 2-2 विकेट हाथ लगे। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम ने 16.3 ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली। हालांकि, वॉरियर्स की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही थी। बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष तीन खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। वॉरियर्स 42 के स्कोर तक अपने इन बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी।

## बेलिंगहैम ने करवाई कंधे की सर्जरी, ला लीगा मैच से बाहर



**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम ने अपने कंधे की सफल सर्जरी करवाई है। ऐसे में अब बेलिंगहैम को कम से कम छह हफ्तों के लिए मैदान से दूर रहना होगा। वह ला लीगा के शुरुआती मुकाबले नहीं खेल सकेंगे। बेलिंगहैम को नवंबर 2023 से कंधे में तकलीफ थी। ला लीगा मैच के दौरान उनका कंधा खिसक गया था। तभी से बेलिंगहैम अपनी जर्सी के नीचे सपोर्ट ब्रेस पहनकर खेलते रहे। बेलिंगहैम ने क्लब वर्ल्ड कप के बाद ही सर्जरी कराने का फैसला किया था, ताकि रियल मैड्रिड के लिए उस टूर्नामेंट में खेल सकें। हालांकि, उनकी टीम सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन से हारकर बाहर हो गई थी। रियल मैड्रिड ने अपने बयान में कहा, "बार-बार होने वाले खिसकाव की समस्या के इलाज के लिए जूड बेलिंगहैम के कंधे की सर्जरी हुई। यह ऑपरेशन डॉक्टर मैनुएल लेयेस और एंड्रयू वालेस ने रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज की निगरानी में किया। अब बेलिंगहैम रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे, जिसके बाद ट्रेनिंग शुरू कर सकेंगे। स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड अब नए मैनेजर शाबी अलोंसो के नेतृत्व में है। टीम 19 अगस्त को ओसासुना के खिलाफ घरेलू मैच से ला लीगा सीजन की शुरुआत करेगी।

---

## छत्तीसगढ़ की बेटी ने ताइवान में रचा इतिहास एशियन कैडेट जूडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**रायपुर (आईएएनएस)**




कोंडागांव की बेटी रंजीता कोरेटी ने ताइवान में आयोजित एशियन कैडेट जूडो चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'एक्स' पर रंजिता को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए लिखा, "कोंडागांव की बिटिया रंजीता कोरेटी ने ताइपे में आयोजित एशियन कैडेट जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। रंजीता की यह उपलब्धि न केवल कोंडागांव, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। हमारी बेटियां अब वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा, "राज्य बाल कल्याण परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग और समर्पित प्रशिक्षकों के सहयोग से रंजीता ने कठिन परिश्रम, लगन और अदम्य आत्मविश्वास के साथ यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने रंजीता को लड़कियों के लिए प्रेरणा बताते हुए लिखा, "मैं रंजीता कोरेटी को हृदय से बधाई देता हूं। उनकी सफलता हम सभी के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि अगर मौका और मार्गदर्शन मिले, तो बेटियां हर ऊंचाई को छू सकती हैं। हमारी सरकार बेटियों को हर स्तर पर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला एवं बाल विकास विभाग और आईटीबीपी के सहयोग से रंजीता को जूडो की ट्रेनिंग दी गई थी।

## पैट्रिक मोरोनी बने साउथ अफ्रीका पुरुष टीम के नए संयोजक चयनकर्ता

**जोहान्सबर्ग (आईएएनएस)**



क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने पैट्रिक मोरोनी को राष्ट्रीय पुरुष टीम का नया संयोजक चयनकर्ता नियुक्त किया है। साल की शुरुआत में, सीएसए ने इस पद को फिर से शुरू करने की घोषणा की थी, जिसके लिए 29 अप्रैल तक आवेदन मांगे गए थे। विक्टर म्पित्सांग के साल 2023 में हटने के बाद से यह पद खाली था। उनके जाने के बाद टेस्ट कोच शुक्री कोनराड और सीमित ओवरों के कोच रॉब वॉल्टर टीमों का चयन करते थे, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के बाद जब वॉल्टर ने पद छोड़ा, तो कोनराड ने सभी फॉर्मेट्स की जिम्मेदारी संभाल ली। पैट्रिक मोरोनी ने स्कूल स्तर पर खेल और मार्केटिंग निदेशक के रूप में काम किया है। वह कई चयन समितियों का हिस्सा रहे हैं, जिनमें यूथ मेंस टैलेंट आइडेंटिफिकेशन प्रोग्राम और लायंस क्रिकेट के चीफ सेलेक्टर जैसे पद शामिल हैं।

---

**त्रिकोणीय सीरीज**

## 10 साल बाद टी20 फॉर्मेट में न्यूजीलैंड को चुनौती देगा जिम्बाब्वे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के बीच लॉर्ड्स में 18 जुलाई को त्रिकोणीय टी20 सीरीज का तीसरा मैच खेला जाना है। करीब 10 साल बाद दोनों टीमें इस फॉर्मेट में एक-दूसरे को चुनौती देने जा रही हैं। दोनों टीमों के बीच टी20 इतिहास में अब तक कुल छह मैच खेले गए हैं, जिसमें सभी मुकाबले न्यूजीलैंड ने जीते। इस फॉर्मेट में आखिरी बार अगस्त 2015 में दोनों टीमों की भिड़ंत हुई थी। न्यूजीलैंड ने अक्टूबर 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ सात रन से जीत दर्ज की थी। इसके बाद साल 2011 में दोनों देशों के बीच दो मुकाबले खेले गए, जिसमें न्यूजीलैंड ने क्रमशः 10 विकेट और 34 रन से जीत हासिल की। इसके बाद साल 2012 में दोनों टीमें दो बार आमने-सामने आईं, जिसमें न्यूजीलैंड ने क्रमशः सात और पांच विकेट से जीत दर्ज की।

दोनों देश अगस्त 2015 में आखिरी बार इस फॉर्मेट में आमने-सामने आए, जिसमें जिम्बाब्वे को 80 रन से हार झेलनी पड़ी। न्यूजीलैंड इस त्रिकोणीय सीरीज में अपना पहला मैच जीत चुकी है, जबकि जिम्बाब्वे को अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

## पलानी, भटनागर और क्लेयर का आईसीसी मुख्य कार्यकारी समिति के लिए चयन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




गुरुमूर्ति पलानी, अनुराग भटनागर और गुरदीप क्लेयर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रभावशाली मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) के लिए चुना गया है। फ्रांस के गुरुमूर्ति पलानी, हांगकांग के अनुराग भटनागर और कनाडा के गुरदीप क्लेयर ने मुख्य कार्यकारी पदों के लिए चुनाव में जीत हासिल की, उन्होंने सुमोद दमोदर (बोत्सवाना) और शंकर रंगनाथन (सिएरा लियोन) को पछाड़ा। चुनाव जीतने वालों की पुष्टि उनके संबंधित बोर्ड के सोशल मीडिया हैंडल पर की गई। दामोदर और रेंगनाथन के अलावा, टिम कटलर (वानुअतु), स्टेला सियाले (समोआ) और सारा गोमर्सल (जर्सी) भी सीईसी चुनावों में शामिल थे। इस चुनाव में अमेरिका, एशिया, अफ्रीका, यूरोप और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 40 सहयोगी सदस्य और पांच क्षेत्रीय प्रतिनिधि शामिल थे। सीईसी, आईसीसी के सबसे शक्तिशाली बोर्ड में से एक है, जिसमें सभी पूर्ण सदस्य देशों के बोर्ड प्रतिनिधि और निर्वाचित एसोसिएट प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

## भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड की सरजमीं पर रच दिया इतिहास...

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथैम्प्टन में खेले गए पहले वनडे मैच को चार विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ भारत ने मेजबान इंग्लैंड को शिकस्त देते हुए इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम को जीत के लिए 259 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 48.2 ओवरों में हासिल कर लिया। इसी के साथ भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड में वनडे फॉर्मेट में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की है। यह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ा सफल रन चेज भी है। भारतीय महिला टीम ने वनडे फॉर्मेट में रनों का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दर्ज की है, लेकिन यह मुकाबला साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया में खेला गया था। साउथैम्प्टन में खेले गए पहले वनडे मुकाबले की बात करें, तो इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनते हुए छह विकेट गंवाकर 258 रन बनाए। मेजबान टीम 20 के स्कोर तक सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से एम्मा लैंब ने कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की। लैंब ने 50 गेंदों में चार चौकों की मदद से 39 रन बनाए, जबकि ब्रंट ने 52 गेंदों मे 41 रन की पारी खेली। टीम ने 97 के स्कोर तक इन दोनों बल्लेबाजों के भी विकेट गंवा दिए। इसके बाद सोफिया डंकले ने एलिस डेविडसन रिचर्ड्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 106 रन जोड़ते हुए टीम को मजबूत स्कोर की ओर पहुंचाया। डंकले 92 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि रिचर्ड्स ने 73 गेंदों में 53 रन की पारी खेली। इनके अलावा सोफी एक्लेस्टोन 23 रन बनाकर नाबाद रहीं।

मेहमान टीम के लिए स्नेह राणा और क्रांति गौड़ ने दो-दो शिकार किए, जबकि अमनजोत कौर और श्री चरणी को एक-एक सफलता हाथ लगी। इसके जवाब में भारत ने 10 गेंदें शेष रहते जीत दर्ज कर ली। प्रतिका रावल ने स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 48 रन जुटाए।

---

# व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत 40 देशों से खरीदता है तेल, रूसी तेल पर प्रतिबंध से कोई चिंता नहीं : हरदीप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने वैश्विक बाजार में तेल खरीदने के अपने स्रोतों में विविधता ला दी है, इसलिए सरकार रूस के तेल निर्यात पर अमेरिका की किसी भी कार्रवाई को लेकर चिंतित नहीं है। ऊर्जा वार्ता 2025 में केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि भारत वर्तमान में 40 देशों से तेल खरीदता है, जबकि 2007 में यह संख्या 27 थी और वैश्विक बाजार में इसकी पर्याप्त आपूर्ति है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, "बाजार में बहुत सारा तेल उपलब्ध है। ईरान और वेनेजुएला वर्तमान में प्रतिबंधों के अधीन हैं। लेकिन क्या वे हमेशा के लिए प्रतिबंधों के अधीन रहेंगे? ब्राजील, कनाडा और अन्य सहित कई देश उत्पादन बढ़ा रहे हैं। मैं अभी आपूर्ति को लेकर अनावश्यक रूप से चिंतित नहीं हूं। हमने अपने स्रोतों में विविधता ला दी है।" केंद्रीय मंत्री का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर सेकेंड्री सेंक्शन लगाने की घोषणा की पृष्ठभूमि में आया है। 15 जुलाई को ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगर यूक्रेन के साथ 50 दिनों के भीतर शांति समझौता नहीं हुआ तो वे रूस पर गंभीर व्यापार प्रतिबंध लगा देंगे। ट्रंप ने कहा कि रूसी निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ 100 प्रतिशत तक बढ़ा दिए जाएंगे साथ ही उन्होंने रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशों पर प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी। ट्रंप की धमकियों पर केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, "मैंने ये धमकियां सुनी हैं। कुछ बयान दो विवादित पक्षों के बीच किसी मुद्दे को सुलझाने के लिए दिए जाते हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि मॉस्को से भारत की तेल खरीद ने वैश्विक बाजार में कीमतों को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि 2022 में जब यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ, तब भारत-रूस तेल व्यापार के अभाव में कच्चे तेल की कीमतें 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती थीं। रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले भारत अपने कच्चे तेल के आयात का मात्र 0.2 प्रतिशत मॉस्को से खरीदता था। आज यह लगभग 40 प्रतिशत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की कीमत हमेशा 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा के अंतर्गत रही है, लेकिन उस पर कभी प्रतिबंध नहीं लगे। उन्होंने कहा कि भारत प्रतिबंधों के अधीन किसी देश से कच्चा तेल न खरीदने के अपने रुख पर अड़ा हुआ है।

## वारी रिन्यूएबल का मुनाफा अप्रैल-जून अवधि में तिमाही आधार पर 8.5% घटा

**मुंबई।** वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज ने गुरुवार को कहा कि अप्रैल-जून अवधि (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही) में उसका शुद्ध लाभ तिमाही आधार पर 8.51 प्रतिशत घटकर 86.3 करोड़ रुपए रह गया है, जबकि पिछली तिमाही (वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही) में कंपनी का शुद्ध लाभ 94 करोड़ रुपए था। स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार, परिचालन से प्राप्त राजस्व समीक्षाधीन तिमाही में 603 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में यह 476.5 करोड़ रुपए था।

## अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 7,150 करोड़ रुपए जुटाए

**अहमदाबाद ।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने गुरुवार को कहा कि कंपनी ने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी विल्मर इंटरनेशनल की सहायक कंपनी, लेंस प्राइवेट लिमिटेड को 275 रुपए प्रति शेयर की दर से बेचने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस डील से एईएल को करीब 7,150 करोड़ रुपए मिलेंगे। इस ताजा डील के बाद एडब्ल्यूएल में 64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ विल्मर एक बड़ा शेयरधारक बन जाएगा। एईएल की सहायक कंपनी, अदाणी कमोडिटीज एलएलपी (एसीएल) के पास वर्तमान में एडब्ल्यूएल में 30.42 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह बिक्री अदाणी द्वारा एडब्ल्यूएल में अपनी पूरी 44 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश और एफएमसीजी ज्वाइंट वेंचर से बाहर निकलने की योजना का अगला चरण है।

## शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 375 अंक फिसला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ।



कारोबार के अंत में सेंसेक्स 375.24 अंक या 0.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,259.24 और निफ्टी 100.60 अंक या 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,111.45 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 101.55 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,519.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 22.75 अंक या 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,117.30 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा हरे निशान में बंद हुए। फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और एनर्जी लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, ट्रेंट, टाइटन, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), एलएंडटी, टीसीएस, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे।

## एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस होने से वैश्विक स्तर पर आईटी खर्च 5.43 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

2025 में दुनिया भर में आईटी खर्च 5.43 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2024 की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। इसकी वजह एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अधिक फोकस होना है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। आईटी कंसल्टेंसी फर्म गार्टनर ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण कारोबार में मंदी के बावजूद एआई केंद्रित इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च आईटी क्षेत्र में खर्च को बढ़ावा देगा। गार्टनर के विशिष्ट उपाध्यक्ष विश्लेषक जॉन-डेविड लवलॉक ने कहा, "वैश्विक अनिश्चितता में वृद्धि के कारण शुद्ध-नए खर्च पर व्यावसायिक विराम है, लेकिन एआई और जनरेटिव एआई (जेनएआई) डिजिटलीकरण पहलों के कारण यह प्रभाव कम हो रहा है। उदाहरण के लिए, अनिश्चितता के कारण 2025 में सॉफ्टवेयर और सेवाओं पर खर्च की वृद्धि धीमी होने की उम्मीद है, लेकिन डेटा सेंटर सिस्टम जैसे एआई से संबंधित इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च में वृद्धि जारी है। लवलॉक ने कहा, "जेनएआई के कारण डेटा केंद्रों में तेजी देखी जा रही है, और एआई अनुकूलित सर्वरों पर खर्च, जो 2021 में लगभग न के बराबर था, 2027 तक पारंपरिक सर्वरों की तुलना में तीन गुना बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिस्पर्धात्मकता एक प्रमुख कारण है, जिसके कारण कंपनियां इस बिगड़ते परिवेश में टेक्नोलॉजी और व्यावसायिक परिवर्तन में निवेश करेंगे।




## सोना-चांदी के दाम में मामूली गिरावट लगातार तीसरे दिन कम हुई कीमतें

**नई दिल्ली ।** सोना और चांदी की कीमतों में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में बुधवार के मुकाबले 47 रुपए की मामूली गिरावट आई है। वहीं, चांदी की कीमत भी लगभग 200 रुपए कम हो गई है।इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 47 रुपए कम होकर 97,453 रुपए हो गया है, जो कि पहले 97,500 रुपए था। इसी तरह 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम भी 43 रुपए कम होकर 89, 267 रुपए हो गया है, जो कि पिछले कारोबारी दिन 89,310 रुपए दर्ज किया गया था।



## भारत का मेडिकल टूरिज्म मार्केट 2035 तक 58.2 अरब डॉलर होगा

**नई दिल्ली ।** भारत का मेडिकल टूरिज्म मार्केट 2025 में 18.2 अरब डॉलर से बढ़कर 2035 तक 58.2 अरब डॉलर का हो जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) द्वारा केपीएमजी के सहयोग से तैयार की गई इस रिपोर्ट में 2035 तक ग्लोबल मेडिकल कब बनने के देश के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण को दर्शाया गया है, जो 12.3 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ रहा है। यह रिपोर्ट एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय रणनीति की भी रूपरेखा प्रस्तुत करती है जो भारत की क्लिनिकल विशेषज्ञता को उसकी सदियों पुरानी स्वास्थ्य परंपराओं के साथ इंटीग्रेट करती है, जिसका लक्ष्य देश को मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) के लिए दुनिया का सबसे विश्वसनीय गंतव्य बनाना है।